रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 01 फरवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-161 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### आप के चार विधायकों ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आप के चार विधायकों ने पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। आप के चार विधायकों राजेश ऋषि, नरेश यादव और रोहित कुमार महरौलिया और भावना गौड़ ने पार्टी से इस्तीफे की घोषणा की। जनकपुरी से दो बार के विधायक राजेश ऋषि ने आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल को भेजे इस्तीफे में आरोप लगाया कि पार्टी मूल सिद्धांतों को त्यागकर भ्रष्टाचार में डूब गई है। उन्होंने कहा संतोष कोली के बलिदान के साथ गलत व्यवहार किया गया।

### सोनिया की विवादित टिप्पणी को लेकर बचाव में उतरे खरगे-प्रियंका

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी की टिप्पणी को लेकर उठे विवाद पर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि गांधी और कांग्रेस किसी का अपमान नहीं करती है। उन्होंने भाजपा पर ही राष्ट्रपति का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश की आदिवासी राष्ट्रपति का अपमान भाजपा ने नये संसद भवन के उद्घाटन समारोह तथा राम मंदिर में रामलला को विराजमान करते समय ही कर दिया था और दोनों कार्यक्रमों में मुर्मु को आमंत्रित नहीं किया गया।

### फिरोजपुर में ट्रक-पिकअप वाहन टक्कर में नौ लोगों की मौत, कई घायल

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर में गुरुहरसहाय- फिरोजपुर मार्ग पर गोलू का मोड़ के नजदीक एक पिकअप वाहन और सड़क के बीच खड़े ट्रक में टक्कर होने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक पिकअप ट्रक में करीब 25 से 30 लोग सवार थे। पिकअप में सवार लोग वेटर बताए जा रहे हैं और एक शादी समारोह में जा रहे थे। तभी गुरु हर सहाय विधानसभा क्षेत्र के गोलू का मोड़ के पास यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया कि ट्रक सड़क के बीच में खड़ा था।

# बजट आज : मोदी 3.0 में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिखेगी झलक

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज अपना आठवां आम बजट पेश कर एक नया इतिहास रचेंगी। वित्त मंत्री ने आम बजट 2025-26 को अंतिम रूप दिया। सीतारमण ने नार्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्रालय में बजट की तैयारियों में लगे अधिकारियों और मंत्रालय के सचिवों से चर्चा की और बजट को अंतिम रूप दिया। इस दौरान वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद थे। यह मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट है और बजट आमतौर पर सुबह 11 बजे लोकसभा में पेश किया जाता है तथा उसके बाद उसे राज्यसभा के पटल पर भी रखा जाता है। वित्त मंत्री के रूप में सीतारमण का यह आठवां बजट होगा, जिसमें अब तक उनके द्वारा पेश किए गए दो अंतरिम बजट भी शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार की पूरी कोशिश वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की है और वित्त मंत्री का पूरा जोर इस वर्ष भी पिछले वर्ष की तरह ही बुनियादी क्षेत्र पर व्यय, सामाजिक कल्याण, ग्रामीण भारत के साथ ही अर्थव्यवस्था में हाल में आई नरमी को गति देने के उपायों पर हो सकती है। इसमें आम लोगों विशेषकर नौकरीपेशा लोगों को भी राहत मिल सकती है ताकि उनकी व्यय योग्य आय में वृद्धि हो सके और उनके व्यय से अर्थव्यवस्था को गति देने में मदद मिल सके। आमतौर पर शनिवार को शेयर बाजार में अवकाश होता है, लेकिन बजट पेश किये जाने के मद्देनजर कल शेयर बाजार खुले रहेंगे। शेयर बाजार द्वारा जारी एक सर्कुलर में इसकी पुष्टि की गई है। शनिवार को बाजार अपने नियमित समय के साथ सामान्य रूप से संचालित होंगे। इसके साथ ही सीतारमण 10 बार बजट पेश करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड के और करीब पहुंचेंगी। पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के नाम 10 बार बजट पेश करने का कीर्तिमान है। देसाई ने 1959-1964 के बीच वित्त मंत्री के रूप में लगातार छह बार बजट पेश किए थे और 1967-1969 के बीच चार बार बजट पेश किए थे।

## सामूहिक सामर्थ्य, नवान्वेषण से बनेगा 2047 का विकसित भारत : राष्ट्रपति मुर्मु



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि सरकार विकास में सबकी भागीदारी को महत्व देते हुए किसान, मजदूर, नौकरी पेशा मध्यम वर्ग, महिलाओं की हिस्सेदारी को सुनिश्चित कर विश्व बंधु की भूमिका में ग्लोबल साउथ (दक्षिण गोलार्द्ध के विकासशील और गरीब देशों के समूह) की प्राथमिकताओं के साथ तीसरी आर्थिक शक्ति बन रहे देश को 2047 में विकसित भारत बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रही है। मुर्मु ने संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार विकसित भारत के विजन में जनभागीदारी के सामूहिक सामर्थ्य को महत्व देते हुए देश की आर्थिक उन्नति के रोडमैप को सशक्त बना रही है और अपने तीसरे कार्यकाल में जो कदम उठा रही है उसमें आर्थिक गति बढ़ाने के लिए ढांचागत विकास, कृषि विकास, सामाज के हर वर्ग को विकास की धारा से जोड़कर सबके विकास को सुनिश्चित को विशेष महत्व दे रही है। देश में सभी को भोजन और आवास मिले इस योजना को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार कर तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नये घर देने का निर्णय लिया है। इसके लिए पांच लाख छत्तीस हज़ार करोड़ रुपए खर्च किए जाने की योजना है। सरकार के विकसित भारत के विजन में जनभागीदारी के सामूहिक सामर्थ्य को महत्व देते हुए देश की आर्थिक उन्नति के रोडमैप को मजबूत बनाया जा रहा है।

# 15 फिट लंबा बांस मजदूर के पेट में घुसा, श्री बालाजी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर बचाई जान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के डॉक्टरों ने एक मरीज की ऑपरेशन से जान बचाई है। मजदूर के पेट में करीब 15 फिट लंबा बांस घुस गया था और ऑपरेशन से पहले डॉक्टरों को ऑपरेशन थिएटर में कारपेंटर की मदद भी लेनी पड़ी। मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल प्रबंधन के मुताबिक जशपुर के रहने वाला एक मजदूर काम करने के दौरान फिसलकर बांस के ऊपर ही गिर गया। बांस करीब 15 फिट लंबा था, जो उसके पेट को चीरते हुए बाहर निकल गया। आनन-फानन में मरीज को एंबुलेंस से रायपुर लाने का प्रयास किया गया। लेकिन बांस काफी लंबा था, जिसके कारण मरीज को एंबुलेंस के अंदर सुलाने में परेशानी हो रही थी। बावजूद ग्रामीणों ने बांस को आधा काटा और फिर मरीज को रायपुर के श्री बालाजी हॉस्पिटल में रिफेयर किया गया। यहां डॉ. नेताजी गरड़ और डॉ पुष्पेंद्र नायक के नेतृत्व में मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया।

डॉ. नायक ने बताया कि मरीज जब अस्पताल पहुंचा तो उसके शरीर में खून की मात्रा काफी कम हो गई थी और बीपी भी रिकार्ड नहीं हो रहा था, मरीज को अस्पताल में पहले स्टेबल किया गया और बांस इतना लंबा था कि सीटी स्कैन मशीन में नहीं आ पा रहा था, इसलिए पुनः डॉक्टरों ने ऑपरेशन थिएटर में कारपेंटर को बुलाया और बांस को कटवाया। इसके बाद डॉ नेताजी गरड़, डॉ. पुष्पेंद्र नायक, डॉ सूरज जाजू और अस्पताल के अन्य डॉक्टर और एक्सपर्ट्स की टीम ने मरीज का सफल ऑपरेशन किया। मरीज अब काफी स्वस्थ्य है और उसे जल्द डिस्चार्ज की तैयारी है।

## गरीबों के कल्याण के लिये भाजपा सरकार का बनाना जरूरी : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आप पर दिल्ली को अपनी राजनीति चमकाने के लिये एटीएम (पैसा निकालने की मशीन) बनाने आरोप लगाया और कहा कि गरीबों के कल्याण के लिये राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा की सरकार बनाना जरूरी हो गया है। मोदी ने दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में अपराह्न भाजपा की एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एक दशक से अधिक समय से सत्तारूढ़ आप को 'आप-दा' की संज्ञा से संबोधित करते हुये आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर अपने आवास के निर्माण के लिये भारी धन खर्च करने को लेकर परोक्ष रूप से हमला किया। उन्होंने कहा, आप-दा सरकार ने केंद्र सरकार के बनाये हुये हजारों घर दिल्ली के गरीबों को नहीं सौंपे हैं। अपने लिए करोड़ों का शीश महल बनवाने वालों को गरीब का ये दर्द कभी समझ नहीं आयेगा। गरीबों के घर के लिए यहां भाजपा सरकार बननी जरूरी है। उन्होंने कहा, ये (आप पार्टी के लोग) टीवी पर, अखबारों में, सड़कों के किनारे अपने चेहरे चमकाने के लिये पानी की तरह पैसा बहा रहे हैं, लेकिन आपकी गली, नाली, सीवर, सड़क, पाइपलाइन... इनको बनाने के लिये आप -दा वाले पैसा नहीं देते।

## प्रदेश में रिकार्ड 149 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की हुई खरीदी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में इस खरीफ सीजन में भी धान की रिकॉर्ड खरीदी हुई है। धान खरीदी के अंतिम दिन शुक्रवार शाम 6.45 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 149 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य के 25 लाख 49 हजार पंजीकृत किसानों ने अब तक धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 31 हजार 89 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी।

## मतदान की वीडियो क्लिप सुरक्षित रखे चुनाव आयोगः सुप्रीम कोर्ट

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह मतदान की वीडियो क्लिप सुरक्षित रखें। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1,200 से बढ़ाकर 1,500 करने के फैसले के खिलाफ याचिकाओं के लंबित रहने के दौरान मतदान की वीडियो क्लिप सुरक्षित रखने का आयोग को निर्देश दिय। पीठ ने कहा, 'हम प्रतिवादी संख्या 1 को सीसीटीवी रिकॉर्डिंग बनाए रखने का निर्देश देना उचित समझते हैं, जैसा कि वे पहले कर रहे थे। पीठ ने इंदु प्रकाश सिंह की ओर से दायर जनहित याचिका पर यह आदेश पारित किया। अदालत ने चुनाव आयोग के अधिवक्ता ने जनहित याचिका पर जवाब देने के लिए समय मांगने के बाद यह निर्देश दिया और आयोग को हलफनामा दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का और समय दिया। सिंह ने भारत भर में प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के लिए अगस्त 2024 में चुनाव आयोग के पत्राचार की वैधता को चुनौती दी है। शीर्ष अदालत ने 15 जनवरी को कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश की याचिका पर केंद्र और चुनाव आयोग से जवाब मांगा था।

## एक्शन में सायः बोली का जवाब बोली से और गोली का जवाब गोली से

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के तेवर बदल चुके है। उन्होंने नक्सलियों के खिलाफ सख्त रूख अपनाते हुए कहा- हमारी नीति स्पष्ट है - बोली का जवाब बोली से और गोली का जवाब गोली से। जो भी नक्सली आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, उनके लिए हमारी सरकार द्वारा बेहतर जीवन और पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जो हिंसा का रास्ता छोड़ गणतंत्र का मार्ग अपनाते हैं, उनका स्वागत है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों में लगातार नक्सलियों द्वारा किये जा रहे आत्मसमर्पण पर सुरक्षाबल के जवानों को बधाई देते हुए, उनके अदम्य साहस को नमन करते हुए कहा कि - आज कांकेर जिले में 7 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिन पर कुल 32 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इससे पहले नारायणपुर जिले के 27 एवं सुकमा जिले के 52 लाख के ईनामी 9 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। यह हमारी सरकार की प्रभावी आत्मसमर्पण नीति और नक्सलवाद के सफाए के लिए लगातार चलाए जा रहे अभियानों का प्रत्यक्ष परिणाम है। सीएम साय ने कहा कि अब तक 941 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जबकि 1,112 नक्सलियों को हमारे सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार किया है। नक्सली मुठभेड़ों में 265 नक्सलियों का खात्मा हुआ है। नक्सलवाद की खोखली विचारधारा से त्रस्त होकर और बेहतर जीवन की उम्मीद में नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। यह इस बात का संकेत है कि नक्सलवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मैं अपने बस्तर दौरे के दौरान अक्सर आत्मसमर्पित नक्सलियों से मिलता हूं। उनसे बातचीत में यह साफ झलकता है कि खोखली माओवादी विचारधारा को छोड़कर वे बेहतर जीवन जी रहे हैं और खुश हैं। घोर नक्सल प्रभावित जिलों के चिन्हित ग्रामों में नक्सल आधार को खत्म करने के लिए शासकीय योजनाओं के माध्यम से बुनियादी ढांचे और मूलभूत आवश्यकताओं का विकास कर रही है।

## 'आप' की सरकार में हर परिवार को हर महीने हो रही 25 हजार बचत : केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक नया कैंपेन



'आप का बचत पत्र' लॉन्च करते हुए कहा कि आप' की सरकार में हर परिवार को हर महीने 25 हजार की बचत हो रही है। केजरीवाल ने कहा कि शनिवार को देश का बजट आ रहा है और सबकी निगाहें उस पर टिकी हैं कि बजट क्या करेगा? अक्सर बजट महंगाई लेकर ही आता है। घर का बजट गड़बड़ा जाता है। ऐसे में लोगों के लिए यह देखना जरूरी हो जाता है कि आप की सरकार से उनके बजट पर कितना असर पड़ रहा है। आप की सरकार दिल्ली में बहुत सारी सुविधाएं दे रही है।

## स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2024: रायपुर ने देश के टॉप 10 शहरों में बनाई जगह

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत सरकार के वन, पर्यावरण और जल वायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2024 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस सर्वेक्षण में रायपुर ने टॉप-10 शहरों में अपनी जगह बनाते हुए 10 लाख से अधिक आबादी वाले 41 शहरों की स्पर्धा में आठवां स्थान अर्जित किया है। केंद्र सरकार द्वारा धूल मुक्त वातावरण, कचरे को जलाने की प्रवृति पर अंकुश, निर्माण व विध्वंस अवशेष के निपटान, वायु गुणवत्ता स्तर और जागरूकता गतिविधियों के प्रभावी संचालन जैसे कई मापदंडों के आधार पर यह सर्वेक्षण किया गया। नगर निगम रायपुर के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के अनुसार स्वच्छ वायु गुणवत्ता सुनिश्चित करने कलेक्टर एवं निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर अंतर विभागीय समन्वय के आधार पर बीरगांव और रायपुर नगर निगम, पर्यावरण सरक्षण मंडल, सीएसआईडीसी, परिवहन, यातायात और पुलिस विभाग मिलकर काम कर रहे हैं। धूल कम करने निरंतर जल छिड़काव, बीटी व सीसी सड़क निर्माण, एंड टू एंड पेविंग, सी एंड डी प्रोसेसिंग प्लांट से निर्माण व विध्वंस अवशेष को पुनः उपयोगी बनाने के साथ ही अधिकाधिक वृक्षारोपण सही कई नवाचारों पर इस बार फोकस किया जा रहा है। इसके अलावा यांत्रिक विधि से रात्रिकालीन सड़क सफाई का दायरा 152 किमी तक बढ़ाया गया है। प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की जाँच शुरू की गई है। जागरूकता कार्यकर्मों हेतु रणनीति आधारित आईईसी गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी प्रयासों का लाभ इस सर्वेक्षण में रायपुर को मिला है। इस रैंकिंग में टॉप-10 शहरों में सूरत, जबलपुर, आगरा, लखनऊ, कानपुर, वडोदरा, इंदौर, भोपाल, विजयवाड़ा, अहमदाबाद और दिल्ली के नाम शामिल हैं।

अब मात्र ₹ 100/-
के पंजीयन - शुल्क पर साल भर ओ.पी.डी

Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
NABH


आयुष्मान कार्ड से ऑपरेशन** एवं ICU में भर्ती




सारी जांच प्रचिलित दरो से आधी कीमत (50%) पर
नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन*
गर्भवती महिलाओं के लिए
नि:शुल्क डिलीवरी* (नॉर्मल एवं सिजेरियन)
* नियम एवं शर्तें लागू ** गवर्नमेंट रिजर्व पैकेज के अतिरिक्त
मोवा, रायपुर, फोन : 9340019842, 7389116903, 9926191294, 0771- 4241000/01/02

# समग्र शिक्षा अभियान और पीएमश्री योजना की कार्यकारणी समिति बैठक में लिये गये निर्णय

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय में मध्यप्रदेश समग्र शिक्षा अभियान के स्ट्रेंथनिंग टीचिंग लर्निंग एण्ड रिजल्ट्स फॉर स्टेट्स (स्टार्स) और पीएमश्री योजना की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग,महिला बाल विकास विभाग और वित्त विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्य सचिव जैन ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि सरकारी योजनाओं में लिये गये निर्णय को अनिवार्य रूप से टाइम फ्रेम में आवश्यक रूप से पूरा किया जाये। उन्होंनें कहा कि सरकारी स्कूलों में खरीदी गई सामग्री का बच्चों के हित में शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाये। मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि योजना के क्रियान्वयन में उन भवनों को उपयोग प्राथमिकता के साथ किया जाये जिन भवनों का किन्ही वजह से उपयोग नही हो पा रहा हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि स्कूल शिक्षा और महिला बाल विकास विभाग आपस में समन्वय कर उपलब्ध मानव संसाधन का बेहतर उपयोग सुनिश्चत करें। उन्होंने वर्तमान व्यवस्था में आंगनवाड़ी केंद्रों और प्री-प्रायमरी स्कूलों की वर्तमान संचालन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। कार्यकारिणी समिति की बैठक में मध्यप्रदेश समग्र शिक्षा अभियान वर्ष 2025-26 की करीब 5,624 करोड़ रूपये की वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन भी किया। स्टार्स परियोजना में कार्यकारिणी में करीब 269 करोड़ रूपये की कार्य योजना का मंजूरी दी गयी। कार्यकारिणी ने स्कूल शिक्षा विभाग की पीएमश्री योजना में 274 करोड़ रूपये की कार्य योजना का भी अनुमोदन किया। कार्यकारिणी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 8 करोड़ 68 लाख रूपये की आई.टी.सी. लैब की कंम्प्यूटर व्यवस्था की कार्योत्तर स्वीकृति दी। प्रदेश में 201 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय संचालित हो रहे है। बैठक में पीएमश्री योजना में तृतीय एवं चतुर्थ चरण की 240 पीएमश्री स्कूलों में संसाधनों के उन्नयन के लिये आवश्यक राशि की मंजूदी दी गयी। इनमें स्मार्ट क्लास, खेल सामग्री और फर्नीचर आदि की व्यवस्था की जायेगी। 370 पीएमश्री स्कूलों में संगीत सामग्री खरीदी के लिये 8 करोड़ रूपये से अधिक राशि का अनुमोदन किया गया। अनुमोदन प्राप्त प्रस्ताव केंन्द्र सरकार को भेजे जायेंगे।

# टाइकॉन चंडीगढ़ 2025 का वार्षिक एडिशन छह मार्च से

एजेंसी < चंडीगढ
www.dailypioneer.com

सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ की विशाल उद्यमशीलता , क्षमता और सफलता को पेश करने, तलाशने और प्रदर्शित करने के उद्देश्य से टाईकॉन चंडीगढ़ 2025 का अगला वार्षिक एडिशन छह मार्च से शुरू होगा। उत्तर भारत के सबसे बड़े आंत्रप्रेन्योर कॉन्क्लेव के रूप में टाइकॉन चंडीगढ़ 2025 में देश के कई नामी उद्योगपति चंडीगढ़ पहुचेंगे और लोगों को बिजनेस के टिप्स देंगे। टाई कान के वार्षिक इवेंट की रूपरेखा तय करने और सभी तैयारियों की समीक्षा के लिये टाई कान ट्रेल का आयोजन 30 चंडीगढ़ के हयात रीजेंसी में किया गया जिसमें उत्तर भारत के उद्यमी, इकोसिस्टम निर्माता, सलाहकार, इनोवेटर्स, निवेशक, स्टार्टअप, शिक्षाविद् आदि के छह विभिन्न सैशन में स्टार्टअप, एंटरप्रेन्योरशिप , सीड फंडिंग, आदि पर चर्चा में शामिल रहे। कार्यक्रम के अंतिम समय में टाई चंडीगढ़ के प्रेजिडेंट सतीश कुमार अरोड़ा और वाइस प्रेसिडेंट पुनीत वर्मा ने छह और सात मार्च के वार्षिक समारोह के बारे में कहा कि टाई चंडीगढ़ चैप्टर के फ्लैगशिप इवेंट टाईकान चंडीगढ़ का यह विशेष महत्वपूर्ण दसवां एडिशन है। इस बार का थीम है, थ्राइव, एम्पावर,नर्चर व कार्यक्रम की शुरुआत पहले दिन चंडीगढ़ गोल्फक्लब से गोल्फ चैंपियनशिप और दिन भर अलग अलग सेशन के साथ शाम को एस टी पी आई और टाई चंडीगढ़ अवार्ड्स होंगे, जिसमें मुख्य अतिथि रहेंगे चंडीगढ़ के प्रशासक और पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया और दूसरे दिन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और दूसरे दिन की नोट स्पीच के बाद वक्ताओं में पब्लिक लीडर्स, नेता, राजनयिक, उद्यमी, इकोसिस्टम निर्माता, देश के जाने-माने उद्यमी, सलाहकार, इनोवेटर, निवेशक, स्टार्टअप, शिक्षाविद्, पत्रकार, नीति-निर्माता शामिल रहेंगे। इसके अलावा इंस्टेंट फंडिंग के लिये चंडीगढ़ एंजेल्स नेटवर्क के तत्वावधान में पांच करोड़ तक इंस्टेंट फंडिंग के लिये 50 स्टार्टअप ने पहले ही एप्लिकेशन टाई चंडीगढ़ को जमा करवाई है।

# 21 से 25 फरवरी तक स्थानीय 'नेचर फेस्ट' का आयोजन किया जायेगा

एजेंसी < होशियारपुर
www.dailypioneer.com

पंजाब में होशियारपुर जिला प्रशासन द्वारा 21 से 25 फरवरी तक स्थानीय लाजवंती खेल स्टेडियम में 'नेचर फेस्ट' का आयोजन किया जायेगा, जिसमें होशियारपुर की समृद्ध प्राकृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के साथ-साथ इस पांच दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रकृति, पर्यावरण और संस्कृति से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। उपायुक्त कोमल मित्तल ने अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिये ताकि तय समय में कार्यक्रम को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जिले में प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को दर्शायेगा तथा स्वयं सहायता समूहों, प्रगतिशील किसानों, पर्यटन, सांस्कृतिक समूहों, औद्योगिक और हस्तशिल्प को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये एक मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि लाजवंती खेल स्टेडियम में विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाये जायेंगे, जहां लोग न केवल जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, बल्कि उन्हें खरीद भी सकेंगे।



उपायुक्त कोमल मित्तल ने बताया कि इस नेचर फेस्ट के दौरान स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी पंजाब की संस्कृति और लोक नृत्य पर प्रस्तुतियां भी देंगे। उन्होंने बताया कि नेचर फेस्ट का उद्देश्य जिले में पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी का प्रसार करके उन्हें और अधिक उजागर करना है, जहां सांस्कृतिक गतिविधियां, प्रदर्शनियां, किसान बाजार, पतंगबाजी, हॉट एयर बैलून, ऑफ रोडिंग, वन क्षेत्रों में कैंपिंग, ट्रैकिंग, जंगल सफारी, थाना डैम में इको हट्स में ठहरना और नेचर वॉक आम जनता के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगे। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त निकास कुमार, राहुल चाबा और विभिन्न विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

# कांगो में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर हेल्पलाइन स्थापित

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




भारत अफ्रीकी देश कांगो में आंतरिक संघर्ष में फंसे 1200 भारतीय शांतिसैनिकों की सुरक्षा को लेकर संयुक्त राष्ट्र से संपर्क में है और वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए हेल्पलाइन स्थापित की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में कांगो में संघर्ष के बीच फंसे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर एक प्रश्न के उत्तर में प्रवक्ता ने कहा, हम कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में हो रहे घटनाक्रम पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं। कांगो में कुछ शहरों और कुछ क्षेत्रों में संघर्ष चल रहा है। हम बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को लेकर चिंतित हैं। हम संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान करते हैं। किंशासा में हमारे दूतावास ने गोमा क्षेत्र में रहने वाले भारतीयों के लिए सलाह जारी की है, जहाँ संघर्ष हुआ है। गोमा में लगभग 1000 भारतीय नागरिक रह रहे थे, लेकिन संघर्ष शुरू होने के बाद से उनमें से अधिकांश सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। दूतावास उनके कल्याण और सुरक्षा के लिए समुदाय के साथ नियमित संपर्क में रहता है। पूर्वी कांगो में संयुक्त राष्ट्र मोनुस्को शांति मिशन के हिस्से के रूप में देश में लगभग 1200 भारतीय सैनिक सेवारत हैं। हम कांगो में बदलते हालात को लेकर संयुक्त राष्ट्र के साथ नियमित संपर्क में हैं।

उन्होंने कहा कि कांगो में लगभग 25 हजार भारतीय नागरिक रहते हैं। गोमा में रहने वाले लगभग 1000 भारतीय नागरिकों में से अधिकांश सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। हमारे दूतावास ने एक परामर्श जारी किया है और हेल्पलाइन नंबर भी दिए हैं ताकि अगर किसी को कोई समस्या आती है तो वे तुरंत उनसे संपर्क कर सकें।

## रास्ता खोलो अभियान से श्मशान घाट का रास्ता हुआ अतिक्रमण मुक्त

**जयपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा चलाये गये रास्ता खोलो अभियान के तहत जयपुर जिले की पंचायत समिति सांगानेर की ग्राम पंचायत रामपुराउती के ग्राम नरवरिया में स्थित श्मशान घाट को जाने वाले आम रास्ता पर अतिक्रमण हटाने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा रास्ता खोलो अभियान के अन्तर्गत इस रास्ते को खुलवाने के लिये चयन किया गया। राजस्व विभाग की टीम, स्थानीय ग्राम पंचायत एवं स्थानीय निवासियों की समझाइश के फलस्वरूप अतिक्रमियों द्वारा उनके अतिक्रमण ध्वस्त कर पुराने अतिक्रमण को हटा दिया गया है। राज्य सरकार की मंशानुरूप जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं उपखण्ड अधिकारी सांगानेर हिम्मत सिंह के निर्देशानुसार उक्त 250 मीटर लंबी इस अतिक्रमण से मुक्त सड़क मार्ग को पक्का बनाने के निर्देश ग्राम पंचायत रामपुराउती के ग्राम विकास अधिकारी को दिये गये। विकास अधिकारी ज्योति प्रजापति ने बताया कि तत्काल ग्राम पंचायत को राज्य वित्त आयोग मद (जि.प.) से वित्तीय वर्ष 2024-25 में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण ग्राम नरवरिया ग्राम पंचायत रामपुराउती के नाम से स्वीकृति जारी की गयी।

करीब 7.50 लाख रुपये व्यय कर 250 मीटर लंबी सडक का निमार्ण करवाया जा चुका है।

## मॉब लिंचिंग : जनवादी संगठनों ने की आरोपियों की गिरफ़्तारी की मांग

एजेंसी < फतेहाबाद
www.dailypioneer.com

किसान, मजदूर, कर्मचारी संगठनों समेत विभिन्न जनवादी संगठनों ने हरियाणा के पलवल में हाल में हुई मॉब लिंचिंग की घटना के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। पिछले दिनों पलवल जिला के भूड़पुर गांव के किसान और पशुपालक मोहम्मद यूसुफ की कथित गो रक्षकों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। फतेहाबाद जिला के टोहाना में अखिल भारतीय किसान सभा, मजदूर संगठन, जनवादी महिला समिति, सर्व कर्मचारी संघ और छात्र संगठन एसएफआई के प्रतिनिधियों ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें रखी। संगठनों का आरोप है कि प्रशासन की ओर से न तो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और न ही कोई अधिकारी पीड़ित परिवार से मिलने गया।

पुलिस ने मृतक के खिलाफ गो तस्करी का मुकदमा दर्ज कर उनकी बाइक और गाय को ले जा रहे वाहन को थाने में रख लिया है। संगठनों ने हत्यारों की गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और नौकरी, जब्त की गई गाय, बाइक और वाहन की वापसी की मांग की है। उन्होंने कहा कि गो रक्षा के नाम पर होने वाली हिंसक घटनाओं को रोकने के लिये सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिये, क्योंकि इस तरह की घटनाओं से प्रदेश में भय का माहौल बन रहा है।

## भिवाड़ी में 19 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**अलवर।** राजस्थान में खैरथल तिजारा जिले अंतर्गत भिवाड़ी पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 19 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले में ऑपरेशन साइबर शील्ड के



तहत पुलिस ने करीब 25 लाख रुपये कीमत के 102 चोरी और गुम हुये मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में सभी बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिये गये। जिला पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी ने बताया कि साइबर प्रकोष्ठ की टीम ने राजस्थान के अलावा हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र से मोबाइल फोन बरामद किये। पुलिस ने 460 फर्जी सिम और 294 आईएमईआई को भी बंद करवाया है। अपराधियों से 25 मोबाइल फोन और 29 सिम कार्ड जब्त किये गये हैं। पुलिस ने मेवात क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ 14 मामले दर्ज किये हैं। साइबर ठगी के 11.51 लाख रुपये होल्ड करवाए गए हैं, जिनमें से 2.56 लाख रुपये पीड़ितों को वापस किये जा चुके हैं।

## बागड़े से नार्वे की राजदूत ने की मुलाकात

**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से नार्वे की राजदूत मे. एलिन स्टेनर ने राजभवन में मुलाकात की। राजभवन से जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस दौरान बागड़े ने उनसे दुग्ध उत्पादन और पशुधन संपदा के बारे में जानकारी प्राप्त की। दोनों ने राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में विकास योजनाओं के समन्वय और निवेश संभावनाओं के संबंध में चर्चा की। राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वीराज भी इस दौरान मौजूद रहे। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।



## अब कोर्ट में भी आरोपी को हथकड़ी लगा सकेगी पुलिस

**सिरसा।** एक जुलाई 2024 से तीन नए कानूनों लागू होने के साथ ही अब कुछ मामलों में आरोपी को कोर्ट में पेश करते समय भी पुलिस हथकड़ी लगा सकेगी। इसी कड़ी के तहत डिंग थाना पुलिस ने गांव भावदीन क्षेत्र से 5 किलो 172 ग्राम डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किए गए आरोपी जसवंत सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह निवासी संघा,पंजाब को हथकड़ी लगाकर अदालत में पेश किया। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि नए कानून के तहत पुलिस को कुछ मामलों में शक्तियां प्रदान की गई है,जिसके तहत 12 तरह के अपराधियों को पुलिस अपने स्तर पर ही हथकड़ी पहना सकती है। नए कानूनों के तहत पुलिस अधिकारी,अपराध की प्रकृति और गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए किसी ऐसे व्यक्ति की गिरफ्तारी करते समय या न्यायालय के समक्ष ऐसे व्यक्ति को पेश करते समय हथकड़ी का प्रयोग कर सकता है, जो अभ्यासिक या आदतन अपराधी है या अभिरक्षा से निकल भागा है,जिसने संगठित अपराध,आतंकवादी कृत्य, औषध संबंधी अपराध, अस्त्र और शस्त्र पर अवैध कब्जे, हत्या,बलात्संग, एसिड हमला,सिक्कों और करेंसी नोट का कूटकरण, मानव दुर्व्यापार,बच्चों के विरुद्ध लैंगिक अपराध या राज्य के विरुद्ध अपराध कोई अपराध करता है,ऐसे व्यक्ति को पुलिस द्वारा हथकड़ी लगाकर अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए है।

## जिस तरह से भाजपा-आप पैसे बांट रही हैं, उसे देख कर समझ में नहीं आता कि वे राजनीति में हैं या बाजार में : दीक्षित

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के नेता एवं नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने आप, भाजपा और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा है कि भाजपा और आप दोनों ही पार्टियां वोट पाने के लिए पैसा बांट रही है, जिसे देख कर यह समझ में नहीं आ रहा है कि वे राजनीति में हैं या बाजार में। दीक्षित ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा, कभी-कभी मुझे समझ में नहीं आता कि केजरीवाल ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में क्या पढ़ा है। इंजीनियर होते हुए भी वे ऐसी बेतुकी बातें कर रहे हैं, जैसे पांचवीं या छठी का छात्र भी नहीं कहेगा। मुझे लगता है कि केजरीवाल ने नकल करके परीक्षा पास की है। मैं उन्हें सुझाव दूंगा कि वे अपनी इंजीनियरिंग की किताबें पढ़ें। उन्हें पता चल जाएगा कि वे कितना झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा, केजरीवाल ने कहा कि मैंने इतना काम किया है, लेकिन हम तो बस इतना कह रहे हैं कि जो भी बोलो, रिकॉर्ड के साथ बोलो। अपराह्न तीन बजे साफ हो जाएगा कि कांग्रेस सच बोल रही है या फिर आप। भाजपा और आप दोनों ही वोट पाने के लिए पैसे बांट रहे हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वे राजनीति में हैं या बाजार में?

## कंटेनर से 69 कार्टन अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार

एजेंसी < डूंगरपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान में डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में रतनपुर सीमा पर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुये एक कंटेनर से 69 कार्टन अवैध शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सैन के निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थानाधिकारी कैलाश सोनी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि उदयपुर की ओर से एक कंटेनर अवैध शराब लेकर आ रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने रतनपुर बॉर्डर पर नाकेबंदी की। पुलिस ने संदिग्ध कंटेनर को रोका और तलाशी ली। कंटेनर के भीतर कूलर के बीच छिपाकर रखे गए शराब के 69 कार्टन बरामद हुये। जब्त शराब की बाजार कीमत करीब 8 लाख रुपये आंकी गयी है। पुलिस ने कंटेनर ड्राइवर सुरेंद्र सिंह और उसके साथी राकेश को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

## डिस्कॉम, टाटा अक्षत ऊर्जा के बीच करार

एजेंसी < जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान में पीएम सूर्य घर निशुल्क बिजली योजना को बढ़ावा देने के लिये राज्य की तीनों विद्युत वितरण कम्पनियों एवं टाटा पावर अक्षत ऊर्जा के बीच करार किया गया। अतिरिक्त मुख्य सचिव (ऊर्जा) आलोक ने बताया कि विद्युत कम्पनियों की ओर से डिस्कॉम्स की अध्यक्ष आरती डोगरा और टाटा अक्षत ऊर्जा तरफसे मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंधक निदेशक दीपेश नन्दा ने करार पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्री आलोक ने कहा कि राज्य में पीएम सूर्यघर योजना में बड़ी संख्या में पंजीकरण हो चुके हैं। टाटा पावर के साथ इस साझेदारी से डिस्कॉम्स को इन पंजीकरण को अधिष्ठापन में बदलने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य आमजन को सौर ऊर्जा से जोड़कर बिजली खर्च से उन्हें मुक्ति दिलाना है। टीपीआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रबंध निदेशक नन्दा ने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना देश में आमजन को ऊर्जा दाता बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। कंपनी राज्य में फैले अपने तंत्र के माध्यम से इस योजना में लोगों की भागीदारी बढ़ाने में सहायता करेगी। उल्लेखनीय है कि पीएम सूर्य घर योजना रूफ टॉप सोलर के माध्यम से सौर ऊर्जा को घर-घर तक पहुंचाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी पहल है। इसके तहत राज्य में अब तक एक वर्ष से भी कम समय में 26 हजार से अधिक घरों में रूफ टॉप सोलर लगाये जा चुके हैं। इस करार के माध्यम से टाटा अक्षत ऊर्जा वेंडर्स का प्रशिक्षण, जागरूकता प्रसार की गतिविधियों आदि के जरिये रूफ टॉप सोलर को बढ़ावा देने के लिये डिस्कॉम्स को आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा। इस अवसर पर प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल, राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) देवेन्द्र श्रृंगी, अजमेर डिस्कॉम के एमडी के पी वर्मा सहित टाटा पावर के अधिकारी भी मौजूद थे।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में घर से मतदान के जरिये अब तक 5848 लोगों ने डाले वोट

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




दिल्ली विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा कुछ विशेष वर्ग के मतदाताओं को घर से वोट देने की सुविधा का लाभ उठाते हुए अब तक करीब छह हजार मतदाता डाक मतपत्रों के जरिये अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर एलिस वाज ने शुक्रवार को बताया कि अब तक घर से मतदान की सुविधा के जरिये 5848 डाक मतपत्र डाले गए हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की मतगणना को लेकर विशेष योजना बनायी गयी है, जिसे चुनाव आयोग ने मंजूरी दे दी है। इसके तहत दिल्ली के 11 जिलों में 19 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में 80 साल से अधिक उम्र के लोगों और दिव्यांगों को घर से मतदान करने की सुविधा प्रदान की है।

उल्लेखनीय है कि 05 फरवरी को दिल्ली विधानसभा की सभी 70 सीटों पर मतदान होगा। वहीं, 08 फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों के लिए कुल 699 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है। घर से मतदान की सुविधा का लाभ उठाते हुए पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर सहित कई अन्य गणमान्य लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं।

# विक्रमादित्य ने किया करयाली की तीन सड़कों का किया लोकार्पण

एजेंसी < शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला के बसंतपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत करयाली के लगभग तीन करोड़ रुपये से बने तीन संपर्क मार्ग का लोकार्पण किया। सिंह ने कहा कि इन तीन सड़कों का लोकार्पण किया गया है जोकि इस क्षेत्र के लोगों के लिये बहुत बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि शाडा से नलाह संपर्क मार्ग का निर्माण एक करोड़ 12 लाख, शाडा से नदोहत संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य एक करोड़ 42 लाख एवं करयाली से मटेवग संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य 32 लाख रुपये से पूर्ण किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त गांव खूण के संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है जिस पर लगभग 13 लाख रुपये खर्च किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत करयाली में विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिये लगभग 11 लाख रुपये मंजूर किये गये हैं, जिसमें नवयुवक मंडल, महिला मंडल रास्ते एवं एम्बुलेंस सड़क का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तहसील सुन्नी के अंतर्गत पंदोआ खड्ड से काली बागड़ी पेयजल योजना का जल्द ही लोकार्पण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि योजना का लगभग 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है तथा मार्च माह के अंत तक निर्माण कार्य पूरा किया जायेगा। योजना पर लगभग 25 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है। सिंह ने कहा कि क्षेत्र में 22 केवी की एचटी लाइन का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है, जिसका कार्य 15 से 20 दिनों के भीतर पूर्ण कर लिया जायेगा। इसके निर्माण कार्य से क्षेत्र में बिजली की समस्या का समाधान भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन सुन्नी डैम जल विद्युत परियोजना की वजह से जिन कृषकों की फसलों को नुकसान पहुंचा है उसके लिए लगभग 50 लाख रुपये की राशि वितरित की जायेगी। उन्होंने कहा कि मुआवजे की रूपरेखा तैयार की जा चुकी है तथा जल्द ही कंपनी द्वारा पैसे वितरित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलोग का मरम्मत कार्य भी जल्द शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि करयाली के वन विभाग के विश्राम गृह का उन्नयन भी किया जायेगा। इसके अतिरिक्त, आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग विभागीय मंत्री के पास रखी जायेगी। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की खराब छत को ठीक करने का भी आश्वासन दिया। सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह के कार्यकाल में शिमला ग्रामीण में विकास के नये आयाम स्थापित किये गये हैं तथा बचे कार्यों को पूरा करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं ताकि दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सके ।

# एओबी एरिया के 2 लाख के ईनामी माओवादी सहित 10 माओवादियों ने की आत्मसमर्पण

पायनियर संवाददाता ◀ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी, बस्तर फाईटर, एसटीएफ, कोबरा व केरिपु बल के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासो से तथा छ.ग. शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति साथ ही शासन द्वारा चलाये जा रहे 'नियद नेल्ला नार' योजना से प्रभावित होकर एओबी क्षेत्र एवं दक्षिण बस्तर डिवीजन, पामेड़ एरिया कमेटी अन्तर्गत पार्टी सदस्य, पीएलजीए सदस्य, सीएनएम, डीएकेएमएस, कुटीर शाखा, कृषि शाखा के अध्यक्ष/सदस्य कुल 10 माओवादियों ने 31 जनवरी को पुलिस उप महानिरीक्षक केरिपु बीजापुर देवेन्द्र सिंह नेगी , पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 204 कोबरा संतोष कुमार मल्ल, कमांडेंट 206 बटालियन कोबरा पुष्पेन्द्र कुमार (PMG), अति. पुलिस अधीक्षक नक्सल अभियान मयंक गुर्जर, अति. पुलिस अधीक्षक युलैण्डन यार्क, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी विनीत साहू के समक्ष आत्मसमर्पण किये।

### आत्मसमर्पित माओवादी के नाम/पद

अर्जुन मड़कम ऊर्फ अर्जुन गेन्ने पिता हिड़मा मड़कम उम्र 20 वर्ष जाति मुरिया निवासी पालागुड़ा पटेलपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पदनाम- नियमगिरी एरिया कमेटी पार्टी सदस्य, वर्ष 2015 से सक्रिय ईनाम राशि 02.00 लाख रूपये। 2. हड़मा ताती ऊर्फ मोरली पिता भीमा ताती उम्र 38 वर्ष जाति मुरिया निवासी गोमगुड़ा पोड़ियामपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पदनाम- पालागुड़ा आरपीसी जनताना श्वसरकार उपाध्यक्ष/सीएनएम अध्यक्ष, वर्ष 2003 से सक्रिय, ईनाम राशि 01.00 लाख रूपये। 3. हुंगा माड़वी ऊर्फ पेददा पिता माड़ा माड़वी उम्र 42 वर्ष जाति मुरिया निवासी कुम्मोड़तोंग पटेलपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पदनाम- कुम्मोड़तोंग डीएकेएमएस अध्यक्ष, वर्ष 1997 से सक्रिय, ईनाम राशि 01.00 लाख रूपये। 4. भीमा माड़वी ऊर्फ नन्दू भीमा पिता नन्दा माड़वी उम्र 34 वर्ष जाति मुरिया निवासी एर्रापल्ली स्कूलपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पदनाम- एर्रापल्ली आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष, वर्ष 2009 से सक्रिय, ईनाम राशि 01.00 लाख। 5 . नन्दा मड़कम ऊर्फ कायर नन्दा पिता जोगा मड़कम उम्र 45 वर्ष जाति मुरिया निवासी गोमगुड़ा पाण्डेपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पालागुड़ा आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष, वर्ष 1997 से सक्रिय, ईनाम राशि 01.00 लाख रूपये। 6. भीमा हेमला ऊर्फ मासा पिता हिड़मा हेमला उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी गोमगुड़ा ईत्तापारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पदनाम- पामेड़ एरिया कमेटी अन्तर्गत एलजीएस सदस्य, वर्ष 2009 से सक्रिय, 7 . भीमा मड़कम ऊर्फ मिन्ना पिता देवा मड़कम उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी एर्रापल्ली पटेलपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पदनाम- एर्रापल्ली आरपीसी जनताना सरकार सदस्य/कुटीर शाखा अध्यक्ष, वर्ष 2010 से सक्रिय। 8. जोगा हेमला ऊर्फ बक्कू जोगा पिता बंडी हेमला उम्र 27 वर्ष जा?ति मुरिया निवासी मीनागट्टा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पदनाम- पालागुड़ा आरपीसी जनताना सरकार सदस्य, वर्ष 2004 से सक्रिय 9. हड़मा रव्वा ऊर्फ गोमा बिटटो पिता भीमा रव्वा, उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी एर्रापल्ली स्कूलपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पदनाम- एर्रापल्ली आरपीसी सीएनएम सदस्य, वर्ष 2010 से सक्रिय। 10. दुला माड़वी ऊर्फ बोडडा पिता गंगा माड़वी उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी पालागुड़ा स्कूलपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पदनाम - पालागुड़ा आरपीसी जनताना सरकार सदस्य/कृषि शाखा अध्यक्ष, वर्ष 2004 से सक्रिय। अर्जुन मड़कम उर्फ अर्जुन गेन्ने पिता हिड़मा मड़कम उम्र 20 वर्ष जाति मुरिया साकिन पालागुडा पटेलपारा थाना पामेड़, जिला बीजापुर छ.ग.।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित



पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 10 जनवरी को हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के लिए एसएमसी अस्पताल के समन्वय से विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर में जिले के सभी विकास खंडों से 35 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 11 बच्चों में हृदय रोग की पुष्टि हुई, एवं 7 बच्चे के कटे फटे होंठ व तालु पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग की तत्परता से इनमें से 7 बच्चों को 28 जनवरी को एस एम सी अस्पताल में भर्ती कराया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 11 हृदय रोगी बच्चों और 7 कटे-फटे होंठ एवं तालु से प्रभावित बच्चों का सफलतापूर्वक इलाज किया जा चुका है। इस कार्यक्रम से जिले के जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क चिकित्सा सहायता मिल रही है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की यह पहल हृदय रोग से पीड़ित बच्चों और उनके परिवारों के लिए एक नई आशा लेकर आई है।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति तिथि से ही पेंशन आदेश प्रदान कर कलेक्टर संबित मिश्रा ने उनके सुखद एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले वाहन चालक, भृत्य एवं चौकीदार को सेवानृविति तिथि से ही पेंशन आदेश प्रदान किया। कलेक्टर मिश्रा ने उनके सुखद जीवन के लिए शुभकामनाएं दी और उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। सेवानृवित्त होने वाले कर्मचारी कुवंर सिंह ठाकुर वाहन चालक कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी बीजापुर में कार्यरत थे।

# गाय का सिजेरियन ऑपरेशन कर बचाई बछड़े की जान



पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

पशु चिकित्सा विभाग ने एक गाय और उसके बछड़े की जान बचाई गई। ग्राम रानापाल के पशुपालक ईश्वर लाल कोर्राम ने पशु चिकित्सालय मर्दापाल में सूचना दी कि उनकी गाय बुधवार शाम से प्रसव का प्रयास कर रही थी, लेकिन सफल नहीं हो पा रही थी और कमजोरी के कारण बैठ गई थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे डॉ. कृष्ण कुमार ने प्रारंभिक जांच में पाया कि गाय गर्भाशय के मरोड़ से पीड़ित थी, जिसके कारण सामान्य प्रसव संभव नहीं था। उन्होंने तुरंत डॉ. अनिल कटरावत प्रभारी एमयुवी फरसगांव से संपर्क किया और सिजेरियन सेक्शन कर सफलतापूर्वक बछड़े को जीवित निकाला गया। उनकी सामूहिक प्रयासों से गाय और उसके बछड़े की जान बचाई जा सकी। पशु चिकित्सा विभाग ने अपील की है कि, यदि किसी पशु को प्रसव में कठिनाई हो रही हो तो तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क करें, ताकि समय पर सही उपचार मिल सके और पशु की जान बचाई जा सके।

# जिला प्रशासन द्वारा सीजीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए निःशुल्क मार्गदर्शन परीक्षा का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





जिले में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 2024 की तैयारी कर रहे युवाओं के मूल्यांकन और परीक्षा रणनीति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन कोंडागांव द्वारा एक निःशुल्क मार्गदर्शन परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में लक्ष्य कोचिंग संस्थान, कोंडागांव में संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। इस मेगा टेस्ट का मुख्य उद्देश्य युवाओं को परीक्षा के वास्तविक प्रारूप से अवगत कराना और उनकी तैयारी का मूल्यांकन करना था। परीक्षा पूर्णतः निःशुल्क थी और प्रारंभिक परीक्षा के पैटर्न पर आधारित थी। इसमें पेपर-1 सामान्य अध्ययन के तहत छत्तीसगढ़ एवं भारत से संबंधित 100 प्रश्न 200 अंक निगेटिव मार्किंग के साथ और पेपर-2 सी-सैट में गणित, तार्किक क्षमता, हिंदी और छत्तीसगढ़ी से जुड़े प्रश्न शामिल किए गए थे। जिले में इस प्रकार का आयोजन किया गया है, जिससे अभ्यर्थियों को 9 फरवरी को होने वाली सीजीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए एक सटीक मूल्यांकन का अवसर मिला। गौरतलब है कि जिला प्रशासन कोंडागांव द्वारा सीजीपीएससी और सीजी व्यापम परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग भी संचालित की जा रही है, जहां अनुभवी शिक्षकों द्वारा नियमित अध्ययन सामग्री एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

# जावंगा ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय बालमित्र मासिक कार्यशाला संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार दंतेवाड़ा जिले में संचालित बालमित्र कार्यक्रम के तहत 27 से 30 जनवरी तक जावंगा ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय मासिक कार्यशाला आयोजित की गई,जिसमें 67 बालमित्र 'फेलोज' ने हिस्सा लिया।गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत 67 ग्राम पंचायतों में बाल पुस्तकालय सह गतिविधि केंद्र संचालित किए जा रहे हैं।इन पुस्तकालयों का संचालन गाँव के ही युवा बालमित्र ''फेलोज'' द्वारा किया जाता है। बालमित्र 'फेलोज' न केवल बच्चों को पुस्तकों तक पहुँच उपलब्ध कराते हैं, बल्कि वे स्कूलों में जाकर पुस्तकों के माध्यम से शैक्षिक गतिविधियाँ भी आयोजित करते हैं। इसके साथ ही, वे हर शाम पुस्तकालय खोलते हैं, जहाँ गाँव के सभी बच्चे पठन पाठन कर सकते है।इसके अलावा, बालमित्र ''फेलोज'' द्वारा अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन समितियों की बैठक आयोजित कर बच्चों की शिक्षा पर सामूहिक परिचर्चा का आयोजन भी किया जाता है। इस मासिक कार्यशाला में ''फेलोज'' को पुस्तकालय प्रबंधन, लाइब्रेरी को अधिक आकर्षक और रंगीन बनाने, आगामी माह में उपयोग की जाने वाली पुस्तकों के चयन, बाल गीत, कहानियाँ और खेलों से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी शेख रफीक,सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुन्नेम,ब्लॉक संसाधन समन्वयक जितेंद्र चौहान, आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील के जीएम वाई वी राघवेलु सीएसआर प्रबन्धक तेज प्रकाश उपस्थित थे।

# शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के छात्रा सुशीला नेताम का नेशनल गेम्स के लिए चयन

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव बी ए तृतीय वर्ष के छात्रा सुशीला नेताम का चयन सीनियर तीरंदाजी नेशनल गेम्स के लिए हुआ है। सुशीला सीनियर तीरंदाजी नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। नेशनल गेम्स तीरंदाजी प्रतियोगिता दिनांक 1 से 7 फरवरी तक रजत जयंती खेल परिसर देहरादून उत्तड्डराखंड में होगा। नेशनल गेम्स में पूरे भारत के सभी प्रदेश की टीम हिस्सा लेंगे, महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी एच आर यदु ने हमारे महाविद्यालय के तीरंदाजी दल खेलों इंडिया के कैंप में निरन्तर अभ्यास कर रहे हैं जिसका परिणाम है कि, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का नाम खेलों में आगे जा रहा है। खिलाड़ियों का लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर महाविद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सी आर पटेल एवं समस्त प्राध्यापक, कर्मचारियों, एवं छात्र/छात्राओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। सुशीला नेताम का नेशनल गेम्स के लिये चयन होने से महाविद्यालय में हर्ष का माहौल हैं।

# ग्राम संडसा में 6.840 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने जिले के ग्राम संडसा में अवैध शराब संग्रहण के खिलाफ कार्यवाई करते हुए बड़ी मात्रा में शराब जब्त की है। यह कार्यवाई जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन एवं उपयुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता बस्तर संभाग, आशीष कोसम के मार्गदर्शन पर की गई। जिला आबकारी अधिकारी डिगेश कुमार देवांगन ने बताया कि, मुखबिर की सूचना पर की गई इस छापेमारी में आरोपी चंदनलाल नेताम, पिता राजू नेताम, निवासी-संडसा, थाना-माकड़ी को अवैध शराब संग्रहण के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 6.840 बल्क लीटर अन्य प्रांत उड़ीसा की विदेशी मदिरा स्प्रिट जब्त की गई, जिसका बाजार मूल्य 6,840 रूपए आंका गया है। इस मामले में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) और 36 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच जारी है। आबकारी विभाग, कोंडागांव ने अवैध शराब से जुड़ी शिकायतों के लिए दूरभाष नंबर 077862-42481 जारी किया है, जिस पर 2407 सूचना दी जा सकती है।

**कार्यशाला का उद्देश्य जल और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने पर जोर देना था**

# जन योजना अभियान अंतर्गत एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन पर कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले में जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों और प्राकृतिक संसाधनों को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में, जिला प्रशासन और ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया ने संयुक्त रूप से एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य जिले में जल और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने पर जोर देना था। कार्यशाला में उपस्थित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को नोडल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर के रूप में चुना गया है ताकि, जन योजना अभियान हेतु जीआईएस आधारित ग्राम स्तर पर लोगों द्वारा बॉटम-टू-टॉप अप्रोच प्लानिंग को अपनाया जा सके। टीआरआई से आये विशेषज्ञ आशुतोष नंदा ने जीआईएस आधारित वाटरशेड प्रबंधन प्लानिंग को धरातल पर कैसे किया जा सकता है, इस पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि, ग्राम स्तर पर जीआईएस मैप का उपयोग करते हुए, ऑनलाइन ऐप की मदद से लोगों की जरूरत के हिसाब से विभिन्न विभागों के कार्य योजना कैसे दी जा सकती है, साथ ही प्राकृतिक संसाधन का सही एवं सतत विकास कैसे किया जा सके। कार्यालय में जन योजना अभियान के तहत आईएनआरएम-जीआईएस आधारित प्लानिंग को सफल बनाने के लिए स्थानीय समुदायों की भागीदारी बेहद जरूरी है। स्थानीय लोगों को जल संसाधन प्रबंधन में शामिल करना और उनके ज्ञान और अनुभव का लाभ उठाना महत्वपूर्ण है। साथ ही बॉटम-टू-टॉप अप्रोच को ध्यान में रखते हुए वीपीआरएपी-जीडीपी प्लानिंग एवं एकीकरण को धरातल में उतारा जा सके। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे जल संसाधन के बेहतर प्रबंधन के लिए मिलकर काम करें। सभी नोडल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर अपने-अपने ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर धरातल के हितधारक जैसे पंचायती राज तंत्र के प्रतिनिधि, आमजन एवं धरातल के कर्मचारियों को शिक्षित करेंगे, जिससे आने वाले समय में जन योजना अभियान के तहत अधिक से अधिक प्लान ग्राम स्तर से उठ कर आएं। यह कार्यशाला जिले के लिए एक नए युग की शुरुआत है। अब जिला प्रशासन और स्थानीय समुदाय मिलकर जल और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए काम करेंगे। इस प्रयास से न केवल जिले का विकास होगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित होगा। यह कार्यशाला कोंडागांव जिले के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और आने वाले समय में यह अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बनेगा।

# नगरीय निकाय एवं पंचायत के मतदान दलों का प्रशिक्षण सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ◀ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार एवं भानुप्रतापपुर के रिटर्निंग आफिसर एसडीएम गंगाधर वाहिले के मार्गदर्शन में भानुप्रतापपुर विधानसभा के तहसील भानुप्रतापपुर के नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत मतदान दलों के कर्मचारियों का प्रशिक्षण आज सेंट जोसफ स्कूल भानुप्रतापपुर में सम्पन्न हुआ। भानुप्रतापपुर नगर पंचायत के लिए 15 वार्डो के लिए 17 मतदान दल एवं ग्राम पंचायत के लिए कुल 127 मतदान केंद्रों के लिए 142 दलों में से दल क्रमांक 01 से 61 तक का आज प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। आज प्रशिक्षण केंद्र पंहुचकर एसडीएम गंगाधर वाहिले से सभी से कहा कि मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिये जा रहे प्रशिक्षण को गंभीरता से सुने और समझे। दल के सभी सदस्यों के बीच परस्पर आपसी सामंजस्य बनाकर एक टीम भावना के साथ सभी कार्य करें। मतदान दल के अंतिम प्रशिक्षण में सभी अपने अपने सेक्टर अधिकारी के साथ भी परिचय ले लेवे ताकि आगे काम मे सुविधा होगी। एसडीएम ने नगरीय निकाय के दलो के सभी से खासतौर से ईव्हीएम की पूरी प्रक्रिया को समझने को कहा कि इस बार नगर पंचायत की ईव्हीएम मशीन में मतदाता दो वोट करेगा एक अध्यक्ष के लिए और एक पार्षद के लिए। मतदान अधिकारी 03 की जवाबदारी ज्यादा हो जाती है।

# सेंचुरी सीमेंट लाइमस्टोन खदान बैकुंठ में अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ≺ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com




खान सुरक्षा निदेशालय बिलासपुर एवं रायगढ़ परिक्षेत्र के तत्वावधान में अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के सेंचुरी लाइमस्टोन खदान बैकुंठ में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर खान सुरक्षा निदेशालय बिलासपुर द्वारा निरीक्षण दल का आगमन हुआ जिसके कन्वेयर सेल से अनुपम बिष्ट जीएम दल्ली माइंस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए साथ ही निरीक्षण दल के सदस्य जितेंद्र ठाकरे एनएमडीसी बचेली से जोयसीमा कर सीमेंट से तथा मंगेश उठाने गोदावरी इस्पात से कार्यक्रम में शामिल हुए। ख़ान प्रांगण में ध्वजारोहण कर मुख्य अतिथि द्वारा वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया मुख्य अतिथि बिष्ट ने सभी को खदान में सुरक्षित कार्य संपादन के लिए शपथ दिलाया एवं ख़ान सुरक्षा उपाय के विषय में मार्गदर्शन भी किया तथा हमारे द्वारा संपादित किए गए ख़ान सुरक्षा के प्रबंधों का सराहना भी की ख़ान विभाग प्रमुख अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि अपने कार्य क्षेत्र में एक सुरक्षात्मक एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण करके शून्य क्षती के साथ अपने कार्य निष्पादित करें। ख़ान प्रबंधक रविंदर पाल सिंह भाटिया ने हमारे अतिथियों को हमारे खदान की सुरक्षा उपबंधों नियमों मानक कार्यप्रणाली विगत वर्षों से शून्य क्षति आदि में विषय विस्तृत जानकारी दी तथा साथ ही सुरक्षात्मक कार्य प्रणाली अपना कर कार्य करने के लिए अलग-अलग राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों से प्राप्त पुरस्कार के बारे में अवगत कराया ख़ान में कार्यरत कर्मचारियों एवं स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत सुरक्षा गीत एवं ख़ान के कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। बैकुंठ सीमेंट वर्क के आदित्य बिरला स्कूल एवं आसपास के गांवों के स्कूल के बच्चों ख़ान कर्मचारी एवं कॉलोनी में निवासरत गृहणियों के लिए निबंध लेखन प्रश्नोत्तरी चित्रकारी, ख़ान सुरक्षा स्लोगन आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। निरीक्षण दल के द्वारा हमारे खदान में विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया एवं पौधारोपण का पर्यावरण संरक्षण को भी संदेश दिया गया उक्त समारोह में ख़ान विभाग के प्रमुख अशोक कुमार सिन्हा एचआर प्रमुख देव आशीष राय चौधरी, वित्त विभाग प्रमुख सुनंदा बसु, ख़ान प्रबंधक रविंदर पाल सिंह भाटिया खदान के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों एवं कामगार साथियों के साथ संयंत्र में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया है।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ≺ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। सोनी ने कहा कि सभी अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी परिस्थिति में आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन न हो। उन्होंने कहा उम्मीदवारों के निर्वाचन व्यय सीमा पर सूक्ष्म निगरानी रखें। नवीन मतदाताओं के एपिक कार्ड का सही समय पर वितरण सुनिश्चित करने, सभी निकायों में कंट्रोल रूम की स्थापना करने के निर्देश दिए। सोनी ने नगरीय निकायों के सभी वार्डों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का डेमो प्रदर्शन करने के निर्देश भी दिए हैं ताकि मतदाताओं को मतदान के समय कोई परेशानी न हो। सोनी ने कलेक्ट्रेट परिसर में भी डेमो प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं ताकि यहां आने जाने वाले नागरिक जागरूक हों। उन्होंने मतदाता जागरुकता अभियान जागव बोटर कार्यक्रम, मतदान दलों के गठन और प्रशिक्षण ,मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग टीम,निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण ,मतपत्र मुद्रण एवं वितरण, यातायात व्यवस्था, दिव्यागजन सहायता केंद्र, शिकायत एवं कंट्रोल रूम सहायता केंद्र की स्थापना ,मतदान कर्मी कल्याण संबंधी गतिविधियां ,चिकित्सा व्यवस्था, निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षणों, मतदान सामग्री वितरण/संग्रहण एवं मतगणना स्थल आदि में बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था और मत पेटी वितरण एवं अन्य निर्वाचन सामग्री वितरण और संग्रहण कार्य की समीक्षा की।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मेडिकल स्टोर्स में दी दबिश



पायनियर संवाददाता ≺ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन क़ी टीम नें बलौदाबाजार के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न नारकोटिक्स औषधियों का संग्रहण पाया गया। औषधि क़ी खरीदी बिक्री के सबंध में जानकारी ली गई। सभी मेडिकल स्टोर्स संचालकों क़ो नियमानुसार नारकोटिक्स दवाओं का विक्रय एवं सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिये गए। बलौदाबाजार नगरीय क्षेत्र में अपोलो फार्मेसी बजरंग मेडिकल स्टोर्स, शंभू मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स, चौहान मेडिकल स्टोर्स, बजरंग होम्यो पॉइंट क़ा सघन निरीक्षण किया गया। नारकोटिक्स औषधियों क़ी क्रय विक्रय क़ी संतोषजनक जानकारी संतोषजनक़ नहीं दिए जाने पर औषधि एवं प्रशासन अधिनियम 1940 के तहत आगामी कार्यवाही क़ी जाएगी। शहर में स्थित समस्त मेडिकल स्टोर्स नियमानुसार नारकोटिक्स दवाईयों का क्रय विक्रय करने निर्देशित किया गया।

# आयुक्त ने वार्ड के सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ≺ धमतरी
www.dailypioneer.com

शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल व उपायुक्त पीसी सार्वा ने शांति कॉलोनी चौक, कोष्टापारा, ब्राह्मण पारा वार्ड की सफाई एवं नाली सफ्फई कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सफाई कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा कचरा निस्तारण की उचित व्यवस्था करने को कहा। इसके अलावा स्थानीय नागरिकों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और सभी वार्डों में नियमित निरीक्षण किया जाए। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। इस निरीक्षण से स्थानीय निवासियों को उम्मीद है कि सफाई व्यवस्था में जल्द ही सुधार देखने को मिलेगा। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रकृति जगताप, उप अभियंता लोमस देवांगन, नमिता नागवंशी, मिशन मेजर शशांक मिश्रा उपस्थित थे।

# विधिक साक्षरता शिविर में स्कूली बच्चों को दी गई कानून की जानकारी




पायनियर संवाददाता ≺ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बच्चों को कानूनी अधिकारों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को ग्राम लाहौद में के एक निजी विद्यालय में एक दिवसीय विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश श्रेणी मंजू लता सिन्हा ने स्कूली बच्चों को बालकों के अधिकार, बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो एक्ट 2012, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के बारे में जानकारी दी।इसके साथ ही उन्होंने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा और नियमों के पालन पर जोर दिया। न्यायधीश ने किशोर न्याय बोर्ड में आने वाले प्रकरणों के उदाहरण देकर बच्चों को गलत कार्यों में न पड़ने और अपने कौशल को निखारने के लिए प्रेरित किया।शिविर में बच्चों ने उत्सुकतापूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर न्यायाधीश द्वारा विस्तार से दिया गया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी माला यादव, पूजा चन्द्रा, जिला बाल संरक्षण इकाई से विधिक परिवीक्षा अधिकारी मेघा शर्मा और सामाजिक कार्यकर्ता टुकेश्वर जगत उपस्थित थे।

# महासमुंद जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 4 हेतु कांग्रेस नेता ऋषभ चंद्राकर ने दाखिल किया नामांकन



पायनियर संवाददाता ≺ महासमुंद
www.dailypioneer.com

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता ऋषभ चंद्राकर ने महासमुंद जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 से दावेदारी करते हुए चुनाव मैदान में नामांकन दाखिल किया है, ऋषभ चंद्राकर अपनी जीत तो लेकर पूरी तरह से आश्वस्त है वही क्षेत्र का विकास करने जनता से भरपूर आशीर्वाद भी मिलने की बात कही है। ऋषभ चंद्राकर ने इस दौरान कहा है कि पिछले 12 वर्षो से कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित भावना से कार्य करते रहा हूं, एनएसयूआई के छात्र राजनीति से लेकर युवा कांग्रेस में अनको पदों पर रहे। पार्टी के सभी कार्यक्रमों में ख़ास कर छात्रों , युवाओं, मजदूर, किसानों के मुद्दों को हमेशा सजगता से उठाया है। वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी संचार विभाग में मीडिया कोऑर्डिनेटर का दायित्व निभा रहे हैं। बागबाहरा- खल्लारी- महासमुंद- रायपुर से लेकर दिल्ली तक सक्रिय रूप राजनीति करते रहे है। ऋषभ चंद्राकर सरल, सहज, ऊर्जावान युवा चेहरा होने की वजह से क्षेत्र की जनता का भी प्रेम व आशीर्वाद मिलता रहा है, जिला पंचायत महासमुंद के क्षेत्र क्रमांक 04 के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोरम, सिंघी, पाली, झारा, मुनगासेर, पचरी, जोबाकला, बारेकेलकला, नारतोरा, सिंघनपुर, पथरी, भटगांव, खल्लारी, मोहंदी, ओंकारबंद, चुरकी, हाड़ाबंद, अरण्ड, चरौदा, जामली, म.क. बाहरा, खुसरूपाली, बरबसपुर, कन्हारपुरी, गबौद, पचेडा, कामरौद, पोटिया, तुसदा, डुमरपाली, तमोरा, धरमपुर, ढोंड, खुटेरी, खमहरिया, आमाकोनी, कुरुभांटा, बोडराबांधा शामिल है जहा की जनता का स्नेह और आशीर्वाद ऋषभ चंद्राकर को मिलता रहा है और चुनाव में भी जरुर मिलेगा।

# ईवीएम मशीन को लेकर चलाया जायेगा जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ≺ धमतरी
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत वार्डो में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की दृष्टिकोण से नगर पालिक निगम धमतरी क्षेत्रांतर्गत स्थित प्रत्येक वार्ड में ईव्हीएम मशीन का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिससे मतदाताओं को ईवीएम मशीन के संबंध में संपूर्ण जानकारी एवं जागरूकता प्रदान की जा सके। जिसके लिए नोडल अधिकारी महेन्द्र सिंह जगत कार्यपालन अभियंता मो 8719077266 एवं सहायक नोडल अधिकारी प्रकृति जगताप सहायक अभियंता मो 8103763049 को नियुक्त किया गया है एवं 01 फरवरी से 09 फरवरी तक नगर निगम मुख्य कार्यालय में ईव्हीएम मशीन के प्रतिदिन प्रदर्शन कार्य के लिए खिलेश्वर साहू स.रा.नि एवं सहयोगी टकेश्वर साहू को नियुक्त किया गया है तथा अधिकारी/कर्मचारियों को सभी वार्डो मे ईव्हीएम मशीन के प्रदर्शन के लिए ड्यूटी लगाई गई है। ईव्हीएम मशीन प्रदर्शन का समय सुबह 10.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक रहेगा। 1 फरवरी हटकेशर वार्ड नागदेव मंदिर के पास, शीतला पारा वार्ड तूफान चौक के पास नया सामुदायिक भवन, लालबगीचा वार्ड तूफ्फन चौक के पास नया सामुदायिक भवन, स.व.भाई पटेल वार्ड शीतला तालाब के पास सामुदायिक भवन,

02 फरवरी को बठेना वार्ड जेल रोड के पास रंगमंच, महंतघासीदास वार्ड बनिया तालाब स्थित सामुदायिक भवन मे, नवागांव वार्ड उमंग चौक के पास रंगमंच, मकेश्वर वार्ड आडीटोरियम के पास सामुदायिक भवन मे, 03 फरवरी को श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड उमंग चौक के पास रंगमंच, औद्योगिक वार्ड डबरापारा स्कूल में, आमापारा वार्ड सिंधी धर्मशाला, दानीटोला वार्ड अटल आवास परिसर, 04 फरवरी गोकुलपुर वार्ड सत्संग भवन में सदर दक्षिण वार्ड, रानी बगीचा के पास रंगमंच, बांसपारा वार्ड नंदी चौक के पास, पोस्ट ऑफिस वार्ड साई मंदिर के सामने, 05 को मोटर स्टैंड वार्ड महिला समाज भगवान गुरुद्वारा के पासए रिसाईपारा पूर्व कोडुमल धर्मशाला हनुमान मंदिर के पास, रामसागर पारा रिसाई माता मंदिर ऊपर सामुदायिक भवन, सुभाष नगर वार्ड नागदेव मंदिर के पास सामुदायिक भवन, 06 को साल्हेवार पारा जैतखाम रंगमंच, बनियापारा वार्ड पुराना फायर ब्रिगेड परिसर, सदर उत्तर वार्ड नवीन आंगनबाड़ी केंद्र, विंध्यवासिनी वार्ड पानी टंकी नंबर 04 के पास रंगमंच, 07 को महात्मा गांधी वार्ड दुर्गा मंदिर रंगमंच, महिमा सागर वार्ड शीतला मंदिर परिसर, रामपुर वार्ड मूकबधित स्कूल गौरा चौराहा के पास, मराठा पारा वार्ड मराठा मंगल भवन के पास, 08 को सुंदरगंज वार्ड नूतन स्कूल परिसर, नयापारा वार्ड म्युनिसिपल स्कूल के पीछे सामुदायिक भवन, ब्राह्मण पारा वार्ड कुम्हार समाज भवन, कोष्टा पारा वार्ड नंदी चौक के पास सामुदायिक भवन, 09 को जालमपुर वार्ड जालमपुरी स्कूल, टिकरापारा वार्ड खपरी तालाब सामुदायिक भवन, अंबेडकर वार्ड इंडोर स्टेडियम परिसर, सोरिद वार्ड राधा कृष्ण मंदिर शांति चौक के पास, जोधापुर वार्ड जोधापुर कॉलेज रोड रंगमंच, स्वामी विवेकानंद वार्ड हरदिया साहू समाज भवन, डाक बंगला वार्ड गौरा चौराहा के सामने चबूतरा, रिसाईपारा पश्चिमी वार्ड म्युनिसिपल स्कूल परिसर में प्रदर्शन होगा। इसके लिए मास्टर ट्रेनर द्वारा निगम के अधिकारियों को आज ट्रेनिंग दे दी गई है।

# कुकिंग प्रतियोगिता में माध्यमिक स्कूल श्रृंगीऋषि नगरी पहले स्थान पर

पायनियर संवाददाता ≺ धमतरी
www.dailypioneer.com



स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्थानीय बच्चों में कुपोषण की कमी को दूर करने और रसोईया, सहायिका एवं संचालकर्ता समूहों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्थानीय डॉ शोभाराम देवांगन उच्चतर माध्यमिक स्कूल में 29 जनवरी को जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें जिले के चारों विकासखण्डों में आयोजित कुकिंग प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में नगरी स्थित शासकीय माध्यमिक स्कूल श्रृंगीऋषि के रसोईया, सहायिका सतरूप साहू और नमिता पटेल ने पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर शासकीय माध्यमिक कन्या शाला जीजामगांव की ज्योति यदु, केशर साहू और तीसरे स्थान पर शासकीय प्राथमिक स्कूल तेन्दूकोना की सत्यभावन सोनवानी और बिसन्तीन ध्रुव रहीं। विजेता प्रतिभागियों को क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरे पुरस्कार के रूप में छः हजार रूपये, चार हजार रूपये और दो हजार रूपये नगद प्रदाय किया गया। इसके साथ ही उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदाय कर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी टी आर जगदल्ले ने कहा कि माध्यमिक और प्राथमिक स्कूलों में मध्याह्न भोजन तैयार कर विद्यार्थियों को वितरित किया जाता है। बच्चों में पोषण की कमी को दूर करने और संचालनकर्ता समूहों, रसोईया एवं सहायिकाओं में कुकिंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह आयोजन जरूरी है। इस आयोजन से नए व्यंजन बनकर आएंगे, उन्हें जिला और ब्लॉक स्तर के मेनू में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा, संस्कार, खेल.कूद के साथ.साथ पौष्टिक भोजन भी मिलेए यही प्रयास है। ज्ञात हो कि जिले के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में मध्याह्न भोजन का वितरण विद्यार्थियों को किया जाता है। बच्चों में पोषण की कमी को दूर करने, निर्धारित कुकिंग कास्ट के अंदर स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन तैयार करने, बच्चों की पसंद के आधार पर मेन्यू तैयार करने तथा स्वच्छता के साथ कुकिंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके जरिए मध्याह्न भोजन संचालनकर्ता समूहोंए रसोईयों और सहायिकाओं को प्रोत्साहित किया गया।

# कुष्ठ आश्रम रानी बगीचा में शहीद दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता ≺ धमतरी
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के एकमात्र नगर पालिक निगम द्वारा संचालित कुष्ठ आश्रम रानी बगीचा धमतरी में शहीद दिवस का आयोजन लेडीज क्लब धमतरी एवं स्वर्गीय डॉक्टर के एल चंद्राकर के परिजन यशोदा चंद्राकर, मनीष चंद्राकर, अग्रवाल महिला मंडल, सदर दक्षिण से एक और दानदाता के सहयोग से गरिमामय आयोजन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं बाबूजी पंडित रावजी कृदत के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर लेडीज क्लब के सभी सदस्यों ने बापू जी प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम का गायन भी किया। लेडिस क्लब अध्यक्ष श्रद्धा कश्यप पूर्व अध्यक्ष ज्योति गुप्ता पूर्व अध्यक्ष कामिनी कौशिक, यशोदा चंद्राकर, मनीष चंद्राकर, सभी ने आज के कुष्ठ निवारण दिवस के अवसर पर अपने.अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबूजी पंडरी राव के उत्कृष्ट, स्तुति योग्य सेवा भावना से प्रदान किए गए भूमि में नगरपालिक निगम द्वारा संचालित कुष्ठ आश्रम में रोगियों को समुचित सेवा प्रदान की जा रही है।

संचालिका उषा गुप्ता ने कहा कि लेडीज क्लब द्वारा विगत 38 वर्षो से लगातार भोजन वितरण के कार्यक्रम को अनवरत जारी रखा है। साथ ही साथ समय-समय पर वहां के बच्चों के लिए शिक्षा एवं जरूरतमंदो को जरूरत के हिसाब से सामग्री भी प्रदान की जाती है। इस अवसर पर डॉ चंद्राकर के परिजनों ने आश्रमवासियों को थाली भेंट की। सुरेश गुप्ता की ओर से प्रतिभा गुप्ता की स्मृति में फ्ल वितरण किया गया तथा अग्रवाल महिला मंडल की ओर से फ्ल बिस्कुट, चॉकलेट तथा नमकीन का वितरण किया। आश्रमवासी अपने बीच समाजसेवियों को पा कर बेहद खुश हुए तथा सब के प्रति उन्होंने शुभकामना व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन उषा गुप्ता तथा आभार कामिनी कौशिक ने किया। इस अवसर पर लेडिस क्लब के काजल सिंहा, पूनम सिंह, साधना साहू, जानकी गुप्ता, शांता चंद्राकर, गायत्री साहू, बिंदु अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी, आश्रमवासी एवं आश्रम के प्रभारी कर्मचारीगणों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफ्लतापूर्वक संपन्न करने में सहयोग प्रदान किया।

# मढ़ी में आयोजित भागवत कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में पहुंचे श्रोता

पायनियर संवाददाता ≺ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



ठाकुरदेव चौक मढ़ी में समस्त मोहल्ला वासियों की ओर से आयोजित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के विश्राम दिवस पर कथावाचिका भागवत मर्मज्ञा पूज्या श्रद्धा दीदी सिमगा वाली ने कथा प्रसंग में पवित्र व्यास गद्दी से गीता प्रवचन, यज्ञ हवन, व्यास एवं देव विदाई पर व्याख्यान दिया। कहा कि, जो ज्ञान हदय में स्थिर रहे वही गीता है। जो अपना धर्म समझ गया वह गीता को समझ गया। मानव का अपना धर्म है। मानव को अपना धर्म कभी नहीं भूलना चाहिए। भागवत कथा के अंतिम दिन गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा, यज्ञ हवन, कपिल तर्पण के साथ ही आम भंडारा में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। इसी तरह अनुष्ठान में भी लोगों ने सहभागिता निभाई। कपिल तर्पण के सतधरा जल से उपस्थित जन समूह को पंडित जी ने छिड़काव किया। कथा व्यास ने हवन पूर्णाहुति में पहुंचकर यज्ञ नारायण भगवान को प्रमाण किया। भावविभोर का वह क्षण भी आया जब कथावाचिका ने आभार व्यक्त करते हुए आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जब भी यहां कोई प्रवचनकर्ता, साधुसंत पहुंचे तो उनका भी वैसा ही स्वागत सम्मान करना जैसा उनका किए हैं। कथा व्यास ने कहा कि, वैभव प्राप्त करना है तो अपने जीवन में प्रभु भक्ति को विराजित करना होगा। हवन-पूजन के बाद भागवत भगवान के भंडारा में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान लोग महाप्रसादी लेने कथा स्थल पहुंचते रहे। इस विशाल आयोजन में लोग स्वतः ही भंडारा में अपनी सहभागिता निभा रहे थे। अंतिम दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया और शाम चार बजे भगवान भागवत भाष्कर की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कथा व्यास ने कहा कि, यदि संत नहीं बन सकते तो संतोषी बन जाओ। संतोष सबसे बड़ा धन है। उन्होंने कहा कि भगवान पर विश्वास और भरोसा मजबूत होना चाहिए। जो भी भक्त ईश्वर पर आस्था और विश्वास करता है उसकी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती है। उन्होंने आगे बताया कि, जो व्यक्ति संस्कार युक्त जीवन जीता है वह जीवन में कभी कष्ट नहीं पा सकता। व्यक्ति के दैनिक दिनचर्या के संबंध में उन्होंने कहा कि ब्रह्म मुहूर्त में उठना, दैनिक कार्यो से निवृत होकर यज्ञ करना, तर्पण करना, प्रतिदिन गाय को रोटी देने के बाद स्वयं भोजन करने वाले व्यक्ति पर ईश्वर सदैव प्रसन्न रहते हैं। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में रसिक श्रोतागण कथा पंडाल पहुंच धर्म लाभ अर्जित कर रहे थे। 23 से 31 जनवरी तक चली भागवत कथा में गांव सहित आसपास गांव से भी बड़ी संख्या में रसिक श्रोता पहुंच रहे थे। परायणकर्ता पंडित राहुल तिवारी पंडरिया वाले थे।

# नगर निगम दुर्ग में महापौर के दो और पार्षद के 275 प्रत्याशी मैदान पर, दुर्ग नगर निगम में पार्षद के 04 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिये

## नगर पालिका परिषद कुम्हारी में पार्षद के 3 एवं अध्यक्ष के 1 ने लिया नाम वापस

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 अंतर्गत नगर निगम दुर्ग अंतर्गत पार्षद पद के 04 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिये। जिसमें वार्ड क्रमांक 06 से राहुल कुमार अग्रवाल, वार्ड क्रमांक 21 से मीरा सिंह, वार्ड क्रमांक 39 से हुमन लाल देशमुख और वार्ड क्रमांक 41 से अफीफा तैयबा के नाम शामिल है। इस प्रकार नगर निगम दुर्ग में महापौर के दो और पार्षद के 275 प्रत्याशी मैदान पर है। नगर पालिक निगम भिलाई, रिसाली एवं भिलाई-चरौदा में नामांकन वापसी निरंक रहा। नगर पालिका परिषद कुम्हारी में अध्यक्ष पद के



प्रत्याशी बेबी ओमनारायण वर्मा तथा पार्षद पद के वार्ड क्रमांक 02 से राजकुमार चक्रधारी, वार्ड क्रमांक 10 ज्योति कुर्रे और वार्ड क्रमांक 23 से अशोक साहू ने अपना नामांकन वापस लिये। नगर पालिका परिषद अमलेश्वर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 04 के पार्षद प्रत्याशी येवेन्द्र सोनकर ने नाम वापस लिया। नगर पालिका परिषद अहिवारा में अध्यक्ष पद प्रत्याशी माधव साहू ने नाम वापस लिया। इसी प्रकार नगर पंचायत धमधा अंतर्गत अध्यक्ष पद प्रत्याशी प्रेमलता यादव और श्वेता शर्मा नाम वापस लिये तथा पार्षद पद हेतु वार्ड क्रमांक 01 से दिनेश यादव और वार्ड क्रमांक 09 से कमलदेवी ताम्रकार ने नाम वापस लिये। नगर पंचायत पाटन अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 से पार्षद प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर ने नाम वापस लिया। उतई नगर पंचायत में नामांकन वापसी निरंक रहा।

# नगर निगम आम निर्वाचन के अंतर्गत सामग्री वितरण व वापसी दलों को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर नगर निगम आम निवार्चन 2025 के अंतर्गत सामग्री वितरण व् वापसी प्रशिक्षण, भारती दिश्वविद्यालय ब्लॉक-सी, पुलगांव में दिया गया।नगर पालिक निगम आम निर्वाचन 2025 के सफल आयोजन के लिए निर्वाचन सामग्री वितरण व वापसी के लिए नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों व मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। आयुक्त एवं नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी लेना एक जिम्मेदारी वाला कार्य है जिसे सभी को सावधानीपूर्वक निर्वहन करना है। उन्होंने इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के संबंध में मतदान अधिकारी के ड्यूटी के अनुसार मतदान केन्द्र के संबंध में निर्वाचन सामग्री प्रदान करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि निर्वाचन सामग्री वापसी के दौरान ईव्हीएम मशीन के साथ विशेष पहचान वाले महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक वापस लेना होगा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर आयुक्त एवं नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल, तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, उपायुक्त एवं सहायक नोडल अधिकारी मोहेंद्र साहू के अलावा मास्टर ट्रेनर्स जी एस बंछोर, जगदीश धीर, सेक्टर अधिकारी, नारायण सिंह यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# भिलाई चरौदा निगम के कर्मचारियों ने मौन रखकर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को दी श्रद्धांजली



पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई/3
www.dailypioneer.com

नगर निगम भिलाई चरौदा कार्यालय में गुरूवार को शहीदों की स्मृति में मौन रखकर श्रद्धांजली दी गयी। इस दौरान निगम के सभी अधिकारी-कर्मचारियों की मौजूदगी रही। यह उल्लेखनीय है कि भारत हमारा देष जिसपर अनेक बाहरी हमलावरों ने आक्रमण किया और कुछ विदेषी ताकतों ने हमारी आपस के फूट के कारण हमपर दषको तक शासन भी किया। उन विपरीत स्थितियों में अपने प्राण की परवाह किये बिना गुलामी की जंजीरो को तोडने जिन वीर भारत के सपूतो ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया आज कुछ क्षणों के मौन से उन सभी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त निगम परिवार द्वारा की गयी। निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत के निर्देशानुसार मौन श्रद्धांजली कार्यक्रम में सहायक लेखाधिकारी अजय वर्मा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चन्द्राकर, स्थापना प्रभारी तारिणी वर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक लिंगेश्वर राव, सहायक ग्रेड-02 सुखनंदन यादव, सहायक ग्रेड 02 अभिलाषा श्रीवास्तव, सहायक ग्रेड 02 यशवंत ठाकुर, आयुक्त के स्टेनों चेतन देवांगन, सहायक ग्रेड 03 चंद्रकांती साहू, सहायक राजस्व निरीक्षक कन्हैया सोनी, कार्य सहायक ग्रेड 02 अशोक शर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक पदुम देशलहरे, सहायक गेड 03 मुकेश यादव, कल्याणी शर्मा, सीएलटीसी अंकित साहू, चुम्मन साहू, नीरा साहू, शांति बाई, शशि यादव, सुशीला मंडावी ये समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

# आबकारी एक्ट का एक प्रकरण में आरोपी के कब्जे से 11 पौवा देशी मशाला शराब जप्त




पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत 29.01.2025 को पुलिस चौकी कंडरका को जरिये मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम भिंभौरी का कौशल कुमार साहू नामक व्यक्ति ग्राम भिंभौरी के स्कुल के पीछे सडक किनारे अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है कि सूचना पर पुलिस चौकी कंडरका स्टाफगवाहों के साथ मौके पर पहुचकर रेड कार्यवाही किया गया। जिस पर चौकी कंडरका थाना बेरला में अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु परिवहन करने का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी कौशल कुमार साहू पिता स्व. शरद साहू उम्र 40 साल साकिन भिंभौरी के कब्जे से 11 पौवा देशी शराब (1,980एमएल) किमती करीबन 1,210/- रूपये एवं बिक्री रकम 550/- रूपये, कुल जुमला कीमती 1,760/- रूपये के साथ पकड़ कर आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया। आरोपी कौशल कुमार साहू पिता स्वं. शरद साहू उम्र 40 साल साकिन भिंभौरी, चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा है। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी कंडरका प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कंवल सिंह नेताम, सउनि तुलाराम देशमुख, प्रधान आरक्षक पोषण साहू एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# थैलेसीमिया से प्रभावित बच्चों के लिए 98 लोगों ने किया रक्तदान



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नवागढ़ के मुख्यालय में सिख धर्म की आस्था का प्रतीक गुरुद्वारा में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 30 जनवरी को थैलेसीमिया से प्रभावित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन स्व, राजा गांधी की स्मृति में रखा गया जिसमें क्षेत्र भर के युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें 98 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर शिविर को सफल बनाया है और नवागढ़ क्षेत्र में इस प्रकार की सेवा भावना से लोगों में एकता और भाई चारे का उदय हुआ है आयोजन करता गणेशु यादव, परमेश्वर पात्रे,अनमोल गांधी, राकेश साहू, मुकेश बिसेन के द्वारा रखा जानकारी देते हुए परमेश्वर पात्रे ने बताया कि हम लोगों ने पिछले तीन वर्ष से रक्तदान शिविर का आयोजन करते आ रहे हैं जो प्रतिवर्ष 30 जनवरी को आयोजित होता है जिसको नवागढ़ की देव तृल्य जनता जनार्दन के द्वारा सफल बनाया जाता है जोकि प्रति वर्ष आगे भी आयोजित होती रहेगी गणेशु यादव ने सभी रक्तदाताओं को हाथ जोड़कर नम आंखों से धन्यवाद श्रापित किया और कहा आप लोगों के स्नेह और सेवा भावना से कई बच्चों के जीवन बचाने में सहायता मिलती है और आगे भी शिविर प्रति वर्ष आयोजित होगी।

# नगर पंचायत पाटन के पूर्व उपाध्यक्ष ने नामांकन लिया वापस

पायनियर संवाददाता ∢ पाटन
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव में नामांकन जमा करने की तिथि समाप्त होने के बाद नामांकन वापसी की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है. भारतीय जनता पार्टी पाटन के प्रतिनिधि मंडल ने नेता, नगर पंचायत पाटन के पूर्व उपाध्यक्ष, देवांगन समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठीत व्यापारी भवन देवांगन ने भाजपा को समर्थन कर अपना नामांकन वापस ले लिया है साथ ही वार्ड क्रमांक 15 अटारी के युवा पार्षद नरोत्तम ठाकुर ने भी भाजपा पार्षद का समर्थन कर अपना नामांकन वापस ले लिया है।वरिष्ठ नेता भवन देवांगन ने भाजपा का समर्थन कर भाजपा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी योगेश निक्की भाले



को प्रचंड मतो से विजयी बनाने का संकल्प लेकर सभी को आशीर्वाद प्रदान करने की अपील की है। भाजपा प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रुप से प्रदेश प्रतिनिधि जीतेन्द्र वर्मा, चुनाव प्रभारी दिलीप साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी योगेश निक्की भाले, कृष्णा भाले, जगदीश मालपानी, नीलकंठ देवांगन, गोवर्धन बिजौरा, हर्ष भाले, मुरली देवांगन, पार्षद प्रत्याशी राज देवांगन, प्रकाश बिजौरा, केवल देवांगन, जितेन्द्र निर्मलकर, चिरंजीव देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, योगेंद्र गुहा, लक्ष्मण गोस्वामी, हिमालय यादव सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्यजन प्रमुख रुप से उपस्थित थे।



## घनाराम निषाद ने सरपंच के लिए नामांकन दाखिल किया

**बेमेतरा।** एथेनाल प्लांट विस्थापन के लिए कृत संकल्पित पूर्व सरपंच घनाराम निषाद ने रांका के सरपंच के लिए आवेदन भरा है। इससे पहले रांका में एक बैठक करके पूरे गांव से उन्हें समर्थन देने का वायदा करते हुए गुलाल लगाकर कर अपना आशीर्वाद दिया। नामांकन के लिए उनके साथ जनपद सदस्य सिद्दीक खान, अजिताभ मिश्रा, ललित मिश्रा, सामे लाल निषाद, रामलाल साहू, वीरेंद्र साहू, परमेश्वर साहू, विनय यदु, भागवत मारकंडे, प्रमिला महलंगे, रिंकी मारकंडे, पीलू साहू, गणेश देवांगन, सज्जाद खान, सहित बड़ी संख्या लोग उपस्थित रहे।

# श्याम जायसवाल ने भाजपा द्वारा अधिकृत प्रत्याशी तोरण साहू के समर्थन में नाम वापस लिया

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भाजपा की ओर से नगर पालिका अध्यक्ष पद के सबसे मजबूत दावेदार श्याम जायसवाल थे। अंतिम विचार पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने तोरण साहू व श्याम जायसवाल के बीच ही किया था। जिसके बाद शीर्ष नेतृत्व ने तोरण साहू के नाम पर अंतिम मुहर लगा दिया और तोरण साहू भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी बनाये गए जिसके बाद पार्टी के निर्देशानुसार श्याम जायसवाल ने भी भाजपा की तरफसे अपना नामांकन दाखिल किया था। भाजपा का बी फार्म तोरण साहू के नाम का जमा होने के बाद श्याम जायसवाल ने पार्टी के निर्देशानुसार अपना नामांकन वापस ले लिया है। श्याम जायसवाल ने बताया कि भाजपा पार्टी ने सभी दावेदारों के नाम से प्रमुखता से विचार किया है व पार्टी की टिकट किसी भी एक दावेदार को



ही मिलती है। हमारे शीर्ष नेतृत्व ने तोरण साहू के नाम पर भरोसा जताया है इसलिए मेरा भी पूरा समर्थन तोरण साहू के साथ है। श्याम जायसवाल ने आगे कहा कि भाजपा प्रत्याशी तोरण साहू को नगर पालिका अध्यक्ष बनाने अपनी पूरी ताकत लगा दूंगा। संगठन द्वारा दिए सभी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाऊंगा मुझे पूरी उम्मीद है। की इस बार दल्लीराजहरा नगरपालिका अध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी तोरण साहू विजय होकर दल्लीराजहरा के आम जनता के विकास हेतु काम करेंगे।

# फूटपाथ पर व्यवसाय करने वालो को वेडिंग जोन बनाकर व्यवस्थापित किया जाएगा



पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के बहुत सारे बाजार के जगहो पर रेहड़ी, चाट, खोमचा, फल, जूस, पान ठेला, मोची, धोबी, चना मूरा, आईसक्रीम पार्लर, चुस्की, चैमीन इत्यादि बेचने वाले अवैध रूप से दुकान लगाकर बेचते रहते है। निगम द्वारा बार-बार उन्हे हटाया जाता है। ऐसे फूटकर विक्रेताओ को व्यवस्थापित करने के लिए निगम के जोन-1 नेहरू नगर में 35 व्यवस्थित रूप से दुकानो का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें होगा पक्का निर्माण टायलेट ब्लाक, सोलार लाईट, पार्किग, सौदर्यीकरण इत्यादि जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ प्रस्तावित है। इससे व्यपारियो को एक स्थायीत्व मिल सके, निगम एवं विक्रेताओ के बिच एक अनुबंध होगा, उनको कागजात मिलेगा। जो स्थायित्व होगा, वे अवैध कब्जाधारी नहीं कहलायेगे। एक निर्धारित स्थल होगा, जहां पर आवश्यकतानुसार नागरिक आकर खरीद सकते है। शासन की महत्वकांक्षी योजना है, सभी को रोजगार मिले। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत को लेकर प्रस्तावित स्थल नेशनल हाईवे के समीप निरीक्षण करने गये। आयुक्त का कहना था, कि दुकाने ऐसी बने जो सबके लिए उपयोगी हो। डिजाईन, पार्किग, बैठने की व्यवस्था, लाईट, पीने का पानी, शौचालय, सौंदर्यीकरण आदि का उचित प्रबंध हो। यह भी ध्यान दिया जाये कि पेड़ इत्यादि न काटना पड़े। जो बेचने वाले एवं खरीदने वालो दोनो के लिए उपयोगी हो। निरीक्षण के दौरान अभियंता बसंत साहू, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू, जनसम्पर्क अधिकारी अजय कुमार शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का फरवरी मे होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सर्व नाई सेन समाज कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ट प्रांतीय कार्यकारिणी का बैठक किया गया। उक्त बैठक मे प्रकोष्ट के नवीन पदाधिकारियो का परिचय देकर, स्वागत किया गया। बैठक मे सभी संभाग से सम्मिलित प्रतिनिधियों द्वारा आगामी समय मे प्रकोष्ट का विस्ता प्रत्येक जिले तक हो इस पर जोर दिया गया। साथ कि पूरे 33 जिले मे कैसे कार्यकारिणी विस्तार किया जाये इस पर रणिनीति बनाई गयी। कार्यकारिणी कि बैठक लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष लोकनाथ सेन द्वारा समस्त पदाधिकारियो से विचार आमंत्रित किया गया। विचार रखते हुए



उपस्थित पदाधिकारियो द्वारा सभी जिलों को साथ रखना, प्रांत, जिला, तहसील ब्लॉक स्तर पर कर्मचारी अधिकारियो कि सूची बनाना, वर्तमान जिला मे जहां-जहां सर्व नाई सेन समाज कि जिला कार्यकारणी है उनसे मार्गदर्शन लेना, कर्मचारी को समाज के मूलधारा से जोड़ना, कर्मचारी समाजिक रूप से समय दे सकते है ऐसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करते हुए सुझाव दिये गये। जिसके पश्चात सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रांत स्तर पर कर्मचारियों अधिकारियो का सूची तैयार करना, जिसके लिए ऑफलाइन ऑनलाइन मुहीम चलाया जायेगा, प्रकोष्ट हेतु सदस्यता कार्यक्रम का आयोजन, सभी जिलों मे कार्यकारिणी विस्तार के लिए पहले चरण मे सभी पांच संभाग मे संभाग प्रभारी बनाये जाने पर सहमति बनी जिनकी घोषणा जल्द किया जायेगा। जिनके द्वारा फरवरी माह मे सभी 33 जिला से जिला प्रभारी का नाम प्रस्तावित करने का लक्ष्य रखा गया हैं। कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ट द्वारा रचनात्मक कार्यो को प्रमुखता से करने का निर्णय लिया गया है।

# 4 अभ्यर्थियों का नामांकन खारिज: नगर निगम दुर्ग अंतर्गत संवीक्षा के दौरान 285 नामांकन

## महापौर के दोनों प्रत्याशियों का नामांकन विधिमान्य, नगर पालिका एवं नगर पंचायत में अध्यक्ष/पार्षदों का सभी नामांकन विधिमान्य

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 अंतर्गत नगर पालिक निगम दुर्ग एवं नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के महापौर/ अध्यक्ष/ पार्षद पदों हेतु प्राप्त नामांकनों का संवीक्षा की गई। नगर निगम दुर्ग के महापौर पद हेतु अलका बाघमार (भारतीय जनता पार्टी) और प्रेमलता पोषण साहू (इंडियन नेशनल कांग्रेस) का नामांकन विधिमान्य पाया गया। निगम क्षेत्र अंतर्गत 60 वार्डो में पार्षद पद हेतु प्राप्त 285 नामांकनों में से 281 नामांकन विधिमान्य पाये गये हैं। वार्ड क्रमांक-13, 16, 19 एवं वार्ड 24 के एक-एक प्रत्याशी का नामांकन अस्वीकृत किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 13 से अजित कुमार वैद्य के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में दो नाम निर्देशन पत्र क्रमांक 4 (1) व (2) प्रस्तुत किया गया है। आपत्तिकर्ता संजय कोहले द्वारा प्रस्तुत आपत्ति की सुनवाई की गई। नगर पालिक निगम निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी के लिए निर्वाचक सदर्शिका (जहां इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन अप्रयुक्त की जाये) 2005 छ.ग. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित निर्वाचक संदर्शिका के अध्याय 7 नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की कंडिका 7.4 नाम निर्देशन पत्र अस्वीकृति का आधार के कंडिका 7.4.1.1 अनुसार आवेदक द्वारा किसी पार्षद पद के स्थान के लिए किसी अभ्यर्थी ने एक से अधिक वाडों के लिए नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया गया है, केवल उसी वार्ड के नाम निर्देशन पत्र/पत्रों की संवीक्षा की जानी चाहिए तथा अन्य वार्डो के लिए प्रस्तुत नाम निर्देशन पत्र सीधे अस्वीकृत कर दिये जाने चाहिए। अतएव उपरोक्त आधार पर अभ्यर्थी का वार्ड 12 में नाम निर्देशन स्वीकृत होने से वार्ड 13 का नाम निर्देशन अस्वीकृत किया गया है। वार्ड क्रमांक 16 से संदीप शर्मा के द्वारा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में एक नाम निर्देशन पत्र क्रमांक 9 (1) प्रस्तुत किया गया है। उनके द्वारा प्रस्तुत नाम निर्देशन पत्र व दस्तावेजों के परीक्षण में प्रस्तुत नाम निर्देशन पत्र अपूर्ण, शपथ पत्र नोटरी नहीं कराया गया है, फोटो अप्राप्त है, विधिमान्य नहीं होने से अस्वीकृत किया गया है। वार्ड क्रमांक 19 से तारा टंडन के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में एक नाम निर्देशन पत्र (5) / (1) प्रस्तुत किया गया है। उनके द्वारा प्रस्तुत नाम निर्देशन पत्र व दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत निर्देशन पत्र के साथ जाति संबंधी प्रमाण पत्र या शपथ पत्र (घोषणा पत्र) दोनों प्रस्तुत नहीं किये जाने से अस्वीकार किया गया है। वार्ड क्रमांक 24 से शीतल सरवैया के द्वारा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में एक नाम निर्देशन पत्र (3) / (1) प्रस्तुत किया गया है। उनके द्वारा प्रस्तुत नाम निर्देशन पत्र व दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत निर्देशन पत्र विधिमान्य नहीं होने से प्रस्तावक के हस्ताक्षर नहीं होने से अस्वीकृत किया गया है। नगर पालिक परिषद कुम्हारी में अध्यक्ष पद हेतु सभी 03 नामांकन, अहिवारा में सभी 10 नामांकन, अमलेश्वर में सभी 05 नामांकन विधिमान्य पाये गये हैं। इसी प्रकार नगर पंचायत धमधा में अध्यक्ष पद हेतु सभी 05 नामांकन, पाटन में सभी 06 नामांकन एवं उतई में सभी 06 नामांकन विधिमान्य पाये गये हैं। नगर पालिका परिषद कुम्हारी में पार्षद के सभी 77 नामांकन, अहिवारा में सभी 57 नामांकन, अमलेश्वर में सभी 66 नामांकन विधिमान्य पाये गये हैं।

# जिला पंचायत सदस्य हेतु 05 नामांकन हुए जमा, पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्य हेतु बड़ी तदाद में हुआ नामांकन

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन वर्ष 2024-25 में जिला दुर्ग अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 27 जनवरी 2025 से प्रारंभ हो गई है। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 03 फरवरी 2025 समय 10.30 बजे से 3.00 बजे तक निर्धारित है। जिला पंचायत सदस्य हेतु नामांकन जिला पंचायत भवन दुर्ग में एवं जनपद पंचायत सदस्य हेतु नामांकन विकासखण्ड मुख्यालय स्थित संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय दुर्ग/धमधा/पाटन में प्राप्त किया जा रहा है। पंच एवं सरपंच पद हेतु तीनों जनपद पंचायत क्षेत्र में विभिन्न सेक्टर/कलस्टर मुख्यालय प्राप्त किये जा रहे है। जिला पंचायत सदस्य के लिए आज 30 जनवरी 2025 को 05 नामांकन रिटर्निंग अधिकारी बजरंग कुमार दुबे के द्वारा प्राप्त किया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत पंच पद हेतु 593 नामांकन पत्र प्राप्त हुए, सरपंच पद हेतु 111 नामांकन पत्र प्राप्त हुए और जनपद सदस्य हेतु 15 नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी मीना साहू एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा प्राप्त किये गये तथा जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत पंच पद हेतु 304 नामांकन पत्र प्राप्त किये गये, सरपंच पद हेतु 21 नामांकन पत्र प्राप्त किये।

## शपथ पत्र

मैं प्रभात मिश्रा उम्र 51 वर्ष पिता स्व. श्री एस. एन. मिश्रा निवासी-41/299 नंदी चौक टिकरापारा (छ.ग.) आधार कार्ड क्रमांक-3545 3805 6787 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करता हूं:-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि, अभिधा मिश्रा मेरी पुत्री है। उसका आधार नंबर-8021 7005 4006 है जो वर्तमान में बालिग हो चुकी है।
3. यह कि, मेरी पुत्री नाबालिक थी उस समय उसके नाम पर केनरा बैंक मुख्य शाखा में केन चेम्प खाता क्रमांक 0381109023431 खुलवाया था जिसमें उसका नाम नव्या मिश्रा था।
4. यह कि, अभिधा मिश्रा एवं नव्या मिश्रा उक्त दोनों नाम मेरी पुत्री का है उसके नाम पर उपरोक्त वर्णित खाता को बंद करवाना चाहता हूं जिस हेतु यह शपथपत्र प्रस्तुत करना हूं।

**शपथकर्ता**

### सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ की कंडिका 01 से 04 में वर्णित कथन मेरे स्वयं की जानकारी व ज्ञान से सत्य व सही है जिसे आज दिनांक को स्थान रायपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**सत्यापनकर्ता**

## संपादकीय

### भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक योगदान

**भारत** की अर्थव्यवस्था सारी दुनिया की प्रगति में अपना योगदान कर रही है। यह गति बनाए रखने के लिए आगामी बजट में सही नीतियों की आवश्यकता है। विश्व बाजारों में बाधाओं के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से प्रगति कर रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपनी गतिशीलता बनाए रखी है और वह अगले दो साल तक इसे बरकरार रखेगी। विश्व बैंक की जनवरी, 2025 में प्रस्तुत 'ग्लोबल इकोनोमिक प्रोस्पेक्ट्स रिपोर्ट' के अनुसार भारत दुनिया की सबसे तेज प्रगति करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था का अपना दर्जा बनाए रखेगा। वित्त वर्ष 26 और 27 में उसके 6.7 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर प्राप्त करने की आशा है। यह उल्लेखनीय मार्ग न केवल 2.7 प्रतिशत की वैश्विक वृद्धि दर से आगे जाता है, बल्कि विश्व आर्थिक परिदृश्य में भारत का महत्वपूर्ण देश के रूप में स्थान बनाए रखता है। भारत का जीवन्त आर्थिक प्रदर्शन कई प्रमुख कारणों से है। सेवा क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है जो सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी तथा रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान करता है। आईटी सेवायें, वित्त तकनीक तथा स्वास्थ्यरक्षा प्रगति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'मेक इन इंडिया' तथा 'प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेटिव'-पीएलआई योजना जैसी सरकारी पहलों ने विनिर्माण में सहायता देने के साथ ही खोज को बढ़ावा दिया है तथा घरेलू और विदेशी निवेशकों को आकर्षित किया है। ढांचागत संरचना, जैसे सड़कों, रेलवे व डिजिटल कनेक्टिविटी में निवेशों ने आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया है तथा उत्पादकता बढ़ाई है।



भारत की आर्थिक प्रगति वैश्विक संदर्भ में उल्लेखनीय है जहां वृद्धि बहुत मामूली है। अगले वर्ष चीन की वृद्धि दर धीमी होकर 4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, ऐसे में भारत का लगातार विस्तार उसके बढ़ते महत्व को रेखांकित करता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष की 'वर्ड इकोनोमिक आउटलुक' विश्व बैंक के अनुमानों की तरह है जिसने 2025 और 2026 में भारत की 6.5 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। इससे देश के स्थिर आर्थिक मूलाधार और मजबूत होते हैं। लेकिन इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद भारत को अनेक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है जिन पर खासकर वित्त वर्ष 26 के आगामी बजट में ध्यान देने की आवश्यकता है। हालांकि, वृद्धि दर जीवन्त है, पर हमें तत्काल भारत की बढ़ती युवा जनसंख्या के लिए उपयुक्त रोजगार अवसर सृजित करने की आवश्यकता है। विश्व स्तर पर वस्तुओं की बढ़ती कीमतें तथा घरेलू सप्लाई श्रृंखला की बाधाओं को संबोधित करने की आवश्यकता है जो मूल्य स्थिरीकरण के लिए खतरा पैदा करती हैं। आर्थिक वृद्धि को प्रभावित किए बिना मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए प्रभावी मौद्रिक और राजकोषीय उपायों की जरूरत है। ढांचागत संरचना और समाज कल्याण पर खर्च बढ़ाने के साथ राजकोषीय अनुशासन बनाए रखना नीति निर्माताओं के लिए संतुलनकारी काम होगा। कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है। लेकिन वह अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है जिनमें मानसूनों की अनियमितता, कम उत्पादकता तथा बाजार विसंगतियां शामिल हैं। इस क्षेत्र के आधुनिकीकरण व स्थिरीकरण के लिए समग्र सुधारों की जरूरत है। भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार विवाद, अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने का खतरा तथा जलवायु परिवर्तन जैसे बाहरी जोखिमों का भी भारत की आर्थिक वृद्धि पर प्रभाव पड़ता है। इन अनिश्चितताओं का मुकाबला करने के लिए आर्थिक मजबूती बढ़ाना जरूरी है। बजट पेश करने की तैयारी कर रही वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण को भारत की तेज आर्थिक वृद्धि दर बनाए रखने के लिए इन चुनौतियों को संबोधित करना चाहिए। इस दृष्टिकोण से शिक्षा, स्वास्थ्यरक्षा तथा कौशल विकास में निवेशों से सुनिश्चित होगा कि देश की आर्थिक वृद्धि के लाभ सारी जनता तक पहुंचेंगे।

# वर्तमान विश्व में गांधी जी की विरासत

वर्तमान समय में अनेक समाज असहमति और विभाजन के शिकार हैं। ऐसे में गांधीजी की विरासत हमें संवाद, सद्भावना व एकता के लिए प्रेरित करती है।



**राजदीप पाठक**
(लेखक, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति से संबद्ध हैं)



30 जनवरी, 1948 को तीन गोलियों ने महात्मा गांधी के शरीर का अंत कर दिया, पर उनके आदर्श आज भी हमारे साथ बने हुए हैं और पूर्णत: प्रासांगिक हैं। गांधीजी के भौतिक मौन ने उनके अहिंसा, सुलह-समझौते व समझदारी के संदेशों को अमर बना दिया है। निधन के 75 साल बाद भी उनकी शिक्षायें पहले की तरह जीवन्त बनी हुई हैं तथा वे लगातार अधैर्य, असहिष्णुता व ध्रुवीकरण का सामना कर रही दुनिया में तेजी से अपना महत्व प्रकट कर रही हैं। उनकी गूंज हर जगह सुनाई दे रही है। दुनिया के समक्ष उपस्थित इन चुनौतियों को देखते हुए गांधीजी का जीवन और उनके कार्य लगातार मानवता को प्रेरित कर रहे हैं कि वह धैर्य, संवेदना तथा रचनात्मक संवाद के मूल्यों की पुन: खोज करे। हमारे ध्रुवीकृत वैश्विक समाज में जहां विभाजन और गहरे होते जा रहे हैं, वहीं असहमतियां अक्सर शत्रुता में बदलती दिख रही हैं। ऐसे में गांधीजी का दर्शन हमारे सामने आशा की किरण की तरह सामने आता है। गांधीजी के नश्वर शरीर पर चलाई गई तीन गोलियों के बाद पैदा मौन हमारे सामने एक महत्वपूर्ण सवाल छोड़ता है। क्या मानवता आज बिना हिंसा का रास्ता अपनाए अपने भीतर व्याप्त विभाजनों को दूर कर सकती है? हालांकि गांधीजी का संदेश एक विशिष्ट ऐतिहासिक संदर्भ में उभरा था, पर उसकी प्रासांगिकता ने समय की सीमायें पार की हैं और वह आज अधीरता और असहमतियों का प्रभावी जवाब है जो हमारी साझा मानवता के समक्ष गंभीर खतरा पैदा कर रही हैं। इनसे निपटने के लिए हमें गांधीजी के आदर्शों को शिक्षा में पुनर्जीवित करना होगा। युवा पीढ़ियों की शिक्षा में धैर्य, संवाद और संवेदना जैसे मूल्यों को तत्काल स्थापित करना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

इन सिद्धान्तों से जल्दी परिचय भविष्य के नेताओं को स्वरूप दे सकता है। 'टेक गांधी टु स्कूल्स' जैसी पहलों का उद्देश्य गांधीवादी दर्शन को बच्चों के जीवन में कहानियों, चर्चाओं तथा प्रायोगिक शिक्षण के माध्यम से जोड़ना है। ये कार्यक्रम उपदेश देने से आगे जाते हैं और छात्रों में अहिंसा तथा सह-अस्तित्व की भावनायें पैदा करते हैं। उदाहरण के लिए, कक्षा में होने वाले टकरावों के प्रबंधन से छात्र संवेदना तथा ध्यान से सुनने के माध्यम से असहमतियों से निपटने के सबक सीखते हैं। बाद में वे ये कौशल सारी दुनिया में फैलाते हैं। शिक्षक व समुदायों के नेता भी इन मूल्यों को प्रसारित करते हैं।

अहिंसक संवाद, ध्यान व टकराव समाधान पर कार्यशालाओं से ये अमूर्त अवधारणायें कारगर व्यवहारों में बदल जाती हैं। इन उपकरणों का प्रयोग विविधतापूर्ण स्थितियों में किया गया है जिनमें घरेलू विवादों के समाधान से लेकर टकराव-ग्रस्त समुदायों में विश्वास बहाली तक शामिल हैं। सुलह-समझौते की गांधीवादी भावना की जड़ें क्षमा करने, अहिंसा और संवाद में निहित हैं जो सर्वाधिक गंभीर विभाजनों से निपटने और घावों पर मरहम लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका करते हैं।

सुलह-समझौते की परिवर्तनकारी शक्ति बहुत महत्वपूर्ण है। सुलह-समझौते के प्रति गांधीजी का दृष्टिकोण केवल टकरावों का समाधान न होकर संबंधों की पुन: बहाली तक विस्तारित था। उनका

> हमारे ध्रुवीकृत वैश्विक समाज में जहां विभाजन और गहरे होते जा रहे हैं, वहीं असहमतियां अक्सर शत्रुता में बदलती दिख रही हैं। ऐसे में गांधीजी का दर्शन हमारे सामने आशा की किरण की तरह सामने आता है। गांधीजी के नश्वर शरीर पर चलाई गई तीन गोलियों के बाद पैदा मौन हमारे सामने एक महत्वपूर्ण सवाल छोड़ता है।

विश्वास था कि साहस के साथ अन्याय का सामना किया जाना चाहिए, लेकिन इसके बावजूद गलत काम करने वाले के प्रति कोई घृणा नहीं होनी चाहिए। यह गांधीवादी दर्शन बदले पर सामंजस्य को प्राथमिकता देता है तथा समझदारी व सामूहिक बेहतरी पर जोर देता है। आर्चबिशप डेसमंड टूटू ने इस विश्वास को स्पष्ट करते हुए कहा था, 'सच्चा सुलह-समझौता गलतियों, विसंगतियों, आघात एवं सच्चाई को उजागर करता है।' इसी प्रकार गांधीजी के विचारों से प्रभावित नेल्सन मंडेला ने क्षमा को स्थाई शांति के लिए एक उपकरण माना है। उन्होंने जोर देकर कहा, 'साहसी लोग शांति स्थापना के उद्देश्य से क्षमा करने से डरते नहीं हैं।'


इन सिद्धान्तों को शिक्षा और सामाजिक विमर्श में समाहित कर गांधीजी की विरासत एक समारोह से आगे जाती है और हमारे सामने जीवन्त यथार्थ बन जाती है। क्षमा, अंतर-धार्मिक सामंजस्य, आदि विषयों पर सेमिनारों और चर्चाओं के साथ ही प्रतिभागियों के बीच संवाद से इन मूल्यों को गहराई से अंगीकार करने की भावना पैदा होती है। इस प्रकार के गहन अनुभव युवा मस्तिष्कों में परिवर्तन के महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में अहिंसा की भावना स्थापित करने में सहायक सिद्ध होते हैं। गांधीजी की विरासत को स्थाई बनाने के दृष्टिकोण से 'गांधी स्मृति' एक जीवन्त श्रृद्धांजलि के रूप में सामने आती है। 'गांधी स्मृति' गांधीजी की स्थाई विरासत के केन्द्र में है और वहां स्थापित है जहां गांधीजी ने अपने जीवन के अंतिम दिन बिताए थे। दिल्ली में 5, तीस जनवरी मार्ग पर स्थित यह ऐतिहासिक स्थान पहले बिड़ला हाउस था। इसका बहुत महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थान है। गांधीजी यहां 9 सितंबर, 1947 को आए थे क्योंकि इसके पहले उनके लक्षित आवास पर विभाजन के बाद पश्चिम पंजाब से आए शरणार्थियों ने कब्जा कर लिया था। आज गांधी स्मृति एक राष्ट्रीय स्मारक है जिसमें संग्रहालय, गांधीजी का संरक्षित कमरा और वह प्रार्थना स्थल है जहां वे शाम को बैठकें करते थे।

यह दुनिया भर के आगंतुकों को अपनी ओर आकर्षित करता है और तीर्थस्थल के रूप में सम्मानित है। यह उस त्रासदी की याद दिलाता है जिसने गांधीजी के भौतिक जीवन को समाप्त कर दिया था। लेकिन इसके बावजूद 'गांधी स्मृति' एक विरासती स्थल से आगे जाता है। यह एक शैक्षणिक केन्द्र है जहां सभी आयुवर्ग के लोग, खासकर बच्चे साहस, संवेदना और जिम्मेदार नागरिकता के सबक सीखते हैं। हर वर्ष गांधीजी की जन्म जयंती और पुण्य तिथि के अवसर पर बच्चे शाम को प्रार्थना बैठक में संगीतमय श्रृद्धांजलि देते हैं। इन आयोजनों से गांधीजी का यह विश्वास मूर्त रूप लेता है कि शांति का प्रारंभ बच्चों से होता है। गांधीजी ने कहा था, 'यदि हम दुनिया में असली शांति सिखाना चाहते हैं तो इसकी शुरुआत हमें बच्चों से करनी चाहिए।'

आज गांधीजी के सिद्धान्तों पर अमल की आवश्यकता है। गांधीजी ने अहिंसा, सुलह-समझौते तथा समझदारी की पैरवी की थी। ये केवल अतीत की सजावटी चीजें न होकर आधुनिक चुनौतियों से निपटने के महत्वपूर्ण हथियार हैं। उनकी शिक्षायें हमें याद दिलाती हैं कि परिवर्तन की शुरुआत दया, संवेदना तथा रचनात्मक संवाद से होती है। बच्चों के मन में इन मूल्यों को पोषित करने से हम ज्यादा सामंजस्यपूर्ण भविष्य की नीव डालते हैं।

गांधीजी के जीवन और दर्शन की याद करते हुए हमें स्मरण रखना चाहिए कि गांधीजी के शरीर का अंत करने वाली तीन गोलियां एक समाप्ति न होकर प्रारंभ था। इससे हमें विभाजनों को एकता, दुश्मनी को समझदारी तथा निराशा को आशा में बदलने की प्रेरणा मिलती है। शांति का मार्ग लंबा और थका देने वाला है, पर इसकी शुरुआत इस साहसी विश्वास से होती है कि अहिंसा की शक्ति तथा अगली पीढ़ी के दिलों में आशा की किरण पैदा करने से हम इसे प्राप्त कर सकते हैं।

# बसंत पंचमी चिंतन आलेख : हंस वाहिनी माई को हंसाएं



**विजय मिश्रा 'अमित'**
वरिष्ठ लोक हिंदी रंगकर्मी
सुंदर नगर रायपुर

**बसंत** पंचमी के एक दिन पहले कॉपी- किताब और अलमारी की सफाई कर रहा था। किताबों में लगे फटे चिथड़े जिल्द को बदलते भी जा रहा था। तभी अलमारी के कोने से किसी के सिसकने रोने की आवाज आई। अलमारी के पीछे झांककर देखा तो भौंचक्का रह गया, दरअसल वहां पड़ी सरस्वती माई की फोटो रो रही थी।

फोटो को जब मैंने उठाया तो धूल की पर्त फोटो के ऊपर जमी हुई दिखाई दी। मैंने पूछा क्या हो गया माई? क्यों कलप कलप कर रो रही हो? तब फ्रेम के भीतर जड़ी हुई माई बोली- मेरा दुःख दर्द पूछने वाले तुम कौन परोपकारी हो बाबू ठीक से दिखाई नहीं दे रहे हो। कांच के ऊपर जमी धूल की पर्त को साफ करोगे तभी तो देख पाऊंगी।

सरस्वती माई की फोटो के ऊपर जमी धूल की पर्त को मैंने जैसे ही टॉवल से साफ किया। माई मुझे झट से पहचान गईं। वे बोली-अच्छा अच्छा...। याद आया। तुम्हीं तो मुझे पिछले वर्ष मुझे बसंत पंचमी के दिन बाजार से खरीद कर लाए थे। उनकी बातें सुनकर मैं बछड़े की तरह कूलकते हुए बोला- हां माई, मैं ही तुम्हें बाजार से लाया था। विधि-विधान से पूजा करके खुबसूरत फूलमाला अर्पित भी किया था। आपने मुझे पहचान लिया यह मेरे लिए बड़ी खुशी की बात है।

तुम्हें कैसे नहीं पहचानूंगी बाबू। कहते हुए माई ने तल्ख़ लहज़े में कहा-देख रहे हो न। पिछले वर्ष जिस माला को मुझे पहनाए थे, वह आज तक मेरे गले में फांसी के फंदे की तरह लटका हुआ है। वह भी तुम्हारी प्रतीक्षा में पड़ा हुआ है कि कब उसे तुम किसी नदी तालाब में ठंडा करोगे। खैर, वर्ष में एक बार मेरी सफाई करने की याद तो तुम्हें आ ही गई।

हां माई कल बसंत पंचमी है। मैंने तय किया कि कल मैं 'रेजोल्यूशन' लूंगा कि हर दिन सुबह तुम्हारी पूजा किया करूंगा। मेरी बात सुनकर माई आंखें फाड़ते हुए बोली- ए 'रेजोल्यूशन' क्या होता है बाबू? किसी नए फल या मिठाई का नाम है क्या? ऐसे शब्द तो मैने गढ़े नहीं है।

माई की यह बात सुनकर मुझे बरबस हंसी आ गई। हंसते-हंसते मैंने कहा- माई हिंदी में जिसे 'संकल्प' कहते हैं। उसे ही विदेशी अंग्रेजी भाषा में



'रेजोल्यूशन' कहते हैं। इतना सुनते ही सरस्वती माई माथा ठोकते हुए बोली- तुम्हारे बढ़ते हुए ज्ञान को देखकर मुझे खुशी तो हो रही है पर मुझे ऐसा आभार हो रहा है कि तुम लोग विदेशी भाषा को बोलते समय गर्व महसूस करते हो और अपनी बोली भाषा से परहेज करते हो।

अपनी बात को आगे बढ़ाने के पहले माई लंबी सांस छोड़ते हुए बोली- बेटा, मेरी बात कान खोल कर सुन लो। तुम्हारे जैसे ना जाने कितने लोग कर्म- धर्म को निभाने की कसम खाते हैं। संकल्प लेते हैं पर वह केवल चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात की तरह ही होती है। देख लेना दो-चार दिन के बाद तुम भी मेरी पूजा पाठ करना भूल जाओगे और मैं फिर से धूल धूसरित हो जाऊंगी। तुम लोग......।

माई की बात को बीच में ही काटते हुए मैंने बलपूर्वक कहा - नहीं नहीं माई। अब दुबारा ऐसी गलती नहीं करूंगा। करबद्ध विनती कर रहा हूं। अपनी कृपा दृष्टि मुझ पर बनाए रखना। सावन की झड़ी की तरह आशीर्वाद की वर्षा करना ताकि मेरी कलम की धार अनवरत बनी रहे। कलम से निकली कहानी-कविताओं से मुझे पद्मश्री जैसे पुरस्कार की प्राप्ति हो।अगर आपकी ऐसी महान अनुकंपा हुई तो मैं पाव भर पेड़ा आपके चरणों में अर्पित करूंगा।

वाह बेटा वाह। कहते हुए माई खिल खिलाकर हंस पड़ीं और बोली - यही है आजकल के सपूतों का रंग ढंग। जो मां तुम्हें जन्म देती है। खुद भूखी रहकर अपना खून जलाकर तुम्हें दूध पिलाती है।पालती पोसती है। उसकी कीमत तुम लोग पाव भर पेड़ा के बराबर समझते हो। इतना कहते कहते माई का गला भर आया था। वह रूंधे गले से बोली- बेटा मेरी इस बात को हृदय में आजीवन बसाकर रखना कि मइयां का प्यार उधार में नहीं मिलता और मइयां का दूध भी बाज़ार में खरीदने पर नहीं मिलता।

माई इतना कह कर क्षण भर रूक गई। अपनी आंखों से छलकते हुए आंसुओं को पोंछने के बाद बोलीं- यह बात तो तुम जानते हुई हो कि बसंत पंचमी के दिन ही मेरी वीणा के झंकार से ध्वनि की उत्पत्ति हुई थी। जीव- जंतुओं सहित प्रकृति में सूर-लय- ताल- शब्दों की संरचना हुई थी। ऐसे गुणों से युक्त जो माई तुम्हें जन्म देकर बोलना सिखाती है।बड़े होकर उसी माई को तुम लोग चुप रहना सिखा देते हो।यह बस देखकर तो लगता है कि माई की भलाई तो इसी में है कि वह कपूतों को जन्म देने के बजाय बांझ ही बनी रहे।

सरस्वती माई के एक-एक शब्द मेरे भीतर नोकदार आरी की तरह चल रहे थे। अब रोने सिसकने की बारी मेरी आ गई थी।माई की फोटो को छाती से लिपटाते हुए मैंने कहा- क्षमा करना माई। मेरी आंखों में स्वार्थ का जाला पड़ गया था। आज वह पूरी तरह से धूल गया है।आज के बाद किसी भी माई को मान सम्मान देने में कमी नहीं करूंगा। मेरा दृढ़ संकल्प है।

मेरी बात सुनकर सरस्वती माई के चेहरे पर मुस्कान आ गई। वह मेरे सिर पर हाथ रखते हुए बोली- बेटा जब जागे तभी सबेरा। मेरा आशीर्वाद है तुम्हारी कलम की धार सदा सही दिशा में बहती रहे।

## आप की बात

### भावनाओं पर नियंत्रण जरूरी

**देश** आस्थावानों से भरा पड़ा है। छोटे-मोटे पर्वों पर भी लोग धार्मिक स्थलों और नदी क्षेत्रों में बड़ी तादाद में उमड़ पड़ते हैं। प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ दुखद और चिंताजनक तो है ही धार्मिक आयोजनों में बढ़ती भीड़ प्रबंधन के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। पिछले दो कुंभ आयोजनों 1954 और 2013 में अप्रत्याशित हादसों के बाद सुधार के लिए अमल में लायें गए उपाय बढ़ती आबादी के आगे छोटे साबित हो रहे हैं। चाहे कोई बड़ा धार्मिक आयोजन हो या कुंभ अथवा सिंहस्थ भीड़ के रेले में अनियंत्रित भीड़ के कारण अव्यवस्था के शिकार हो जाते हैं जो बड़ी जन-धन हानि की वजह बनते है इस भीड़ में जब विशिष्ट सरकारी अतिथि, कोई बड़ी हस्ती की उपस्थिति हो तो सुरक्षा को ठेंगा अवश्य देखने में आता है। हादसा भीड़ में आत्मसंयम की बड़ी कमजोरी से होना माना जाता है जो छोटे से कार्यक्रम में भी जरूरी होती है। लोग आगे आने के लिए संयम तोड़ बेठते हैं और नतीजन हादसे हो जाते है। अक्सर धार्मिक आयोजनों में ऐसे स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था केवल नियंत्रण भर की होती है लेकिन इस हादसे के बाद अब उसका सख्त होना बहुत जरूरी हो गया है। भीड़ प्रबंधन के माकुल इंतजाम एक व्यवहारिक आचार संहिता के जरिए तय किए जाने चाहिए जिससे धार्मिक आयोजन सुरक्षित और गरिमापूर्ण बने रहें ही और हादसों से उन्हें कलंकित होने से भी बचाया जा सके।

**- अमृतलाल मारू**, इंदौर

### केजरीवाल का चरित्र

**शीला** दीक्षित से रॉबर्ट वाड्रा सहित कांग्रेस के नेतृत्व के प्रति भ्रष्टाचार के आरोपों की झड़ी, जनलोकपाल से लेकर कांग्रेस से कैसा भी गठजोड़ नहीं करने के लिए अपने ही बच्चों की शपथ, सरकारी गाड़ी, सुरक्षा और निवास न लेने का संकल्प, नितिन गडकरी पर आरोप मढ़ने से बाद में क्षमायाचना की कथा, पंजाब विधानसभा चुनाव में अकाली नेता विक्रम मजीठिया पर पंजाब में नशा व्यापार का आरोप फिर माफी। आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल का यही चरित्र है इसलिए जब उसने हरियाणा द्वारा दिल्ली के पानी को विषैला बनाने का दावा किया तो आश्चर्यचकित होने की अपेक्षा ऐसे राजनेता को राजनीति से विलग कर देना मतदाता का दायित्व है और चुनाव आयोग का भी । झूठ, पाखण्ड, अराजकता, धूर्तता, कुटिलता ही केजरीवाल के राजनीतिक उपकरण हैं । प्रारम्भ से ही इसकी कोई भी बात विश्वसनीय नहीं है। बस कुछ (बिजली, पानी आदि) मुफ्त बांटने के अतिरिक्त। दुर्भाग्य से भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोपों के रहते भी सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल व उसके गिरोह जनों को जेल से बाहर निकाल दिल्ली के सामाजिक राजनैतिक वातावरण में प्रदूषण को बनाए रखने का काम किया है। सब जानते हैं कि सुप्रीम जज किस आधार पर निर्णय लेते हैं, सब जानते हैं सुप्रीम जजों और अभिषेक मनु सिंघवी - कपिल सिब्बल का गठजोड़ ।

**- डॉ जय प्रकाश**, अंबाला छावनी

### मिलावटखोरी की समस्या

**भारत** अपनी प्रगति, सांस्कृतिक विरासत और आर्थिक विकास के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है, लेकिन मिलावटखोरी जैसी कुप्रथाएं इसकी छवि को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा रही हैं। हाल ही में, मध्य प्रदेश में मिलावटी दूध और उससे बने उत्पादों की आपूर्ति से जुड़ा मामला सामने आया, जिसमें ईडी ने नौ स्थानों पर छापेमारी की। चौंकाने वाली बात यह है कि इन मिलावटी उत्पादों की आपूर्ति न केवल देश में, बल्कि विदेशों तक भी की जा रही थी। इससे आम जनता के स्वास्थ्य के साथ-साथ भारत की वैश्विक साख को भी खतरा है। मिलावटी खाद्य पदार्थों, विशेषकर दूध और दुग्ध उत्पादों, का सेवन अत्यंत हानिकारक होता है। इनमें मिलाए गए रसायन गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। यदि भारत से निर्यात किए गए उत्पादों में मिलावट पाई जाती है, तो इससे अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में भारतीय खाद्य उद्योग की विश्वसनीयता को गहरा आघात लगेगा। यह समस्या सिर्फ दूध तक सीमित नहीं है, बल्कि मसाले, मिठाइयां और अन्य खाद्य पदार्थ भी इसकी चपेट में हैं। मिलावट का यह जाल जितना विस्तृत होता जा रहा है, उतना ही यह देश की साख और आम जनता के स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। सरकार कड़े कदम उठा रही है, लेकिन जब तक जनता जागरूक नहीं होगी और सख्त कार्रवाई नहीं होगी, यह बुरी प्रथा जारी रहेगी।

**- आर के जैन**, बड़वानी

### इस ओर भी ध्यान दें!

**समय** के साथ सुविधाओं के तौर तरीके बदले हैं अब लगभग सामान्य जरूरत की सभी चीजें होम डिलीवरी के लिए उपलब्ध हैं। बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है और प्रतिस्पर्धा में भी सबसे तेज पहुंचने की होड़ में लगभग हर कोई आगे निकलना चाहता है। पिज्जा तीस मिनट में आपके घर पहुँचने की गारंटी दी जाती है , अगर थोडी सी भी देर हो जाए तो हम डिलीवरी पहुंचाने वाले व्यक्ति पर नाराजगी ज़ाहिर करते हैं लेकिन क्या हमने समय पर हर चीज पहुंचाने वाले इन लोगों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के बारे में कभी सोचा है ? आजकल डिलीवरी सेवा देने वाले कर्मचारियों पर दबाव बढ़ चुका है। उन्हें समय पर हर चीज पहुंचाने की जिम्मेदारी दी जाती है, लेकिन इस प्रक्रिया में उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। अक्सर देखा जाता है कि इन डिलीवरी कर्मचारियों को ट्रैफिक, मौसम, या अन्य जोखिमों का सामना करते हुए तेज़ी से पहुंचने की कोशिश करनी पड़ती है, जिससे उनका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। अगर किसी डिलीवरी कर्मचारी को चोट लगती है या वह थकान ग्रस्त होता है, तो उस पर किसी का ध्यान नहीं जाता।

**- नितिन रावत**, फिरोज़ाबाद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# आरक्षण के फेर में कई दिग्गज अपने क्षेत्र से न लड़ दूसरे क्षेत्र से लड़ रहे चुनाव, बाहरी का लगा तमगा

## भाजपा ने जिला पंचायत प्रत्याशियों की जारी की सूची, आस लगाए बैठे कई जमीनी कार्यकर्ता हुए मायूस





पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रमुख राष्ट्रीय पार्टियां कमर कस मैदान में उतर चुकी है। निकाय चुनाव के मद्देनजर अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशियों के अधिकृत नामों की घोषणा के बाद अब कांग्रेस और भाजपा ने जनपद व जिला पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी से अधिकृत प्रत्याशीयो की सूची जारी कर दी है। जनपद पंचायत सदस्य चुनाव हेतु जारी सूची के अनुसार कई पुराने चेहरे पर पार्टी ने दोबारा विश्वास जताया है, तो वही कुछ नए चेहरे को भी मौका दिया गया है। वही आरक्षण के फेर में कई दिग्गज नेता अपने क्षेत्र से चुनाव न लड़ दूसरे क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। तो कोई अपनी पत्नी को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा से संध्या चंद्राकर, होरी लाल रावटे, कृतिका साहू, अनिता कुमेटी को दोबारा मौका दिया गया है, तो वही इस बार पुष्पेंद्र चंद्राकर की पत्नी तारिणी चुनाव मैदान में है, वही क्षेत्र क्रमांक 14 से भाजपा ने प्रत्याशी की घोषणा नही की है, उसे स्वतंत्र रखा हैं। जहां भाजपा से मीना साहू और आदित्य पीपरे चुनाव लड़ने की तैयारी में है। वही बताया जा रहा हैं कि क्षेत्र क्रमांक 12 से भाजपा जिला महामंत्री राकेश (छोटू) यादव का नाम कोर कमेटी से गया हुआ था, लेकिन ऊपर से तोमन साहू को अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया। इधर कांग्रेस से पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश नुरेटी, सभापति धनेश्वरी नरेंद्र सिन्हा निर्दलीय चुनाव लड़ने कि तैयारी में है। उधर गुंडरदेही जनपद पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सुचित्रा साहू को जिला पंचायत सदस्य हेतु क्षेत्र क्रमांक 3 से अधिकृत प्रत्याशी नही बनाए जाने से नाराज़ वे भी निर्दलीय चुनाव लड़ने का विचार कर रही है। हालांकि बताया जा रहा है कि उन्हें क्षेत्र क्रमांक 2 से लड़ने पार्टी ने बात कही है। वही भाजपा मंडलों से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के द्वारा जिले के पांचों जनपद पंचायतों के भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। तो वही कांग्रेस के पांचों ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों ने जनपद सदस्य प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है।

### भाजपा से अधिकृत जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशियों की सूची

क्षेत्र क्रमांक-1 कांति सोनेश्वरी, क्षेत्र क्रमांक-2 संध्या भारद्वाज, क्षेत्र क्रमांक-3 तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक-4 लक्ष्मी अशोक साहू, क्षेत्र क्रमांक-5 पोषण बनपेला, क्षेत्र क्रमांक-6 प्रभा रामलाल नायक, क्षेत्र क्रमांक-7 चुन्नी मानकर, क्षेत्र क्रमांक-8 होरी लाल रावटे, क्षेत्र क्रमांक-9 कृतिका साहू, क्षेत्र क्रमांक-10 तोमन साहू, क्षेत्र क्रमांक-11 अनिता कुमेटी, क्षेत्र क्रमांक-12 महावीर ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक-13 चंद्रिका गंजीर और क्षेत्र क्रमांक-14 को स्वतंत्र रखा गया है।

### भाजपा से अधिकृत जनपद सदस्य प्रत्याशीयों की सूची (जनपद वार)

#### बालोद जनपद पंचायत

क्षेत्र क्रमांक-1 दमयंती हरदेल, क्षेत्र क्रमांक-2 भुवनेश्वरी चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक-3 महेश्वरी ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक-4 भारत साहू, क्षेत्र क्रमांक-5 बिमलेश्वरी साहू, क्षेत्र क्रमांक-6 पद्मिनी बक्शी, क्षेत्र क्रमांक-7 ममता साहू, क्षेत्र क्रमांक-8 सतीश भेड़िया, क्षेत्र क्रमांक-9 सरस्वती टेमरिया, क्षेत्र क्रमांक-10 ममता गजेंद्र, क्षेत्र क्रमांक-11 प्रदीप कुमार साहू, क्षेत्र क्रमांक-12 गजेंद्र गज्जू यादव, क्षेत्र क्रमांक-13 आशा पालक ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक-14 राजेश्वरी देवहरे, क्षेत्र क्रमांक-15 दिनेश सिन्हा और क्षेत्र क्रमांक 16 से डोमार सिंह मंडावी।

#### गुंडरदेही जनपद पंचायत

क्षेत्र क्रमांक-1 उमादेवी साहू, क्षेत्र क्रमांक-2 लक्ष्मी मेरिया, क्षेत्र क्रमांक-3 सोहद्रा ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक-6 पुरुषोत्तम चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक-7 संध्या खरे, क्षेत्र क्रमांक-8 हेमलता देशलहरे, क्षेत्र क्रमांक-9 कौशल किशोर साहू, क्षेत्र क्रमांक-10 भूषणलाल मार्कण्डेय, क्षेत्र क्रमांक-11 हेमलता पुष्पा, क्षेत्र क्रमांक-12 डामेश्वरी किरण तारम, क्षेत्र क्रमांक-13 सुनील पौसार्य, क्षेत्र क्रमांक-14 मालती साहू, क्षेत्र क्रमांक-15 गिरधर साहू, क्षेत्र क्रमांक-16 कविता चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक-17 ओमभवति कुल्हारे, क्षेत्र क्रमांक-18 भीखाराम साहू, क्षेत्र क्रमांक-19 ठंड़ेश्वर साहू, क्षेत्र क्रमांक-20 पार्वती साहू, क्षेत्र क्रमांक-21 अश्वनी कटहरे, क्षेत्र क्रमांक-22 निर्मला देवांगन और क्षेत्र क्रमांक-23 भानुमति साहू।

#### गुरुर जनपद पंचायत

क्षेत्र क्रमांक-1 नरेश साहू, क्षेत्र क्रमांक-2 डॉ. देवा साहू, क्षेत्र क्रमांक-3 गुलाब सिन्हा, क्षेत्र क्रमांक-4 आशीष साहू, क्षेत्र क्रमांक-5 डॉ. हरिकृष्ण गंजीर, क्षेत्र क्रमांक-6 दुर्गानंद साहू, क्षेत्र क्रमांक-7 ममता गौतम, क्षेत्र क्रमांक-8 संध्या अजेंद्र साहू, क्षेत्र क्रमांक-9 दिनेश्वरी सिन्हा, क्षेत्र क्रमांक-10 चंद्रिका गंजीर, क्षेत्र क्रमांक-11 भुनेश्वरी खिरेंद्र, क्षेत्र क्रमांक-12 लता लक्ष्मीचंद साहू, क्षेत्र क्रमांक-13 तानसिंह ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक-14 तारादेवी यादव, क्षेत्र क्रमांक-15 हेमंत गुरुपंच, क्षेत्र क्रमांक-16 सुनीता तिवारी, क्षेत्र क्रमांक-17 सुनीता सजंय साहू, क्षेत्र क्रमांक-18 सविता अरुण साहू, क्षेत्र क्रमांक-19 कमलेश्वरी अनिरुद्ध ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक-20 प्रभा कोर्राम और क्षेत्र क्रमांक-21 सुभद्रा ईशा प्रकाश साहू।

#### जनपद पंचायत डौंडीलोहारा

क्षेत्र क्रमांक-1 नरेश कुमार सोनी, क्षेत्र क्रमांक-2 उर्मिला साहू, क्षेत्र क्रमांक-3 टूमन लाल साहू, क्षेत्र क्रमांक-4 राधिका साहू, क्षेत्र क्रमांक-5 पुनिया बाई ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक-6 बिंदेश्वरी सिन्हा, क्षेत्र क्रमांक-7 संदीप वाजपेयी, क्षेत्र क्रमांक-8 शांति ओमप्रकाश सोनबरसा, क्षेत्र क्रमांक-9 दुलारी देवांगन, क्षेत्र क्रमांक-10 अमीर चंद भुआर्य, क्षेत्र क्रमांक-11 पदुम ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक-12 अनुपी भुआर्य, क्षेत्र क्रमांक-13 रोहिणी पिस्दा और क्षेत्र क्रमांक-14 सुरेश केशरवानी।

#### जनपद पंचायत डौंडी

क्षेत्र क्रमांक-1, क्षेत्र क्रमांक-2 बसंती ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक-3 झीमत बाई सोरी, क्षेत्र क्रमांक-4 मंजू बैस, क्षेत्र क्रमांक-5 ललिता पोर्ते, क्षेत्र क्रमांक-6 वासंती साहू, क्षेत्र क्रमांक-7 निर्भय राम रावटे, क्षेत्र क्रमांक-8 साधना सोरी, क्षेत्र क्रमांक-9 भीखम भुआर्य, क्षेत्र क्रमांक-10 मुकेश कौडों, क्षेत्र क्रमांक-11 रामकिशन कोरेटी, क्रमांक-12 शारदा कुलदीप, क्षेत्र क्रमांक-13 मितेन्द्र वैष्णव, क्षेत्र क्रमांक-14 और क्षेत्र क्रमांक-15 विक्रम सलामे।

### कांग्रेस से अधिकृत जनपद सदस्यों की सूची (जनपद वार)

#### बालोद जनपद पंचायत

क्षेत्र क्रमांक-1 दुरपति साहू, क्षेत्र क्रमांक-2 शारदा सिन्हा, क्षेत्र क्रमांक-3 कल्याणी ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक-4 मोहनीश पारकर, क्षेत्र क्रमांक-5 लताबाई साहू, क्षेत्र क्रमांक-6 निर्मला बंजारे, क्षेत्र क्रमांक-7 प्रीति साहू, क्षेत्र क्रमांक-8 चिदाप्रकाश आर्य, क्षेत्र क्रमांक-9 किरण उईके, क्षेत्र क्रमांक-10 हुलसी बाई साहू, क्षेत्र क्रमांक-11 बालक दास मानिकपुरी, क्षेत्र क्रमांक-12 प्रमोद यादव, क्षेत्र क्रमांक-13 दुष्यंत साहू, क्षेत्र क्रमांक-14 प्यारी बाई राणा, क्षेत्र क्रमांक-15 रमेश सिन्हा और क्षेत्र क्रमांक 16 से अमृता नेताम।

#### गुंडरदेही जनपद पंचायत

क्षेत्र क्रमांक- उषा साहू, क्षेत्र क्रमांक-2 टुकेश्वरी साहू, क्षेत्र क्रमांक-3 ललिता भुआर्य, क्षेत्र क्रमांक-4 गोदावरी सिन्हा, क्षेत्र क्रमांक-5 कमलकांत सिन्हा, क्षेत्र क्रमांक-6 रामस्वरूप साहू, क्षेत्र क्रमांक-7 निर्मला पाटिल, क्षेत्र क्रमांक-8 संतोषी चेलके, क्षेत्र क्रमांक-9 सजंय साहू, क्षेत्र क्रमांक-10 दुलार सिंह नवरंगे, क्षेत्र क्रमांक-11 हेमलता पुष्पा, क्षेत्र क्रमांक-12 दामिनी चंद्रवंशी, क्षेत्र क्रमांक-13 जैता राम ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक-14 गौरी बाई निशाद, क्षेत्र क्रमांक-15 सुनील कुमार साहू, क्षेत्र क्रमांक-16 आसिफगहलोत, क्षेत्र क्रमांक-17 नीता साहू, क्षेत्र क्रमांक-18 रामेश्वर चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक-19 दीपक साहू, क्षेत्र क्रमांक-20 पूर्णिमा साहू, क्षेत्र क्रमांक-21 अमृतानंद सिन्हा, क्षेत्र क्रमांक-22 अनिता साहू, क्षेत्र क्रमांक-23 ममता सेन और क्षेत्र क्रमांक-24 टेमन लाल देशमुख।

#### गुरुर जनपद पंचायत

क्षेत्र क्रमांक-1 डोमन लाल, क्षेत्र क्रमांक-2 भुवन कलिहारी, क्षेत्र क्रमांक-3 घनश्याम साहू, क्षेत्र क्रमांक-4 मुकेश सार्वा, क्षेत्र क्रमांक-5 धनुष साहू, क्षेत्र क्रमांक-6 तोषण साहू, क्षेत्र क्रमांक-7 सरोज चेलक, क्षेत्र क्रमांक-8 गोदावरी साहू, क्षेत्र क्रमांक-9 , क्षेत्र क्रमांक-10 , क्षेत्र क्रमांक-11 ममता सिहारे, क्षेत्र क्रमांक-12 पायल साहू, क्षेत्र क्रमांक-13 अगेश्वर यामले, क्षेत्र क्रमांक-14 नमिता साहू, क्षेत्र क्रमांक-15 भोजेश साहू, क्षेत्र क्रमांक-16 परमिला साहू, क्षेत्र क्रमांक-17 सुलोचना साहू, क्षेत्र क्रमांक-18, क्षेत्र क्रमांक-19 केसरी ध्रुवे, क्षेत्र क्रमांक-20 अजीत कुंजाम और क्षेत्र क्रमांक-21 कीर्ति बाई कटेन्द्र।

#### जनपद पंचायत डौंडीलोहारा


क्षेत्र क्रमांक-1 ललित हिरवानी, क्षेत्र क्रमांक-2 सुशीला साहू, क्षेत्र क्रमांक-3 जागृत सोनकर, क्षेत्र क्रमांक-4 सुमन सोनबोईर, क्षेत्र क्रमांक-5 दुर्गा ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक-6 टिकम बाई निषाद, क्षेत्र क्रमांक-7 नंदकुमार ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक-8 बिसाहिन बाई देशमुख, क्षेत्र क्रमांक-9 मनटोरा बाई सोनकर, क्षेत्र क्रमांक-10 खिलावन माहला, क्षेत्र क्रमांक-11 भुपेश नायक, क्षेत्र क्रमांक-12 डोमेश्वरी नायक, क्षेत्र क्रमांक-13 नूतन ठाकुर और क्षेत्र क्रमांक-14 नेतराम भांडेकर ।

#### जनपद पंचायत डौंडी

क्षेत्र क्रमांक-1 शकुंतला सिवाना, क्षेत्र क्रमांक-2 महेश्वरी आलेंद्र, क्षेत्र क्रमांक-3 प्रीति उर्वशा, क्षेत्र क्रमांक-4 पवारा बाई कोठारी, क्षेत्र क्रमांक-5 पाचो बाई मरकाम, क्षेत्र क्रमांक-6 कुलदीप कुमार साहू, क्षेत्र क्रमांक-7 शिव प्रसाद बारला, क्षेत्र क्रमांक-8 नीतू कृष्णान, क्षेत्र क्रमांक-9 शिवगिरि चुरेन्द्र, क्षेत्र क्रमांक-10 सियाराम कोठारी, क्षेत्र क्रमांक-11 हृदयराम कोवाची, क्षेत्र क्रमांक-12 ईश्वरी देशलहरे, क्षेत्र क्रमांक-13 पुनीत राम सेन, क्षेत्र क्रमांक-14 राधा रावटे और क्षेत्र क्रमांक-15 बंसती दुग्गा।

# बेमेतरा जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद से बंशी पटेल ने दिया इस्तीफा, कांग्रेस ने पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा को बनाया कार्य वाहक जिला अध्यक्ष


जिला कांग्रेस कमेटी, बेमेतरा


–:नियुक्ति आदेश:–

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान कांग्रेस में व्याप्त अंदुरूनी लड़ाई सामने आया और इसके चलते बेमेतरा जिला काग्रेस अध्यक्ष पद से बंशी पटेल ने इस्तीफा दे दिया है। साथ ही काग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दिया है। वहीं कांग्रेस ने बेमेतरा क्षेत्र के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा को बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी का कार्य वाहक अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया है। अखिल भारतीय काग्रेस कमेटी अध्यक्ष सहित अन्य लोगों को भेजें गए अपनी इस्तीफा पत्र में बंशी पटेल ने बताया कि वह 52 वर्षो से कांग्रेस पार्टी की सक्रिय राजनिति में पार्टी की निरंतर सेवा कर रहा हूँ, इस अवधि विभिन्न पदों पर रहा। मैंने विगत दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ ही साथ राहुल गाँधी के साथ साथ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट सह प्रभारी विजय जागींड, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंह देव, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर बेमेतरा जिले के पार्टी के हालात के सम्बन्ध में पत्र लिखकर अवगत कराया, परन्तु इस पर कोई प्रति उत्तर पर्यन्त नहीं प्राप्त है। बेमेतरा जिला बेमेतरा काग्रेस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के उदेश्य से पार्टी के निति रिती के विरुध्द कार्य करने वालो के विरूध्द काग्रेस पार्टी के सविधान के अनुरूप कार्यवाही किया था, साथ ही इस पूरा विवरण सह प्रभारी छ.ग. विजय जागेड से रूबरू मिलकर पूरा विवरण उनके समक्ष रखा था, फिर भी कोई प्रतिक्रिया अथवा प्रति उत्तर प्राप्त नहीं हो पाया। तत्पश्चात आसन्न नगरी निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा हो चुकी है, जिसके लिए प्रदेश अध्यक्ष द्वारा हम लोगों को बैठक बुलाकर पर्यवेक्षक नियुक्त करने एवं जीत पाने में सक्षम काग्रेसी उम्मीदवारो से आवेदन प्राप्त कर विधिवत प्रदेश कार्यालय भेजने के लिए मौखिक रूप से निर्देशित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष के अदेशानुसार स्थानीय स्तर पर परिवेक्षक नियुक्त कर इसकी जानकारी प्रदेश कार्यालय भिजवाई। परन्तु प्रदेश कार्यालय द्वारा समानान्तर रूप से परिवेक्षक नियुक्त कर दिया गया, जिससे विरोधा भासी स्थिति के कारण अनावश्यक रूप से विवाद की स्थिति निर्मित हो गई, तथापि स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए जीत पाने में सक्षम काग्रेस उम्मीदवारो के आवेदन प्राप्त करते रहे। इस बीच एक बाद पूनः प्रदेश कार्यालय से दूसरा आदेश जारी करते हुए जिला समिति का गठन करने का निर्देश प्राप्त हुआ, निर्देशानुसार जिले के सभी वरिष्ठ नेताओ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओ को सह भागिता प्रदान करते हुए जिला समन्वय समिति का गठन करते हुए तत्काल बैठक आहुत करते हुए, निकाय चुनाव के सम्बध में प्रदेश कार्यालय के आदेश के सम्बध में जानकारी प्रदान करते हुए जीत सकने वाले उम्मीदवारो से आवेदन प्राप्त कर प्रदेश कार्यालय को प्रेषित किये जाने की प्रकिया करवाया। जिला चयन समिति की बैठक बुलाकर प्रदेश सह प्रभारी विजय जागीड़ के निर्देशानुसार चयनित उम्मीदवारो की 22 प्रति बनाकर जमा किया, जिस पर सह प्रभारी द्वारा रात्रि 10:30 बजे जिला अध्यक्षो एवं सह प्रभारी के साथ बैठकर चर्चा करने की बात कही गई जिस पर मैं रात्रि 11 बजे तक प्रतिक्षारत रहा। परन्तु जांगेड़ द्वारा 26 जनवरी को सुबह 11 बजे मिटिंग में आने का निर्देश प्राप्त हुआ, जहां पहुंचने पर दोपहर 2 बजे मिटींग प्रारम्भ होनी की सूचना दी गई, लेकिन वहां प्रदेश अध्यक्ष मौजूद नहीं थे, तब मैंने पुरी सूची विजय जागेड़ को सौप दी। जिस पर सह प्रभारी द्वारा मुझे बताया गया की उम्मीदवारो का चयन पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा से पूछकर ही किया जायेगा, जिस पर मैंने संगठन का महत्व और जिला समन्वय समिति का महत्व जानना चाहा। जब संगठन की इसमे कोई भूमिका नहीं है तो मुझे वहां रहना उचित नही लगा और मैं वापस आ गया। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष द्वारा बेमेतरा के पूर्व विधायक से सम्पर्क साधते हुए आशीष छाबड़ा को जिला समन्वयक नियुक्त करने का एक पक्षीय आदेश जारी कर दिया गया, जो मुझे अपमानित करने के उदेश्य से लिया गया निर्णय प्रतीत हुआ। आशीष छाबड़ा जिनके पुरे समाज की छत्तीसगढ़ में जनसंख्या नगण्य तुल्य है तथा मल्लिकित सिंह गेंदु जो कि प्रदेश महामंत्री है, द्वारा अपने स्वजातीय व्यक्ति को उपकृत करने के लिए यहां षडयंत्र किया गया है पटेल ने बेमेतरा नगरपालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी और कुसमी नगर पंचायत अध्यक्ष के कांग्रेस प्रत्याशी के उपर आरोप भी लगातें हुए विस्तार से जानकारी दी गई है इसके साथ ही पटेल ने कहा कि मैंने कभी सोचा नहीं था कि मुझे इस जीवन में कभी काग्रेस पार्टी में ऐसे भी अपमान भर दिन देखने पड़ेगें, अतः अत्यंत भारी मन से स्वयं को भारी अपमानित महसुस करते हुए अपनी मातृ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से एवं जिला अध्यक्ष काग्रेस कमेटी बेमेतरा से तत्काल प्रभाव से अपना त्याग पत्र दे रहा हूँ कृपया स्वीकार करे।

# मतदान दल पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें और प्रत्येक बिंदु को समझने का प्रयास करें : कलेक्टर गोपाल वर्मा



पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के लिए मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण स्वामी करपात्री जी स्कूल में आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने स्वामी करपात्री जी स्कूल में चल रहे मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण निरीक्षण किया। कलेक्टर ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से प्रशिक्षण के संबंध में उनकी समझ और प्रश्नों के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर के साथ जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मतदान दलों से कहा कि वे पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें और प्रत्येक बिंदु को समझने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि यदि कहीं कोई समस्या हो, तो मास्टर ट्रेनर से बेझिजक पूछें और सभी बिंदुओं को पूरी तरह से समझें। उन्होंने निर्वाचन कार्य की महत्वपूर्णता पर जोर दिया और सभी अधिकारियों से राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि निर्वाचन कार्य केवल एक सरकारी कर्तव्य नहीं, बल्कि लोकतंत्र की प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसमें हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। मतदान और मतगणना के समय आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में सम्मिलित सभी अधिकारियों को सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना और उन्हें उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना, ताकि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव निष्पक्ष और सफलतापूर्वक संपन्न हो सकें। उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के लिए मतदान दलों का प्रशिक्षण 31 जनवरी 2025, द्वितीय प्रशिक्षण 07 फरवरी 2025 एवं 08 फरवरी 2025 तथा तृतीय प्रशिक्षण 12 फरवरी 2025 एवं 13 फरवरी 2024 को 02 पाली में सुबह 10 बजे से 1 बजे एवं दोपहर 2 बजे से 5 बजे उनके समक्ष दर्शित जनपद पंचायत मुख्यालय में रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा निर्धारित शासकीय संस्थाओं में दिया जाएगा।

## मतदान केंद्रों में मोबाइल फोन एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग पर प्रतिबंध

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के मतदान केंद्रों में मोबाइल फोन, कार्डलेस फोन, वायरलेस सेट एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति मतदान केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, कार्डलेस फोन, वायरलेस सेट या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर नहीं जा सकेगा। इसका सख्ती से पालन किया जाएगा। हालांकि, निर्वाचन कार्य से संबंधित ऐसे अधिकारी, जिन्हें मतदान केंद्र में प्रवेश की अनुमति प्राप्त है, वे आवश्यक संचार व्यवस्था के तहत मोबाइल फोन आदि अपने साथ रख सकेंगे, लेकिन मतदान केंद्र के भीतर उनका उपयोग नहीं कर सकेंगे। पीठासीन अधिकारी को निर्वाचन संबंधी आवश्यक सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए मोबाइल फोन उपयोग करने की अनुमति होगी।

# विधायक दीपेश साहू ने नगर पंचायत भीमभौरी में किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले के नगर पंचायत भिंभौरी में नगर पंचायत चुनाव के लिए भाजपा कार्यालय का उद्घाटन बेमेतरा विधायक दीपेश साहू व पदाधिकारियों ने किया। इसके बाद बैठक हुई, जिसमें चुनावी रणनीति, जनसंपर्क अभियान और संगठन की भूमिका पर चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आप सभी को केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर लेकर जाना है और भाजपा के पक्ष में वोट मांगना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य सामने रखा है, उसी के अनुरूप हम भी विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। पिछले एक साल में विष्णुदेव साय सरकार ने मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा किया है, जिसका लाभ जनता को सीधे मिला है। आप सभी रोज डोर टू डोर जाकर प्रचार करें। कार्यकर्ता पूरी तन्मयता के साथ प्रचार में जुट जाएं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री अवधेश सिँह चंदेल भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी यशवंत वर्मा पोषण वर्मा,नपं अध्यक्ष पद प्रत्याशी संदीप परगनिया सहित सभी पार्षद प्रत्याशी नगरवासी मौजूद रहे।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा 1 किलो 54 ग्राम के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत 28.01.2025 को थाना साजा स्टाफ को जरिये मुखबीर से सुचना मिला कि ग्राम सोमईकला के सनत विश्वकर्मा गांजा बेचता है तथा बेचने के लिए गांजा अपने घर सोमईकला में रखा हुआ है कि मुखबिर सूचना के अधार पर थाना व साइबर सेल स्टाफ व गवाहो के साथ मौके पर पहुचकर विधिवत रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 01 किलो 54 ग्राम कीमती करीबन 10,500/- रूपये को जप्त किया गया हैं। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत विधिवत अग्रिम कार्यावाही की गई है। आरोपी सनत विश्वकर्मा पिता परदेशी विश्वकर्मा उम्र 26 साल साकिन सोमईकला थाना साजा जिला बेमेतरा है। उक्त कार्यवाही अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि बनवाली सोनकर, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, विजेंद्र सिंह, आरक्षक मोती जायसवाल, पीलाराम साहू, दीनदयाल डहरिया, राजू यादव, संजय पाटिल, नूरेश वर्मा एवं अन्य स्टाफकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आचार संहिता का कड़ाई से पालन हो, सभी टीम निष्पक्षता के काम करें : आब्जर्वर रेड्डी

## सामान्य प्रेक्षक बी. विवेकानंद रेड्डी ने नगर निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक बी. विवेकानंद रेड्डी ने जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में नगर निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को चुनावी प्रक्रिया में पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रेक्षक रेड्डी ने कहा कि मतदान केंद्रों पर सुरक्षा, मूलभूत सुविधाएं और मतदाताओं की सहूलियत का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आचार संहिता का कड़ाई से पालन हो और किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की पक्षपात की गुंजाइश न हो। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों पर दिव्यांगजनों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि वे बिना किसी कठिनाई के मतदान कर सकें। प्रेक्षक ने मतदान दलों के प्रशिक्षण की भी समीक्षा करते हुए कहा कि मतदान कर्मियों को निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकियों से भली-भांति अवगत कराया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचा जा सके। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की निगरानी विशेष रूप से की जाए और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। आब्जर्वर रेड्डी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सभी प्रक्रियाएं निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाएं, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ किया जा सके। बैठक में

### नगर निकाय चुनाव में 453 अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन, 11 फरवरी को संभावित मतदान

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि कबीरधाम जिले में नगर निकाय चुनाव 2025 के तहत नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अध्यक्ष एवं पार्षद पदों के लिए 453 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया है। जिले में 2 नगर पालिका और 5 नगर पंचायतों में कुल 120 वार्ड हैं, जिनमें 78,817 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। नगर निकाय निर्वाचन के लिए 145 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें नगर पालिका कवर्धा में 52, पंडरिया में 18, तथा पाण्डातराई, पिपरिया, इंदौरी, बोड़ला और सहसपुर लोहारा की नगर पंचायतों में 15-15 मतदान केंद्र शामिल हैं। निर्वाचन कार्यक्रम के तहत नामांकन पत्रों की जांच 29 जनवरी को होगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। इसके बाद 31 जनवरी को अंतिम उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। मतदान की आवश्यकता होने पर 11 फरवरी 2025 को मतदान होगा, जबकि 15 फरवरी को मतगणना और परिणामों की घोषणा की जाएगी। निर्वाचन व्यय सीमा के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए अधिकतम 8 लाख रुपए, नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 6 लाख रुपए वार्ड पार्षद नगर पालिका के लिए 3,000 हजार रुपए और वार्ड पार्षद नगर पंचायत के लिए 1,000 की सीमा तय की गई है। वहीं, नामांकन शुल्क नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 15,000 हजार रुपए और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 10,000 हजार रुपए रखा गया है। अनुसूचित जाति, जनजाति, महिला एवं पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए यह राशि आधी होगी।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव दो चरणों में, 17 और 20 फरवरी को संभावित मतदान

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव दो चरणों में संपन्न होंगे, जिसमें प्रथम चरण में विकासखंड कवर्धा एवं सहसपुर लोहारा और द्वितीय चरण में विकासखंड पंडरिया एवं बोड़ला में मतदान होगा। नामांकन प्रक्रिया 3 फरवरी तक पूरी होगी, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 4 फरवरी को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 6 फरवरी निर्धारित की गई है, इसके बाद उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित कर चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। मतदान की आवश्यकता होने पर प्रथम चरण का मतदान 17 फरवरी और द्वितीय चरण का मतदान 20 फरवरी को होगा।

# लिटिल फ्लावर का वार्षिक उत्सव–जन जागरूकता के विषयों पर भी बच्चों ने दी सुंदर प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com






सक्ति जिले के अंग्रेजी माध्यम के स्कूल लिटिल फ्लॉवर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें लिटिल फ्लॉवर के बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन 29/01/25 को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ राजेश अग्रवाल शिशु रोग विशेषज्ञ विशिष्ट अतिथि के रूप में अनवर अली थाना प्रभारी बाराद्वार सब इंस्पेक्टर, के पी राठौर खंड शिक्षा अधिकारी एवं राकेश अग्रवाल उपस्थित थे। सर्वप्रथम विद्यालय के डायरेक्टर टी.पी.उपाध्याय एवम मोहम्मद अनीश शेख तथा विद्यालय की प्रिंसिपल संध्या सोनी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। माँ सरस्वती की पूजन पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम में आए अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत पश्चात छात्राओं द्वारा मनमोहक वेलकम गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के डायरेक्टर टी.पी. उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा से ही विकास सम्भव है। इसलिए हमारा विद्यालय शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने हेतु निरन्तर प्रयासरत है। मो.अनीस शेख ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम आप सबका है, आप ही के बच्चे मंच पर प्रस्तुति दे रहे है। इन्हें प्रोत्साहित कीजिए। बी.ई.ओ. के.पी.राठौर ने विद्यालय की तारीफ करते हुए कहा कि इस स्कूल में कुछ खास है कि विगत कुछ वर्षों में विद्यालय ने लगातार प्रगति की है। डॉ. राजेश अग्रवाल ने कहा कि पढ़ाई के साथ विद्यालय के बच्चे अन्य क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रहे हैं। थाना प्रभारी बाराद्वार उपनिरीक्षक अनवर अली ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आजकल फ्राड कॉल से सबको सावधान रहने की जरूरत है तथा किसी भी संदेहास्पद काल की जानकारी हेल्पलाइन में दे।कार्यक्रम के प्रारम्भ में नीट, 10वीं एवम 12वीं (2023-24) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

वार्षिकोत्सव में नर्सरी से 12वीं के बच्चों ने मनमोहक के प्रस्तुति दी। जिसमे सुवानृत्य,राउत नाचा, पण्डवानी, संबलपुरी नृत्य, हरियाणवी नृत्य, डिजिटल इंडिया, कव्वाली,हास्य व्यंग्य नाटक आदि मनमोहक कार्यक्रम ने दर्शकों बांधे रखा। कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक चला। कार्यक्रम में डॉ राजेश अग्रवाल, अनवर अली, के पी राठौर, राकेश अग्रवाल अनिल दरयानी, योगेश साहू सक्ति सहित सैकड़ों की संख्या में पालकगण एवम बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन दिव्या सिंह, दीप्ति चंद्रा, प्रखर पटेल, माही अग्रवाल, सोएब अली, हंषिता चौहान ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं सहित विद्यालय परिवार का योगदान रहा।

## शहीदों की स्मृति में पालिका में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रद्धांजली देकर दो मिनट का मौन रखा



**कुम्हारी।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार परिपालन करते हुए प्रशासक एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 द्वारा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में नगर पालिका परिषद कुम्हारी प्रांगण में गुरुवार को पूर्वान्ह 11 बजे विनम्र श्रद्धांजली अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। जिसमें निकाय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कुम्हारी स्टेशन चौक पर चारों दिशाओं से वाहन के आवागमन से दुर्घटना की आशंका, फ्लाई ओवर के नीचे सिग्नल लगाकर ट्रैफिक महकमा निश्चिन्त





**कुम्हारी।** नगर के मध्य से गुज़रने वाली व्यस्ततम मुम्बई कोलकाता जी ई रोड फ्लाई ओवर के नीचे कुम्हारी स्टेशन चौक में अहिवारा धमधा की ओर से भारी वाहनों की आवाजाही, स्थानीय वाहनों, दुर्ग भिलाई और रायपुर की ओर से आने वाले वाहनों के काफिले ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर बेतरतीब तरीके से परिचालन कर रहे हैं। जिससे कभी भी असामान्य घटना घट सकती है। यातायात नियंत्रण हेतु कठोरता से ऐसे अनियंत्रित चालकों को दण्डित करने की व्यवस्था के लिए चौक पर सुबह से रात्रि दस बजे तक ट्रैफिक पुलिसिंग अनिवार्य रूप से यातायात विभाग को सुनिश्चित करना जनहित में उचित होगा। ज्ञात हो विगत कई माह में अनेक दुर्घटनायें यहां घटित हो चुकी हैं। मार्ग अवरोधक सभी दिशाओं की सड़कों पर बनाया जाना आवश्यक है।

## द.आई.सी.एफ.ए.आई विश्वविद्यालय, रायपुर में आई स्पर्धा 2025 का त्रिदिवसीय आयोजन सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.पी. दुबे एवं कुलसचिव डॉ. मनीष उपाध्याय के करकमलों से शुभारम्भ किये गए त्रिदिवसीय खेल प्रतियोगिता में कैरम (छात्र/ छात्रा) टेबल टेनिस (दो वर्ग) शतरंज क्रिकेट (दो वर्ग) व्हालीबाल (दो वर्ग), रानीग 100 मीटर, 400 मीटर, जेवलिन थ्रो, सहित अन्य कई प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. दुबे ने उद्बोधन देते हुए जीवन में अपना कोई निश्चित लक्ष्य निर्धारित करने की बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि युवा मन सक्रिय होना चाहिए और अपने लक्ष्य, कर्मपथ की ओर कर्म होना चाहिए सुदृढ़ता के साथ हर कठिनाई संघर्ष का सामना करते हुए किसी मंजिल को प्राप्त करना ही सबसे बड़ी जीत है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए जीत के लिए लक्ष्य साधने का सन्देश दिया। विगत दो दिवस में सभी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा एवं पुरुस्कार वितरण होने वाले वार्षिकोत्सव में प्रदान किया जायेगा। समापन समारोह में कुलपति डॉ. दुबे ने उद्बोधन देते हुए जीवन में अपना कोई निश्चित लक्ष्य निर्धारित करने की बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि युवा मन सक्रिय होना चाहिए और अपने लक्ष्य, कर्मपथ की ओर कर्म होना चाहिए सुदृढ़ता के साथ हर कठिनाई संघर्ष का सामना करते हुए किसी मंजिल को प्राप्त करना ही सबसे बड़ी जीत है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए जीत के लिए लक्ष्य साधने का सन्देश दिया। कुलपति महोदय ने सभी को जीत की बधाई दी और विद्यार्थियों जिन्होंने किन्ही कारणों से जीत हासिल नहीं कर सके उन्हें भी आगे जीवन की सफलताओ के लिए संबल प्रदान किया।

**चञ्चलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम्।**
**तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम्॥**

अर्थात् हे कृष्ण चूंकि मन चंचल, अस्तिथा, और अत्यंत बलवान है, अतः मुझे इसे वश में करना वायु को वश में करने से भी अधिक कठिन लगता है। खेलकूद कि प्रतियोगिताओं में जाकर अनुशासन और शिष्टाचार की भावना बलवति होती है। ऐसे में अन्य बातो में उलझने का समय नहीं होता। शारीरिक और मानसिक मजबूती से हमारे भीतर आत्मविश्वास आता है। और देश और समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनने का जज्बा भरता है आप सभी को आने वाली हर प्रतियोगिताओं के लिए बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी। तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा एवं पुरुस्कार वितरण होने वाले वार्षिकोत्सव में प्रदान किया जायेगा। विगत दो दिवस में सभी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कुलसचिव ने धन्यवाद् ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सयोजक हेमंत कुमार देवांगन, सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. एस एस दुबे एवं व्यवस्थापक डॉ. रमेश यादव सहित आशीष कुंभारे सहित विश्वविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण, विद्यार्थीगण, बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। एवं इस त्रिदिवसीय आयोजन में सभी ने अपनी अहम् भूमिका निर्वहन की।

## एसीबी की गिरफ्त में पटवारी और सहायक

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



एसीबी की गिरफ्त में पटवारी और सहायक एक लाख की रिश्वत लेते दोनों पकड़ाए।सीमांकन के बदले मांगी थी 500000(पांच लाख) की रिश्वत। मुंगेली जिले की घटना एसीबी की लगातार ताबड़तोड़ कार्यवाही। प्रार्थी वैभव सोनी ग्राम रामगढ़ के पिता शेखर सोनी के नाम की कृषि जमीन ग्राम रामगढ़ जिला मुंगेली में स्थित है जिसमें से लगभग 12 खसरा की कुल लगभग 26 एकड़ जमीन का सीमांकन करने के एवज में अनावेदक गण मुंगेली आरआई नरेश साहू और पटवारी द्वारा 500000(पांच लाख) रिश्वत की मांग की गई थी प्रार्थी द्वारा एसीबी बिलासपुर में दिनांक 19.11.24 को रिश्वत मांग की शिकायत करने पर सत्यापन कराये जाने पर शिकायत सही पाई गई ।सत्यापन के दौरान अनावेदक पटवारी द्वारा 400000(चार लाख) लेने हेतु समिति दी गई थी जो अनावेदक पटवारी के पास प्रार्थी को रिश्वती रकम एक लाख रुपए दिए जाने हेतु 30.1.25 को भेजने पर पटवारी जायसवाल द्वारा रिश्वती रकम को अपने सहायक को देने हेतु कहे जाने पर प्रार्थी द्वारा रकम सहायक को पटवारी कार्यालय मुंगेली में दिए जाने पर एसीबी बिलासपुर की टीम द्वारा और आरोपी पटवारी को पकड़ लिया गया। रिश्वती रकम एक लाख रुपए को बरामद कर लिया गया है।

आरोपी पटवारी और सहायक के विरुद्ध धारा 7,12 पीसी एक्ट 1988 के तहत कार्यवाही की जा रही है। प्रकरण में अन्य एक संदेही आर.आई. नरेश साहू की भूमिका की जांच की जा रही है।

## कार्य में लापरवाही बरतने पर टिकैत पेण्ड्री के ग्राम रोजगार सहायक बर्खाशत

### *मनरेगा एवं पीएम आवास के कार्यों में वितीय अनियमितता पर कराया गया एफआईआर दर्ज*

**मुंगेली।** कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने पथरिया विकासखण्ड के ग्राम टिकैतपेण्ड्री में ग्राम रोजगार सहायक को कार्य में लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता की शिकायत पर बर्खाशत कर दिया है। इसके साथ ही मनरेगा एवं पीएम आवास के कार्यों में वित्तीय अनियमितता पर ग्राम रोजगार सहायक शिवकुमार चक्रधारी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया है। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि ग्राम पंचायत टिकैतपेण्ड्री के शिकायतकर्ता के द्वारा ग्राम रोजगार सहायक के विरूद्ध प्रधानमंत्री आवास योजना कार्य के लिए राशि की मांग करने और अपने परिवार वालों के नाम पर फर्जी हाजिरी भरकर राशि गबन करने के संबंध में शिकायत की गई थी। कलेक्टर के निर्देशानुसार उक्त प्रकरण की बारीकी से जांच कराई गई, जिसमें ग्राम रोजगार सहायक द्वारा मनरेगा और पीएम आवास योजना के हितग्राहियों के आवास मजदूरी कार्य में 03 लाख 43 हजार 187 रूपए का फर्जी हाजिरी भरकर राशि गबन करना स्वीकार किया गया, जो मनरेगा आधिनियम की धारा 27 (2) के तहत वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है और संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने का भी प्रावधान है। इसके परिपालन में ग्राम रोजगार सहायक शिवकुमार चक्रधारी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया है।

## सुषमा बघेल ने दुल्लापुर से जनपद सदस्य के लिए किया नामांकन दाखिल

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत कवर्धा के अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति (महिला) के वर्ग के लिए आरक्षित हैं। जिसके चलते दावेदारों की होड़ मची हुई है। आरक्षण प्रकिया पूर्ण होते ही निर्वाचन तिथि की घोषणा उपरांत चुनाव मैदान में उतरने वाले की संख्या बरसती मेडक की तरह हो गया है। अपराधी, तड़ीपार जैसे लोग भी अपना दावेदारी करते हुए नामांकन दाखिल कर रहे हैं। बहुत से दावेदारों ने चुनाव जीतने नहीं बल्कि बिकने के लिए आवेदन कर रहे है।

### घोठिया निवासी सुषमा ने किया नामांकन दाखिल

ग्राम पंचायत घोठिया निवासी सुषमा बघेल ने दुल्लापुर जनपद पंचायत कवर्धा से अपनी नामांकन फार्म जमा कर दिया है। क्षेत्र क्रमांक 12 में अनुसूचित जाति के अलावा साहु, पटेल समाज की बाहुल्यता है लेकिन यह क्षेत्र आरक्षित होने के कारण बघेल ने नामांकन दाखिल किया है जिसे सामाजिक संगठन के अलावा अन्य समाज का भी समर्थन मिलने की संभावना है। बघेल परिवार का क्षेत्र में पकड़ मजबूत है।

## शुष्क दिवस पर अवैध शराब का कारोबार करने वाले पर हुआ मामला दर्ज


पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



शुष्क दिवस पर शराब के अवैध कारोबार पर आबकारी वृत्त सक्ती में आबकारी टीम की बड़ी कार्रवाई की है, आबकारी वृत्त सक्ती के अंतर्गत कुल कायम प्रकरण - 02,कुल जप्त मात्रा - 29.86 लीटर शराब,धारा - 34(1)(क), 34(2) , 59(क) में गिरफ्तार आरोपी 2 है, सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देश पर और उपा. आब. स. उ. द. बिलासपुर नोहर सिंह ठाकुर व प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी नितिन शुक्ला के मार्गदर्शन में वार्ड नंबर 1 थाना सक्ती निवासी बिट्टू सारथी पिता हरिशंकर के द्वारा शुष्क दिवस पर बिक्री के लिए बाड़ी में पैरावट में छिपा कर रखा 40 नग देशी प्लेन मदिरा पाव कुल 7.20 बल्क लीटर देशी प्लेन शराब का भंडारण कर बेचने की मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर छापामार कार्रवाई की गई है, दूसरे प्रकरण में डेरागढ़ निवासी रविंद्र बरेठ पिता विष्णु लाल द्वारा अपने किराना दुकान से अवैध शराब बिक्री की सूचना पर दुकान और घर दोनों में एक साथ छापामार कार्रवाई करने पर 48 नग प्लास्टिक पाउच प्रत्येक में 200 मिली महुआ शराब, 2 नग बड़ी प्लास्टिक पन्नी प्रत्येक में 5 लीटर कुल 10 लीटर महुआ शराब और 17 नग देशी प्लेन शराब पाव कुल 3.06 लीटर इस प्रकार कुल 22.66 लीटर शराब बरामद किया गया, आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क 34(2) 59 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय से रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया, उपरोक्त कार्रवाई में आबकारी वृत्त सक्ती प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल की टीम में आबकारी प्रधान आरक्षक रघुनाथ पैकरा, गोपाल डनसेना, विष्णु प्रसाद कौशिक नगर सैनिक राजेश कंवर, भीम साहू, विरेन्द्र यादव, आबकारी स्टाफ बसंती चौधरी और परसराम कहरा का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेमांजलि शर्मा ने ग्राम पंचायत मरका के सरपंच पद के लिए जमा किया नामांकन

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com




त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए ग्राम पंचायत मरका से ग्राम पंचायत वासियों के साथ प्रेमंजली शर्मा ने अपना नामांकन पत्र जमा कर लोगो से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करती दिखाई दिया। मरका पंचायत के विकाश की परिकल्पना को लेकर प्रेमांजलि शर्मा ने शासकीय नौकरी के बजाए चुनाव मैदान में सशक्त दावेदार के रूप में सामने आ रहे है। जनपद पंचायत कवर्धा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मरका में प्रेमाजली शर्मा विकास को लेकर सरपंच बनने की इच्छा जताई है।

### लगभग दो हजार की आबादी वाले पंचायत

कबीरधाम जिला पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मरका में 1965 की आबादी है। तीन गांव मिलकर एक पंचायत बना है। जिसमें मरका, जैतपुरी और हेड्सपुर शामिल हैं। तीनों गांव मिलकर 1624 मतदाता हैं और 14 वार्ड में विभाजित है। ग्राम पंचायत में शासन के द्वारा लोगो के आवश्यकता और मांग के अनुरूप विकाश कार्य के लिए राशि की स्वीकृति मिलती थी और गांवों में मूलभूत सुविधाओं उपलब्ध है उसके बावजूद कुछ और नयापन लाने के लिए प्रेमंजली शर्मा ने विकास के लिए संकल्पित होकर चुनाव लड़कर सरपंच बनकर विकास करने की बीड़ा उठा रही हैं।

### पंचायत में परिवारिक पकड़ मजबूत

प्रेमांजलि शर्मा की परिवारिक पकड़ पंचायत के साथ ही आसपास के गांवों में मजबूत है जिसका मुख्य वजह है कि उनके पिता रमेश शर्मा पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत हैं। जिसके चलते पंचायत और क्षेत्र के लोगों में अच्छा संबंध स्थापित है। प्रेमांजलि की माता रजनी शर्मा स्वास्थ्य विभाग के मितानिन के रूप में कार्यरत है। मितानिनों के द्वारा गांव के विभिन्न कार्यों में सेवाएं देती है। महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण का कार्य मुख्य सेवाएं में शामिल हैं। जिसके चलते महिला मतदाताओं में उनकी खासी पकड़ बनी हुई हैं।

### विकास के लिए संकल्पित

ग्राम पंचायत मरका की संपूर्ण विकास के लिए प्रेमांजलि शर्मा शासकीय नौकरी के बजाए सरपंच बनने की इच्छा जताई है। प्रेमांजलि शर्मा बी ए स्नातक की पढ़ाई किया है साथ ही नर्सिंग डिप्लोमा, कम्प्यूटर में डीसीए की भी पढ़ाई किया है। इतना पढ़ाई लिखाई और डिग्री डिप्लोमा होने के बावजूद उन्होंने अपने गांव के विकास के लिए संकल्पित होकर चुनाव लड़कर सेवा करना चाहते है।

### रैली निकलकर किया नामांकन दाखिल

प्रेमांजलि शर्मा ने ग्राम देवता से आशीवार्द लेकर नामांकन दाखिल करने के लिए निकली। नामांकन रैली में जितेंद्र वैष्णव, कुमारी बाई, अनिल दुबे,सुनील दुबे, हुलास, ज्योति वैष्णव, अनुज, तोरण, राजकुमार, हरि जायसवाल, भगवन्ता, नंदकुमार विजयलक्ष्मी, प्रांजल, सिमी माही पूजा एवं प्रेमांजली के दादा हरिशंकर शर्मा, वर्षा, निशा, सुमेधा सुनती साहू सहित ग्रामवासी मरका मौजूद थे। नामांकन रैली उत्साह पूर्ण डी जे के साथ निकाली गई।

## रामदेव अग्रवाल को छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच सहित विभिन्न संगठनों ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के प्रदेश मंत्री एवं प्रदेश के विभिन्न सामाजिक, स्वयंसेवी, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों में दशकों से सक्रिय रूप से प्रमुख पदाधिकारी के रूप में कार्य करने वाले खरसिया शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी रामदेव अग्रवाल पिता भूपदेव अग्रवाल का आकस्मिक निधन विगत 26 जनवरी 2025 दिन-रविवार को हो गया था, जिनका बारहवां एवं पगड़ी रसम कार्यक्रम आगामी 6 फरवरी 2025 दिन-गुरुवार को शाम 4:00 बजे उनके गृह निवास वार्ड नंबर-2 शीतला नगर होटल पंचवटी के पीछे खरसिया में होगा, रामदेव अग्रवाल के निधन पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल रायपुर, हरिवल्लभ अग्रवाल रायपुर,प्रदेश अध्यक्ष नितेश अग्रवाल रायपुर, महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष संध्या अग्रवाल रायपुर सहित मंच के पदाधिकारी सदस्यों एवं विभिन्न संगठनों ने अपने श्रद्धांजलि अर्पित की है तथा छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच ने रामदेव अग्रवाल के निधन को अग्रवाल समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा है कि वे सदैव समाज के सभी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी करते थे,तथा उन्हें कार्यक्रमों की सिर्फ सूचना मिलने की देरी होती थी, वे तत्काल खरसिया से बाहर के भी समस्त कार्यक्रमों में दशकों से अपनी भागीदारी कर रहे थे, तथा उनके निधन से हम सभी को गहरा दुख पहुंचा है, मंच परिवार के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल ने कहा है कि रामदेव अग्रवाल के इस निधन पर मैं मंच परिवार की ओर से गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं की शोक संतप्त परिवार को इस गहरे दुख का सामना करने शक्ति प्रदान करें एवं उनकी मृत आत्मा को शांति प्रदान करते हुए ईश्वर स्वर्ग लोक में श्री चरणों में उन्हें अपना स्थान दें।

# इलेक्शन रूल और ईव्हीएम डेमो संबंधी मीडिया वर्कशाप का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए मीडियाकर्मियों एवं आम नागरिकों को जिला स्तरीय इलेक्शन रूल और ईव्हीएम डेमो समस्या संबंधी मीडिया वर्कशाप का आयोजन किया गया। इस दौरान बताया गया कि नगर पालिका व नगर पंचायत निर्वाचन 2025 के लिए 11 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। इस बार पार्षद एवं अध्यक्ष पद का निर्वाचन एक साथ किया जायेगा। विगत वर्ष निर्वाचित पार्षदों द्वारा अध्यक्ष का चुनाव किया जाता था। कार्यशाला में मीडियाकर्मियों ने ईवीएम, वीवीपैट के बारे में प्रश्न पूछकर एवं ईवीएम का प्रयोग करके विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, मास्टर टेनर सी.एल. तारक, गौतम कुमार कुर्रे सहित मीडिया प्रतिनिधिगण मौजूद थे। कार्यशाला में बताया गया कि छत्तीसगढ़ में स्थानीय निकाय चुनाव 2024-25 में नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिए इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन का उपयोग किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग की मशीने एम-3 मॉडल की हैं। यह वही मॉडल है जो भारत



निर्वाचन आयोग वर्तमान में उपयोग कर रहा है। इस एक ही मशीन से एक पद पर अनेक प्रत्याशियों के लिए और अनेक पदों के लिए (जैसे महापौर, अध्यक्ष और पार्षद) के लिए एक साथ उपयोग में लायी जा सकती हैं। प्रत्येक बीयू में 16 बटन होगा, लेकिन अंतिम बटन (क्रमांक 16) इण्ड बटन होगा और इसका उपयोग मतदान के लिए नहीं किया जा सकता है। साथ ही नोटा का प्रयोग किया जा सकता है।

मास्टर ट्रेनर ने पावर पाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताय कि नगरीय निकायों में प्रत्येक मतदाता दो पदों के लिए मतदान करेगा। एक अध्यक्ष पद के लिए और दूसरा पार्षद पद के लिए। मतदान दल की ओर से मतदान अधिकारी क्रमांक 3 कन्ट्रोल यूनिट का प्रभारी होगा। मतदान अधिकारी क्रमांक 1 द्वारा मतदाता के सत्यता की पुष्टि हो जाने, और मतदान अधिकारी क्रमांक 2 द्वारा मतदाता रजिस्टर में सुसंगत प्रविष्टि और हस्ताक्षर आदि हो जाने के बाद मतदान अधिकारी क्रमांक 3 सीयू पर बैलेट बटन दबा कर मत जारी करेगा। इसके साथ ही सीयू पर हरा बल्ब और बीयू पर लाल बल्ब जल जायेगा। मतदाता द्वारा दो मत डालते ही सीयू और बीयू के बल्ब एक बीप की आवाज के साथ बंद हो जायेगा। इस तरह मतदाता का मत अंकित हो जायेगा उसके बाद अगले मतदाता के लिए मत जारी किया जा सकेगा। मतदाता के लिए यह बंधनकारी नहीं है कि वह किस क्रम में मतदान करे। वह दो पदों में से किसी भी पद के लिए मतदान कर सकता है और यह भी बाध्यकारी नहीं है कि वह दोनों पदों के लिए मतदान करे। यदि कोई केवल एक पद के लिए मतदान करना चाहे तो वे ऐसा भी कर सकता है। ऐसे में केवल एक मत अंकित होने पर मशीन से अगले मतदाता के लिए मत जारी नहीं हो सकेगा। इसलिए, मतदाता केवल एक मत अंकित करने की स्थिति में मशीन के सबसे नीचे या आखिरी बीयू के सबसे नीचे इण्ड बटन दबायेगा। इस प्रकार मशीन से अगले मतदाता के लिए मत जारी हो सकेगा। यदि मतदाता केवल एक पद के लिए मतदान करे और इण्ड बटन न दबा पाये तब मतदान अधिकारी सीयू का पावर बटन बंद करके दुबारा चालू करेगा और मतदान प्रक्रिया जारी रखेगा। यदि मतदाता किसी भी पद के लिए मतदान न करे तब भी वह इण्ड बटन दबा कर जा सकता है। यदि मतदाता ने किसी के लिए भी मतांकन नहीं किया है और इण्ड बटन भी नहीं दबाया है तब दो विकल्प हो सकते हैं। दो पदों के लिए एक साथ मतदान होने के कारण बीयू में दो पदों के लिए मतपत्र लेबल लगे होंगे।

# डमी ईवीएम के माध्यम से किए जा रहे आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आगामी नगरीय निकाय चुनाव 2025 को ध्यान में रखते हुए कलेक्टरेट परिसर में आम नागरिकों के लिए डमी ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) रखी गई है, जहां नागरिक आकर डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से मतदान प्रक्रिया को समझ रहे हैं। निर्वाचन शाखा के कर्मचारियों द्वारा आने-जाने वाले नागरिकों को ईवीएम से मतदान करने के तरीके की जानकारी दी जा रही है, जिससे नागरिकों में जागरूकता बढ़ रही है। कर्मचारियों ने यह भी बताया कि इस बार प्रयोग की जाने वाली ईवीएम अन्य चुनावों में इस्तेमाल होने वाली मशीनों से थोड़ी अलग है। इस मशीन में वोट डालने के बाद पर्ची नहीं निकलती। एक ईवीएम में अधिकतम 13 उम्मीदवारों और एक नोटा के लिए विकल्प होता है। यदि किसी वार्ड में उम्मीदवारों की संख्या 13 से अधिक होती है, तो अतिरिक्त ईवीएम जोड़ी जाएगी। हालांकि, वर्तमान स्थिति में इसकी आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा, यह भी विशेष रूप से बताया गया कि मतदाताओं को वोट डालने के बाद ईवीएम का एंड बटन नहीं दबाना है। केवल दोनों पदों के लिए वोटिंग बटन दबाने के बाद मतदान प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।




## नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास

डमी ईवीएम के माध्यम से किए जा रहे इस प्रदर्शन से आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। निर्वाचन शाखा के कर्मचारियों द्वारा लगातार जानकारी दी जा रही है ताकि सभी नागरिकों को मतदान की प्रक्रिया की सही जानकारी हो सके और आगामी चुनावों में वे बिना किसी संकोच के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

## अध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए होगा ईवीएम से मतदान

इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदान ईवीएम के माध्यम से होगा। निर्वाचन अधिकारियों ने जानकारी दी कि मतदाताओं को दोनों पदों के लिए अलग-अलग बटन दबाने होंगे। पहले अध्यक्ष पद के लिए बटन दबाने पर हल्की वीप की आवाज आएगी, और पार्षद पद के लिए बटन दबाने पर लंबी वीप सुनाई देगी, जो इस बात का संकेत होगा कि मतदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है।

# विद्यार्थीयो द्वारा बनाए गए मिल्क प्रोडक्टस को ग्राहकों का भारी प्रतिसाद

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मटका चोरभट्टी स्थित शासकीय डेयरी पॉलीटेक्नीक बेमेतरा के विद्यार्थियों द्वारा प्रायोगशाला में निर्मित डेयरी प्रोडक्टस पेड़ा, पनीर, एवं व्हे ड्रिंक को उपभोक्ताओ का भारी प्रतिसात मिल रहा है। उल्लेखनीय है की डेयरी पॉलीटेक्नीक के विद्यार्थियों द्वारा प्रायोगशाला मे विभिन्न प्रकार के दुग्ध उत्पादों का निर्माण किया जाता है और उन्हे




विभिन्न स्थानों पर स्टाल लगा कर उपभोक्ताओ को उपलब्ध कराया जाता है। जिससे एक ओर जहां विद्यार्थियों कौ अपने द्वारा निर्मित डेयरी प्रोडक्टस की गुणवत्ता के बारे मे उपभोक्ताओ की प्रतिक्रिया प्राप्त होती है तथा दुग्ध उत्पादों के विपरण का प्रयोगिक प्रशिक्षण दिया जाता है वही दूसरी ओर उपभोक्ताओ को शुद्ध मिलावट रहित उत्कृष्ट स्तर के डेयरी उत्पाद उचित मूल्य पर उपलब्ध होते है। इस कड़ी मे विद्यार्थियों द्वारा बेमेतरा कलेक्ट्रेट जिला मुख्यालय के सामने में स्टाल लगाए गए जहां उनके द्वारा निर्मित डेयरी प्रोडक्टस को उपभोक्ताओ ने हाथों-हाथ लिया एवं कुछ ही मिनटों में पेड़ा, पनीर, व्हे ड्रिंक जैसे उत्पाद समाप्त हुए। भविष्य में विद्यार्थियों द्वारा डेयरी प्रोडक्टस जैसे रबरी, फ्लेवर्ड मिल्क, खोआ, रसगुल्ला, मीठा दही आदि का निर्माण कर बेमेतरा शहर के उपभोक्ताओ को उपलब्ध कराने की योजनाए है।

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 9 फरवरी को

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 प्रदेश में 9 फरवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा गरियाबंद में भी 7 केंद्रों में आयोजित किए जाएंगे। इन केंद्रों में 2 हजार 13 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा 2 पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने प्रवेश पत्र जारी कर दिए है। परीक्षार्थी आयोग के वेबसाइट में जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। परीक्षा के सुचारू संपादन के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने डिप्टी कलेक्टर अंजलि खलखो को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें शासकीय वीर सुरेंद्र साय पीजी कॉलेज में 600 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसी प्रकार शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल साईं नगर गरियाबंद में 300, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल तहसील रोड गरियाबंद में 200, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज गरियाबंद में 250, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल गरियाबंद में 200, आईटीएस कॉलेज गरियाबंद में 300 एवं गुरुकुल इंस्टीट्यूट गरियाबंद में 163 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

# 52 लाख 57 हजार से अधिक के मादक पदार्थो को किया गया नष्टीकरण

## 25 प्रकरणों के मादक पदार्थो को किया नष्ट



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस मुख्यालय रायपुर के आदेशानुसार, पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के द्वारा बेमेतरा जिले के विभिन्न थाना/चौकी में जब्त मादक पदार्थो के नष्टीकरण हेतु जिला स्तरीय औषधि निपटान (डिस्पोजल) समिति गठित की गई थी। जिसमें 29 जनवरी 2025 को थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा क्षेत्रांर्गत बायोटेक फ्युल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पथर्रा में जलाकर विधिवत नष्टीकरण की कार्यवाही एनडीपीएस एक्ट अधिनियम में निहित प्रावधान अंतर्गत नियमानुसार की गई। दुर्ग रेंज के बेमेतरा जिले के विभिन्न थाना/चौकी में जप्त 25 प्रकरणों में प्रयुक्त मादक पदार्थो को नष्ट किया गया है जिसमें जिला बेमेतरा के थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा के 11 प्रकरणों में 425 किलो 500 ग्राम गांजा, थाना खम्हरिया के 02 प्रकरणों में 97 किलो 590 ग्राम गांजा, थाना बेरला के 05 प्रकरणों में 16 किलो 896 ग्राम गांजा, थाना साजा के 01 प्रकरण में 01 किलो 35 ग्राम गांजा, थाना दाढी 02 प्रकरणों में 05 किलो 286 ग्राम गांजा, चौकी खण्डसरा में 03 प्रकरणों में 13 किलो 907 ग्राम गांजा, चौकी मारो 01 प्रकरण में 01 किलो 832 ग्राम गांजा, कुल 25 प्रकरणों में 562 किलो 46 ग्राम गांजा, कीमती लगभग 52 लाख 57 हजार 9 सौ रूपये को विधिवत जन सामान्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये पर्यावरण विभाग से अनुमति उपरांत बायोटेक फ्युल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पथर्रा में जलाकर नष्टीकरण किया गया। इस नष्टीकरण कार्यवाही में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू, सहायक आयुक्त आबकारी अधिकारी बेमेतरा प्रमोद कुमार, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, प्रधान आरक्षक खुबचंद बघेल, राजीव शर्मा एवं बायोटेक फ्युल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पथर्रा के पदाधिकारी व बेमेतरा के अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे।

# रक्षित केन्द्र बेमेतरा में गार्डनिंग एवं पौधा रोपण का कार्य तेज़ी से जारी



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के कुशल निर्देशन और नेतृत्व में रक्षित केन्द्र बेमेतरा परिसर में स्थित ऑफिसर मेस का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इस प्रयास के तहत रक्षित निरीक्षक एवं स्टाफ के सहयोग से गार्डनिंग एवं पौधा रोपण का कार्य तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। 29 जनवरी 2025 को एसएसपी रामकृष्ण साहू ने खुद ऑफिसर मेस के सामने खाली जगह में फुलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई।

## प्रकृति संरक्षण की पहल

एसएसपी बेमेतरा ने पौधारोपण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि पौधारोपण न केवल पर्यावरण की रक्षा करता है, बल्कि यह हमारे समाज में सकारात्मक ऊर्जा और स्वच्छता का संदेश भी देता है। उन्होंने बताया कि यह प्रकृति संरक्षण का सबसे श्रेष्ठ कार्य है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ वातावरण तैयार करने में सहायक होगा। इस अवसर पर बेमेतरा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनोज तिर्की, बेरला पुलिस अनुविभागीय अधिकारी विनय कुमार, रक्षित निरीक्षक कृष्णकांत सिंह समेत कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## परिसर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाएं

एसएसपी बेमेतरा ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को संदेश दिया कि वे अपने-अपने परिसर को सुंदर और स्वच्छ बनाए रखें। उन्होंने सजावटी पौधों और फूलों का उपयोग कर अच्छे वातावरण का निर्माण करने पर जोर दिया। इससे न केवल परिसर में आने वाले फरियादी स्वच्छ और सकारात्मक वातावरण का अनुभव करेंगे, बल्कि यह मानसिक तनाव को भी कम करने में मददगार होगा। सजावटी पौधे पर्यावरण को स्वच्छ रखने के साथ-साथ जलवायु को नियंत्रित करते हैं और किसी भी स्थान को आकर्षक बनाते हैं। एसएसपी ने यह भी बताया कि पौधों का रोपण स्वच्छता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण साधन है। सजावटी पौधों का न केवल सौंदर्य में योगदान होता है, बल्कि यह वातावरण को साफ़सुथरा रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। पौधे हवा को शुद्ध करते हैं और मानसिक शांति लाते हैं, जो किसी भी कार्यस्थल को अधिक उत्पादक और सकारात्मक बना सकते हैं। रक्षित निरीक्षक और स्टाफ की इस पहल की सराहना करते हुए एसएसपी साहू ने बेमेतरा जिले के सभी थानों और चौकियों में इसी तरह की पहल करने का निर्देश दिया, ताकि पुलिस स्टेशनों के परिसर भी स्वच्छ और सुंदर बने रहें, जिससे वहाँ आने वाले लोगों के मन में सकारात्मक विचार उत्पन्न हों।

# पुलिस द्वारा प्रेरणा विद्यालय मे छात्र एवं छात्राओं को अपराध के प्रति सजग रहने का दिया संदेश

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए हमर पुलिस हमर बजार एवं हमर पुलिस हमर गांव अभियान की शुरुआत किया गया हैं जिसके माध्यम से आमजनो को जिले के हॉट/बाजारों एवं ग्रामों, स्कुल, कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस के द्वारा बालक/ बालिकाओ/ महिलाओं की सुरक्षा, नशा मुक्ति के खिलाफ एवं सायबर अपराध, महिलाओं एवं बच्चो संबंधित अपराधों व यातायात के नियमों एवं चलित थाना के माध्यम से गांव एवं स्कुल, कालेजों में छात्र/ छात्राओं, आमजनों को जागरूक करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी कडी में 29 जनवरी 2025 को थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किरीतपुर कठिया स्थित प्रेरणा विद्यालय में हमर पुलिस हमर गांव के माध्यम से अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा टीम बेमेतरा की महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे एवं यातायात स्टाफ के द्वारा प्रर्चाय/शिक्षक/शिक्षिकाओ की उपस्थिति में छात्र एवं छात्राओं को अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप, चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर प्रचार प्रसार किया गया। छात्र एवं छात्राओं को गुडटच व बेडटच, सेल्फ डिफेंस, महिलाओ पर हो रहे अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनके रोकथाम तथा महिलाओ एवं बालिकाओ पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सायबर अपराधों से बचाव हेतू महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। साथ ही बताया कि अनजान फोन द्वारा कोई घटना की जानकारी देकर पैसे की मांग करने पर तत्काल उस व्यक्ति/रिश्तेदारो से संपर्क कर वास्तविकता की जानकारी लें। कम समय में अत्यधिक रिर्टन देने का वादा करने वाले कंपनी में निवेश ना करें। फेसबुक, वाट्सएप्प, इंस्टाग्राम, ट्वीटर, यूट्यूब एवं गुगल सर्च इंजन के माध्यम से होने वाले विभिन्न प्रकार की सायबर अपराध के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बेनर/पोस्टर एवं पांपलेट के माध्यम से जागरूक किया गया। साथ ही यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं बिना लायसेंस के वाहन ना चलाने एवं उन्हें हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। बच्चो को नशा नहीं करने का संकल्प व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया तथा यातायात संबंधी नियमों से अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। इस अवसर पर यातायात बेमेतरा से आरक्षक बसंत यादव, भोलाराम मेरावी सहित प्रेरणा विद्यालय के शिक्षक/ शिक्षिकाएं, बडी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।



# लूट के आरोपियों को 24 घण्टे के अंदर किया गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से लूटे गये मोबाईल एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल बरामद

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

उतई थानांतर्गत ग्राम ढौर में मोबाईल लूट के आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दोनों आरोपी को न्यायायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को प्रार्थी त्रिभुवन साहू पिता सुदर्शन साहू उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम ढौर थाना उतई मोबाईल लूट की लिखित आवेदन पत्र पेश किया था। दिनांक 30 जनवरी को वायसर लेने सेलूद आया था, जहां से वापस जाते समय पाटन रोड ढौर चौक के पास दो व्यक्तियों द्वारा अपने मोटर सायकिल कमांक सीजी 07 बीक्यू 7916 को बीच रोड में टिकाकर खड़े थे। जैसे ही प्रार्थी वहां पहुंचा तो एक व्यक्ति प्रार्थी को पकड़ा और दूसरा व्यक्ति प्रार्थी के जेब में रखे ओप्पो कंपनी के मोबाईल को बल पूर्वक लूट कर भाग गया। रिपोर्ट पर उक्त व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 309 (4) बीएनएस के तहत् अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिषेक झा एवं एसडीओपी पाटन अनुप कुमार लकड़ा के द्वारा लूट के आरोपियों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। विवेचना के दौरान उक्त आरोपियों एवं लूट के सामान की पता तलाश के दौरान सूचना मिला कि संदेही नीरज कुमार सरदार एवं रामरतन यादव बिहार के रहने वाले है। जो गुरुकृपा फीड्स मिल ढौर में काम करते है, वही रहते है। उक्त आरोपियों के वर्तमान पते पर दबिश दिया गया जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हे घेराबंदी का हिरासत में लिया गया। उक्त दोनों संदेहियों से कड़ाई से पुछताछ करने पर अपना नाम नीरज कुमार सरदार पिता कुंभनारायण सरदार उम्र 23 वर्ष निवासी चदगो थाना त्रिवेणीगंज जिला सिपोल (बिहार) एवं रामरतन कुमार यादव पिता स्व. सतदेव यादव उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम मिर्जवा थाना त्रिवेणीगंज जिला सिपोल (बिहार) का रहने वाला बताये। जो वर्तमान में गुरुकृपा फीड्स मिल ढौर थाना उतई में काम करते है। दिनांक 29 जनवरी को अपने ठेकेदार नीतिश यादव का मोटर सायकिल सीजी 07 बीक्यू 7916 को मांगकर दोनों दुर्ग घुमने गए थे। जो दोपहर में वापस आते समय एक व्यक्ति मोटर सायकिल से अकेले जा रहा था। रास्ता सुनसान होने से दोनों आरोपी लूटने की योजना बनाकर प्रार्थी के गाडी को ओवरटेक कर उसके मोटर सायकिल को रोके जिससे प्रार्थी मोटर सायकिल सहित गिर गया। जिसके मोबाईल को लूटकर गुरूकृपा फीड्स मिल ढौर में जाकर छुप जाना बताये। आरोपियों के कब्जे से प्रार्थी के लूटे गए मोबाईल कीमती 14 हजार एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 07 बीक्यू 7916 कीमती 30 हजार कुल कीमती 44 हजार को बरामद कर आरोपियों को विधिवत् गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। उक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उतई निरीक्षक विपिन रंगारी, उप निरीक्षक कमल सिंह सेंगर, सउनि नेमन सिंह साहू, आरक्षक सुरेन्द्र सिंह चौहान, कृष्णा बंजारे की सराहनीय भूमिका रही।



# प्रशिक्षणार्थियों को शत प्रतिशत मतदान की दिलाई शपथ

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com




कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर आज नगर निगम आम निवार्चन 2025 के अंतर्गत सामग्री वितरण व् वापसी प्रशिक्षण,भारती विश्वविद्यालय ब्लॉक-सी, पुलगांव में दिया गया।नगर पालिक निगम आम निर्वाचन 2025 के सफल आयोजन के लिए निर्वाचन सामग्री वितरण व वापसी के लिए नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों व मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। आयुक्त एवं नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी लेना एक जिम्मेदारी वाला कार्य है जिसे सभी को सावधानीपूर्वक निर्वहन करना है। उन्होंने इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के संबंध में मतदान अधिकारी के ड्यूटी के अनुसार मतदान केन्द्र के संबंध में निर्वाचन सामग्री प्रदान करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि निर्वाचन सामग्री वापसी के दौरान ईव्हीएम मशीन के साथ विशेष पहचान वाले महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक वापस लेना होगा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर आयुक्त एवं नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल, तहसीलदार प्रफुल कुमार गुप्ता, उपायुक्त एवं सहायक नोडल अधिकारी मोहेंद्र साहू के अलावा मास्टर ट्रेनर्स जी एस बंछोर,जगदीश धीर, सेक्टर अधिकारी,नारायण सिंह यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण

**दुर्ग।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 के अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई, नगर पालिक निगम रिसाली, नगर पालिक निगम चरोदा, नगर पालिका परिषद कुम्हारी, नगर पालिका परिषद अमलेश्वर, नगर पालिका परिषद अहिवारा, नगर पंचायत उतई, नगर पंचायत पाटन एवं नगर पंचायत धमधा निकायों में निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-01 को आज बी.आई.टी. कालेज में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों ने अधिकारियों को निर्वाचन कार्य के दौरान उनके दायित्वों, तकनीकी जानकारी के साथ बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। निर्वाचन की सम्पूर्ण प्रक्रिया में उपयोग में आने वाली सामग्रियों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन सबसे अधिक महत्वपूर्ण है तथा प्रशिक्षण के दौरान सबसे अधिक जानकारी ई.व्ही.एम. के संबंध में दी गई। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी के समस्त कर्तव्य एवं अधिकार के साथ-साथ नियुक्ति से लेकर प्रशिक्षण, मतदान सामग्री प्राप्ति, मतदान केन्द्र व्यवस्था, मतदान, मतदान उपरांत सामग्री वापसी, कार्यमुक्ति तथा अन्य अपेक्षाओं का समावेश किया गया। है। मतदान मशीन ( इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जिसे संक्षेप में ई.वी.एम. कहते हैं) में पृथक-पृथक दो यूनिट होते हैं। मतदान यूनिट एवं नियत्रंण यूनिट। मतदान यूनिट में मतपत्र (लेबल) स्थापित रहता है जिसमें महापौर/अध्यक्ष तथा पार्षदों के पदों के लिए निर्वाचन में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के नाम, फोटो एवं प्रतीक होते हैं।

# सेवा का महायज्ञ : महाकुंभ में अदाणी समूह का अनुकरणीय योगदान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं की सेवा में अदाणी समूह के कर्मी एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। मेला क्षेत्र में चल रहे सेवा कार्यों की निगरानी स्वयं चेयरमैन गौतम अदाणी और अहमदाबाद मुख्यालय से की जा रही है, ताकि व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें। इस महायज्ञ में 300 से अधिक एयरपोर्ट सेवा में दक्ष कर्मचारी और 5000 से अधिक अदाणी कर्मी अपने सेवा भाव से स्वैच्छिक योगदान दे रहे हैं। अदाणी समूह के कर्मी, इस्कॉन के सहयोग से, विभिन्न स्थलों पर भोजन वितरण की व्यवस्था में न केवल सहयोग कर रहे हैं, बल्कि प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं के लिए स्थापित विशाल रसोई में भोजन निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, गीता प्रेस के सौजन्य से प्रकाशित 1 करोड़ आरती संग्रह पुस्तकों के निःशुल्क वितरण में भी अदाणी समूह का अहम योगदान है। महाकुंभ में स्नान हेतु श्रद्धालुओं को सुगमता प्रदान करने के लिए चलाई जा रही 4 दर्जन से अधिक गोल्फ कार्ट सेवाओं के संचालन में भी अदाणी कर्मी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा, वे रास्ता भटकने वाले श्रद्धालुओं को सही दिशा दिखाने और बिछड़े हुए लोगों को उनके परिजनों से मिलाने में भी तत्परता से सहायता कर रहे हैं। अदाणी समूह की इस सेवा साधना को समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी की प्रेरणा और निर्देश प्राप्त हैं, जिनका मानना है कि सेवा ही साधना है, सेवा ही प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है। इसी भावना के साथ अदाणी समूह तीर्थराज प्रयाग में चल रहे महाकुंभ में पूरी निष्ठा से दिन-रात सेवा कार्यों में जुटा हुआ है।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह: होंडा मोटरसाइकल ने बच्चों को जागरूक करने के लिये सड़क सुरक्षा पर शिक्षा दी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने सड़क के माहौल को ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिये अपनी प्रतिबद्धता जारी रखी है। इस कड़ी में कंपनी ने सड़क सुरक्षा की शिक्षा पर केन्द्रित एक रोचक ''किड्स कार्निवल'' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बच्चों को यातायात सुरक्षा की आवश्यक जानकारी देने के लिए किया गया था। यह 2050 तक यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को शून्?य करने के लिये होंडा के वैश्विक दृष्टिकोण से बखूबी मेल खाता है। एचएमएसआई ने सड़क सुरक्षा पर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिये उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। कंपनी ने यह काम 2030 तक सड़क पर होने वाली मौतों को आधा करने के लिये भारत सरकार के लक्ष्य की दिशा में किया है। किड्स कार्निवल का आयोजन भारत में एचएमएसआई के सभी चार संयंत्रों में हुआ- तापुकारा (राजस्थान), विठलापुर (गुजरात), नारसापुरा (कर्नाटक) और आईएमटी मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा में कंपनी की ग्लोबल रिसोर्स फैक्ट्री में इसका समापन हुआ। इसमें बच्चों के लिये संवादपरक एवं मजेदार गतिविधियाँ आयोजित की गई थीं, जो उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्व पर शिक्षित करने के लिये थीं। यातायात के नियमों और सड़क के संकेतों से लेकर सड़कों पर जिम्मेदारी से व्यवहार करने के महत्व तक, बच्चों को बड़े दिलचस्प तरीके से यह अनिवार्य सबक सिखाये गये। किड्स कार्निवल गतिविधि में सरकारी तथा प्राथमिक स्कूलों के 1100 से अधिक विद्यार्थी एवं शिक्षक शामिल हुए। इसका लक्ष्य बच्चों के बीच सड़क पर सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देना था। कक्षा 5 और 6 के विद्यार्थियों के साथ उनके शिक्षक थे। उन्होंने संवादपरक गतिविधियों में सक्रियता से भाग लिया।

# जीके जेसीबी ने किया बीएस-5, बैकहो लोडर का भव्य लॉन्च

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



देश का नंबर वन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट निर्माता कंपनी जेसीबी के साउथ छत्तीसगढ़ एवं विदर्भ के अधिकृत डीलर जीके जेसीबी ने बैकहो लोडर की नई सीरीज बीएस-5 का भव्य अनावरण छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारी एवं राडा के पदाधिकारी के सानिध्य में राडा ऑटो एक्सपो रायपुर में किया गया। बीएस-5 मशीन ईंधन खपत को 12% तक कम करेगी साथ ही और भी नई टेक्नोलॉजी के साथ ये मशीनें अब जीके जेसीबी में उपलब्ध है। जीके जेसीबी के डायरेक्टर अमर पारवानी एवं पुनीत पारवानी ने ग्राहकों को भरोसा दिलाया कि ये मशीन उनके व्यवसाय को नई ऊंचाई देगी। पारवानी ने राडा का भी आभार व्यक्त किया जिनके प्रयासों से ग्राहकों को 50% लाइफ टाइम टैक्स में छूट के लिए। इस खास मौके पर जेसीबी कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर शिवदत्त तिवारी, अभिषेक तिवारी एवं एरिया सर्विस मैनेजर दलजीत सिंह एवं जीके जेसीबी के जीएम सेल्स रविकांत वर्मा इस खास मौके पर उपस्थित थे। जिन्होंने मशीन की जानकारी दी। ग्राहकों में इस मशीन को लेकर पहले ही चर्चाएं थी कुल 7 ग्राहकों ने अग्रिम बुकिंग कराई।

## शहीदों की स्मृति में अधिकारी-कर्मचारियों ने रखा दो मिनट का मौन



पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर एडीएम अरविंद एक्का ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर शहीदों की स्मृति में सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन धारण कर शहीद दिवस मनाया गया। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, संयुक्त कलेक्टर लता उर्वशा सहित कलेक्टोरेट के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने 'प्रोजेक्ट रिवाइव' के तहत अपना चौथा पायलट प्रोजेक्ट किया लॉन्च

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



जेएसडब्ल्यु एमजी मोटर इंडिया ने एप्सिलॉन ग्रुप की इकाई एलआईसीओ मटेरियल्स के सहयोग से 'प्रोजेक्ट रिवाइव' के तहत बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) का अनावरण किया। इस उन्नत बीईएसएस में पुनः उपयोग की गई एमजी जेडएस ईवी बैटरियों का समावेश किया गया है, जो सर्कुलर ईवी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए नवाचार अपनाने की कार निर्माता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पारंपरिक समाधानों की तुलना में इस उत्पाद की आयु चार गुना अधिक है और यह परिचालन लागत को 60% तक कम कर सकता है। यह जेएसडब्ल्यु एमजी मोटर इंडिया का 'प्रोजेक्ट रिवाइव' के तहत दूसरा जीवन बैटरी अनुप्रयोगों के लिए चौथा पायलट प्रोजेक्ट है। कंपनी समान उद्देश्यों वाली संस्थाओं के साथ सार्थक साझेदारियां कर रही है ताकि ईवी बैटरियों की प्राथमिक आयु के बाद की संभावनाओं का उपयोग किया जा सके। पिछली पहलों में किए गए महत्वपूर्ण नवाचारों के साथ, यह परियोजना जेएसडब्ल्यु एमजी मोटर इंडिया द्वारा अब तक की सबसे उन्नत तैनाती को दर्शाती है। यह परियोजना स्थिरता पर केंद्रित है और भारत के लिए स्वच्छ ऊर्जा भविष्य को आकार देने में बीईएसएस तकनीक की क्षमता को उजागर करती है। बीईएसएस ग्रिड स्थिरता का समर्थन करता है, जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करता है और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को अधिकतम करता है। एप्सिलॉन ग्रुप की इकाई एलआईसीओ मटेरियल्स, जो लिथियम-आयन बैटरियों के जीवन समाप्ति पर पुनर्चक्रण और पुनर्निर्माण में अग्रणी है, ने इस परियोजना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## 5 दिवसीय कार्यशाला का उत्खनन स्थल रीवा जिला रायपुर में समापन सत्र संपन्न हुआ



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

संस्कृति विभाग, संचालनालय पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर द्वारा आयोजित 05 दिवसीय कार्यशाला का उत्खनन स्थल रीवा जिला रायपुर में समापन सत्र संपन्न हुआ। सभी प्रतिभागियों ने रीवा में पुरातत्त्व विभाग द्वारा प्राचीन टीलों में चल रहे उत्खनन कार्य का अवलोकन किया और उत्खनन विधियों, भग्नावशेषों और पुरावस्तुओं की जानकारी प्राप्त की। उत्खनन निदेशक डॉ पी सी पारख और सह निदेशक डॉ वृषोत्तम साहू ने सभी को उत्खनन के विषय में जानकारी दी। समापन सत्र के अतिथि डॉ. सुशांत कर अधीक्षण पुराविद् भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण रायपुर मंडल ने प्रतिभागियों से कार्यशाला का फीडबैक लिया और उनसे प्राचीन स्मारकों और स्थलों को स्वच्छ रखने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। उन्होंने पुरातत्त्व के क्षेत्र में कैरियर की संभावनों के बारे में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन भी किया। सत्र के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

# जयका ऑटोमोबाइल्स के कमर्शियल व्हीकल स्टॉल ने राडा ऑटो एक्सपो में मचाई धूम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



टाटा मोटर्स व्यवसायिक वाहनों के छत्तीसगढ़ तथा मध्य भारत के सबसे पुराने तथा वृहत डीलरशिप जयका ऑटोमोबाइल्स एण्ड फायनेंस प्रा.लि. द्वारा वर्ष 2024 में अपनी स्थापना के गौरवशाली 70 वर्ष पूर्ण कर लिए गए हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इस संस्थान ने स्थानीय साइंस कॉलेज ग्राऊण्ड में आयोजित राडा ऑटो एक्सपो 2025 में धूम मचा दी है। 15 जनवरी से 15 फरवरी तक आयोजित इस एक्सपो के कमर्शियल व्हीकल स्टॉल क्र. 01 को जयका ऑटोमोबाइल्स ने एक अलग सोच तथा नई थीम के साथ एक नया रंग दिया है। संस्थान ने अपने स्टॉल को एक ''ढाबा'' की थीम पर रूपांतरित किया है, यहां ढाबा में रखी जाने वाली रस्सी की बुनाई वाली खाट, लकड़ी की बेंच, टेबल के साथ पेड़-पौधों की हरियाली भी उपलब्ध है। स्टॉल को सोलर लालटेन, झालर लाईट्स, रंगारंग तोरण तथा झंडे से आकर्षक तरीके से सजाया गया है, यहां स्टॉल में पधारने वाले ग्राहकगण यहाँ स्वादिष्ट कुल्हड़ चाय का आनंद लेते हुए खाट पर आराम से बैठकर अपने मनपसंद टाटा वाहनों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## ग्राहकों का भरोसा हमारी सबसे अनमोल पूंजी : सुबोध सिंघानिया

# हर्षित अरबन सिटी और हर्षित गोल्ड सिटी 70 प्रतिशत से ज्यादा प्लॉट बुक और सोल्ड

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में रियल एस्टेट के क्षेत्र में अग्रणी ब्रांड सिंघानिया बिल्डकॉन के हर्षित अरबन सिटी और हर्षित गोल्ड सिटी के प्लॉट मेला को ग्राहकों का अच्छा रिस्पांस मिला। राजधानी क्षेत्र के प्राइम लोकेशन पर पूर्ण विकसित सिंघानिया बिल्डकॉन के हर्षित अरबन सिटी और हर्षित गोल्ड सिटी रायपुर में रियाल्टी सेक्टर में निवेश करने वाले ग्राहकों के लिए पसंदीदा डेस्टीनेशन साबित हुआ है। प्लॉट मेला 70% से जायद प्लॉट बुक एवं सोल्ड हो गए हैं। सिंघानिया बिल्डकॉन ने हर्षित अरबन सिटी और हर्षित गोल्ड सिटी के प्लॉट मेला में बुकिंग कराने वाले अपने ग्राहकों को उनके प्यार, भरोसे एवं विश्वास के लिए धन्यवाद जताया है। सिंघानिया बिल्डकॉन के सीएमडी सुबोध सिंघानिया और एमडी हर्षित सिंघानिया ने ..''धन्यवाद छत्तीसगढ़'' टैग लाइन के साथ ग्राहकों का आभार जताते हुए कहा कि सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप ने रियल एस्टेट में अपने कई शानदार प्रोजेक्ट सफलता के साथ पूरे किए हैं जहां हजारों परिवार निवास कर रहे हैं। कंपनी की ओर से कहा गया है कि ..सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप की पहचान ''जो दिखाते हैं वही बनाते''... के आदर्श वाक्य के साथ अपने ग्राहकों का विश्वास हासिल किया है। सिंघानिया बिल्डकॉन ने अपने ग्राहकों को भरोसा दिलाया है कि सिंघानिया ग्रुप द्वारा राजधानी रायपुर में विश्वस्तरीय सुविधा के कई नए प्रोजेक्ट लॉन्च करने को तैयार है।

### शानदार मौका... फायदे का सौदा

रायपुर शहर के बीच रिंग रोड नं.-1, डी-मार्ट के सामने, रायपुरा में पूर्ण विकसित हर्षित अरबन सिटी में 1000-3000 वर्गफुट साइज के प्रीमियम रेशिडेंशियल प्लॉट्स किफायती कीमत पर रेडी हैं। सिंघानिया बिल्डकॉन का हर्षित गोल्ड सिटी विधानसभा रोड, नरदहा के पास स्थित है। जहां शुरुआती 10.50 लाख रुपए कीमत से 600-1700 वर्गफुट साईज के पूर्व विकसित प्लॉट उपलब्ध हैं।

### जो दिखाते हैं वही बनाते हैं

सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप के पास 32 वर्षों से अधिक का अनुभव है, और उन्होंने रायपुर और अन्य क्षेत्रों में 25 से अधिक लैंडमार्क प्रोजेक्ट्स पूरे किए हैं, जिससे उन्होंने 20,000+ खुशहाल परिवारों को घर उपलब्ध कराए हैं। उनकी गुणवत्ता, नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता हर प्रोजेक्ट में झलकती है, जिससे वे रियल एस्टेट क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम बने हुए हैं।

# फूलों की रंगोली एवं कलश यात्रा के साथ मोर मतदान मोर अधिकार जनजागरूकता अभियान चलाया



पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत स्तर पर त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत मोर मतदान - मोर अधिकार हेतु कार्यक्रम के तहत जिले के जनपद एवं ग्रामीण निकायों में लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि दुर्ग जिले के सभी ग्राम पंचायतों में मोर मतदान-मोर अधिकार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वही इस कड़ी में स्वच्छता ग्राही की दीदी, स्व-सहायता समूह की दीदी द्वारा अभियान निष्पक्ष व निस्वार्थ हो कर मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना इसका उद्देश्य है। वहीं महिलाओं ने मेहंदी, फुलों की रंगोली, कलश यात्रा, ग्राम स्तर पर रैली निकाली मतदान के लिए प्रेरित करतीं महिलाएं और मोर मतदान - मोर अधिकार के नारे लगाए ग्राम पंचायत में भ्रमण किया गया। वहीं इस कड़ी में जनपद पंचायत धमधा के ग्राम पंचायत गोरपा के आश्रित गांव भिलोरी में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर, फूलों की रंगोली बनाकर एवं कलश यात्रा तैयार कर ग्रामीणों को शत्-प्रतिशत् मतदान हेतु जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में सावित्री यादव, अंजली सिन्हा, दुर्गा सेन एवं ग्राम संगठन की दीदी, पश शाखी, कृषि शाखी, आस-पास के सक्रिय महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थिति रही शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली और मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

# सीएसईबी चौक से स्टेडियम तक की सड़क से हटाया गया अतिक्रमण

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतिम दिन यातायात पुलिस कोरबा सहित चली संयुक्त कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ≺ कोरबा
www.dailypioneer.com





36वां सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा अलग-अलग दिन अलग-अलग थीम पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अभियान चलाया गया जिसका अच्छा परिणाम भी दिख रहा है। शुक्रवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतिम दिन सीएसईबी चौक कोरबा से लेकर स्टेडियम तक की सड़क में भारी वाहनों के अलावा अन्य अतिक्रमण पर संयुक्त कार्रवाई की गई इस दौरान सड़क के दोनों और खड़े बाहरी वाहनों के अलावा लोगों के द्वारा कब्जा किए गए दुकानों को भी हटाया गया। इसके अलावा उन वाहन मालिकों को नोटिस दिया गया जिनके वाहन वाहन सड़क पर खड़े हैं लेकिन वे मौके पर मौजूद नहीं थे। उन्हें तीन दिनों का नगर निगम कोरबा ने नोटिस थमाया है। यदि इस दौरान अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो जपती की कार्रवाई की जाएगी। गौरतला भाई की यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा जिला परिवहन विभाग नगर पालिका निगम और कोरबा पुलिस सहित विभिन्न सामाजिक संगठन और एनजीओ के साथ बीते एक माह से जिले के अलग-अलग क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस अभियान चलाया गया इस दौरान जहां आम जनों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया वहीं ऐसे वाहन चालकों पर ठोस कार्रवाई भी की गई जिनके द्वारा या तो लापरवाही पूर्वक वाहन चलाया जाता है और जो यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हैं और दुर्घटना का कारण बनते हैं। इस पूरे अभियान में जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी आईपीएस जितेंद्र मीणा और यातायात पुलिस कोरबा के डीएसपी डी के सिंह के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर और उनकी टीम का सराहनीय कार्य रहा। शुक्रवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का अंतिम दिन था लिहाजा इस दिन यातायात पुलिस कोरबा ने नगर निगम और सीएसईबी चौकी कोरबा प्रभारी के साथ मिलकर सीएसईबी चौक से इंदिरा स्टेडियम तक की सड़क में सड़क के दोनों और अतिक्रमण किए गए। भारी वाहनों के अलावा दुकानों पर भी कार्यवाही करते हुए सड़क को सुरक्षित कराया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर कई स्थानों पर कई ऐसे भारी वाहन भी खड़े थे जिनके मालिक अथवा चालक मौके पर मौजूद नहीं थे उन लोगों पर नगर निगम ने नोटिस के माध्यम से तीन दिनों की मोहलत दी है, यदि इस दौरान भी वहां से अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो फिर जपती की कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार के इस पूरे अभियान में आईपीएस जितेंद्र मीणा डीएसपी डीके सिंह यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर सीएसईबी चौकी के अविनाश जयसवाल जितेंद्र यादव सहित अन्य स्टाफ नगर निगम आयुक्त प्रिंस शुक्ला एवं यातायात पुलिस कोरबा के अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# मल्टीपोस्ट ईवीएम मशीन से एक साथ अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए होगा मतदान

पायनियर संवाददाता ≺ कवर्धा
www.dailypioneer.com



राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन के लिए ईवीएम के माध्यम से किया जाएगा। मतदान के लिए ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) का उपयोग किया जाएगा, जिसमें मल्टीपोस्ट ईवीएम मशीन से मतदान किया जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत मतदाता एक ही समय में दो अलग-अलग पदों अध्यक्ष और पार्षद के लिए मतदान कर सकेंगे। प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग बटन दबाने की आवश्यकता होगी। ईवीएम में एक ही साथ अध्यक्ष पद के सभी प्रत्याशियों और पार्षद पद के सभी प्रत्याशियों की सूची अंकित होगी। ईवीएम मशीन की स्क्रीन पर उपर की तरफ अध्यक्ष पद की सूची दिखाई देगी, जबकि नीचे की तरफ पार्षद पद की सूची दिखेगी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले के सभी नगरीय निकायों के वार्डो में तथा प्रमुख चौक चौराहों में मल्टीपोस्ट ईवीएम मशीन का प्रदर्शन के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। बोड़ला नगर पंचायत के विभिन्न वार्डो में मल्टीपोस्ट ईवीएम मशीन का प्रदर्शन किया गया। इसी तरह जिले के सभी सात नगरीय निकायों के वार्डो में प्रदर्शन किया जाएगा ताकि मतदाता मतदान दिवस के दिन के लिए जागरूक हो सके और अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने बताया किमल्टीपोस्ट ईवीएम मशीन में मतदाता पहले अध्यक्ष पद के लिए अपने पसंदीदा प्रत्याशी का चयन करेंगे, और उसके बाद पार्षद पद के लिए मतदान करेंगे। दोनों पदों के लिए मतदान अलग-अलग बटन दबाने से होगा। मतदान की प्रक्रिया पूरी करने के बाद, मतदाता को पहले अध्यक्ष पद के लिए बटन दबाना होगा और फिर पार्षद पद के लिए। जब दूसरा बटन दबाया जाएगा, तो ईवीएम मशीन में एक लंबी बीफ की आवाज आएगी, जो यह संकेत करेगी कि वोटिंग प्रक्रिया पूरी हो गई है। इस आवाज का मतलब होगा कि दोनों पदों के लिए मतदाता का वोट सफल दर्ज हो चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला कार्यालय में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र बनाया गया है। इस प्रदर्शन केंद्र में जिले के नागरिकों को ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के बारे में जानकारी प्रदान किया जा रहा है और नागरिकों को हाथों-हाथ इसका उपयोग करने का मौका मिल रहा है। प्रदर्शन केंद्र में नागरिक न केवल ईवीएम के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि वे इस पर खुद मतदान की प्रक्रिया का अनुभव भी कर रहे हैं। यह केंद्र जिले के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह उन्हें चुनावी प्रक्रिया से परिचित कराएगा और आगामी नगरीय निकाय चुनाव में भागीदारी को बढ़ावा देगा। साथ ही यह कदम चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता को भी मजबूत करेगा।

# दण्डी स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज के प्रथम राजधानी आगमन पर हुआ भव्य शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com



दण्डी स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज के प्रयागराज महाकुम्भ में दण्ड सन्यास दीक्षा उपरांत छत्तीसगढ़ आगमन पर श्रद्धालुओं ने भव्य शोभायात्रा निकाल स्वागत किया। यह जानकारी देते हुए शंकराचार्य आश्रम के आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने बताया की पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदा पीठाधीश्वर श्रीमज्जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती महाराज से 25 जनवरी को प्रयागराज में दण्ड सन्यास दीक्षा लेने के उपरांत दण्डी स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज सड़क मार्ग से राजधानी पहुँचे। प्रथम आगमन पर उनके भक्त ों ने राजधानी में शंकराचार्य चौक कमल विहार से भव्य शोभायात्रा निकाल स्वागत अभिनंदन किया। आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने कहा कि 1008 यतिप्रवर दण्डीस्वामी डॉ. इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज के दण्ड सन्यास उपरान्त प्रथम नगर आगमन पर श्रद्धालुओं ने पचपेढ़ी चौक में अभिनंदन उपरांत शोभायात्रा अपरान्ह कमल विहार, शंकराचार्य चौक में आतिशबाजी व संगीत की धुन पर प्रारंभ हुई। आचार्य ने कहा राजधानी सहित छत्तीसगढ़ के सनातन धर्मियों ने डॉ.इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज का पुष्प वर्षा एवं आरती उतार कर स्वागत किया। अंत मे शोभायात्रा त्रिपुर सुंदरी आश्रम में समाप्त हुई। जहां सभी श्रद्धालुओं को महाराज जी ने प्रसाद वितरित कर आशीर्वाद प्रदान किया।

### मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आस्ता में बिहान की दीदियों ने निकाली जागरूकता रैली

**जशपुरनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के निर्देशानुसार और जाबो कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। और मतदाताओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली, मानव श्रृंखला, रंगोली और मेहंदी लगाकर मतदान हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही दीवार लेखन व डोर टू डोर जाकर मतदान करने का संदेश दिया गया। इसी कड़ी में आज मनोरा विकासखण्ड के आस्ता में गगन महिला क्लस्टर के बिहान की दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाल गया और लोगों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई।

# 'रूप नहीं गुण को देखो' अभियान का कलेक्टर ने किया शुभारम्भ

पायनियर संवाददाता ≺ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्ट्रेट के मंत्रणा सभाकक्ष में कलेक्टर रोहित व्यास, छत्तीसगढ़ यूनिसेफ एसबीसी स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह के द्वारा जिले में जिला प्रशासन, समग्र शिक्षा, यूनिसेफ एवं अलायंस फॉर बिहेवियर चेंज के द्वारा संचालित 'रूप नहीं गुण को देखो', 'पढ़ाई का कोना' और 'आज क्या सीखा' अभियानों का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम जशपुर जिले की अभिनव पहल है, जिसके माध्यम से अभिभावकों में शिक्षा के प्रति व्यवहार की समझ बढ़ाने में सहायता मिलेगी ताकि शिक्षा में व्यापक और सतत परिवर्तन की नींव पड़ सके। सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन के सिद्धांत से सुसज्जित इन कार्यक्रमों में समाज के सभी प्रभावशाली वर्गों को समाहित किया जायेगा। जिसमें समाज प्रमुख, सीएसओ, महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं, एनएसएस, एनवाईकेएस, माई भारत युवा स्वयंसेवक आदि स्थानीय स्कूलों के साथ मिलकर अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित कराएंगे। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि किशोरों की उम्र संवेदनशील होती है, उनमें शारीरिक बनावट को लेकर आने वाली हीन भावना उनके आत्मविश्वास को कम करती है। बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब उनका पूर्ण मानसिक विकास हो। प्रथम चरण में जिले के 200 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का संचालन किया जायेगा। परिणाम के आधार पर जिले के अन्य ग्राम पंचायतों में भी इसका विस्तार किया जायेगा। जशपुर एसएसपी शशिमोहन सिंह ने कहा कि रूप की अपेक्षा गुण का विकास किशोरों के समग्र विकास में क्रांति ला सकता है। बेहतर शिक्षा परिणाम के लिए अभिभावक की सहभागिता के संवेदनशील विषय पर विचार रखते हुए छत्तीसगढ़ यूनिसेफ एसबीसी स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह ने कहा कि हर बच्चा अद्वितीय होता है, उसकी पहचान इसी से होनी चाहिए। उन्होंने रूप नहीं गुण पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि लिंग भेद, मोटा-पतला, काला-गोरा आदि से प्रभावित हुए बिना गुण का विकास करना प्राथमिकता होना चाहिए। समग्र शिक्षा परियोजना के डीएमसी गणेश सिन्हा ने कहा कि विद्यालयों के शिक्षक समुदाय से मिलकर एक बेहतर माहौल तैयार करेंगे। इस प्रशिक्षण में अपने बच्चों की पढ़ाई को रुचिकर बनाने और सहभागी होने के लिए अभिभावकों द्वारा उनसे क्या सीखा प्रश्न करने के महत्व पर भी प्रशिक्षित किया। वहीं किशोर बालक-बालिकाओं में अपने शारीरिक बनावट के प्रति उदासीनता और उससे गिरते आत्मसम्मान और आत्मविश्वास के निराकरण के लिए राज्य कॉर्डिनेटर सर्वत नकवी ने प्रशिक्षित किया।

# पॉवर कंपनी में ईडी आरसी अग्रवाल सहित 6 विद्युत कर्मियों की सेवानिवृत्ति

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में आयोजित समारोह में कार्यपालक निदेशक (पारेषण) राजेश चंद्र अग्रवाल सहित 6 अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई दी गई। प्रबंध निदेशकों ने अग्रवाल के योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की। मुख्य समारोह का आयोजन डंगनिया स्थित सेवाभवन में हुआ जिसमें पॉवर ट्रांस्को के एमडी राजेश शुक्ला एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी (डिस्कॉम) के एमडी भीमसिंह कंवर सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। सभी ने अग्रवाल की कर्मठता और चार दशक की सेवा की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशकों ने कहा कि अग्रवाल ट्रांसमिशन कंपनी में टेक्निकल एक्सपर्ट के रूप में जाने जाते है। उनेक मार्गदर्शन में रायपुर और बिलासपुर क्षेत्र के कई सबस्टेशन के निर्माण कार्य संपन्न हुए। वे टेस्टिंग और एमआरटी जैसे प्रमुख विभाग में अपना योगदान दर्ज करा चुके हैं। सेवानिवृत्ति एक नई पारी है। वे अपनी नई पारी में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। समारोह में सेवानिवृत्त ईडी अग्रवाल ने अपने कार्य अनुभव बताते हुए अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार लोड डिस्पैच सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में सहायक अभियंता (सिविल) कृष्ण कुमार शुक्ला, अनुभाग अधिकारी चमन लाल साहू, लाइन सहायक श्रेणी-1 तुला राम कश्यप एवं सनद कुमार वर्मा तथा वाहन चालक एम. शंकर राव के योगदान का उल्लेख किया गया तथा सेवानिवृत्ति उपरांत प्रशस्ति पत्र के साथ उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में के.एस.मनोठिया, वी.के.साय, एम.एस.चौहान, संजय पटेल, आर.ए.पाठक, वी.के.दीक्षित, ज्योति नन्नौरे, जी.आनंद राव, कल्पना घाटे, शारदा सोनवानी, एस.के.गजपाल, मनोज राय, पी.पी.सिंह, एम.जामुलकर, संदीप मोदी, नंदिनी भट्टाचार्य, सुभाष शर्मा, वाई.बी.जैन, एफ.ए.खान एवं के.बी.पात्रे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र एवं प्रकाशन अधिकारी गोविंद सिंह पटेल द्वारा किया गया।

# नगरीय निकायों में निर्वाचन के लिए जिला पंचायत कार्यालय में मीडिया कर्मियों का कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ≺ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



नगरीय निकायों के चुनाव हेतु जिला पंचायत सभागार में मीडिया कर्मियों के लिए कार्यशाला आयोजित कर ई.व्ही.एम की कार्यप्रणाली, निर्वाचन व्यय लेखा और पैड न्यूज के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिला नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता और जिला मास्टर ट्रेनर डी.आर.राठिया ने इस संबंध में जानकारी देने के साथ ही मीडिया कर्मियों से लोगों में जागरूकता फैलाने की अपील भी की। कार्यशाला में ई.व्ही.एम के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया की नगरीय निकायों में चुनाव के लिए ई.व्ही.एम के ऊपर के हिस्से में सफेद लेबल पर नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रत्याशियों का नाम अंकित होगा। इसी तरह पार्षद पद के लिए इसके निचले हिस्से पर गुलाबी लेबल पर पार्षद पद के प्रत्याशियों का नाम अंकित होगा। मतदाता को ई.व्ही.एम. पर दो बार बटन दबाकर मतदान करना होगा। एक बार अध्यक्ष पद के लिए और दूसरी बार पार्षद पद के लिए। मतदाता अगर सिर्फअध्यक्ष पद के लिए मतदान करना चाहता है तो उसे ई.व्ही.एम. के सफेद लेबल पर किसी एक बटन को दबाना होगा और उसके बाद ई.व्ही.एम. मशीन के अंतिम में एक ईएनडी बटन लगा हुआ होगा उसे दबाना होगा इससे मत देने की प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी। इसी तहत अगर मतदाता अगर सिर्फ पार्षद पद के मतदान करना चाहता है तो उसे गुलाबी लेबल पर अपने पसंद के अभ्यर्थी के सामने बटन को दबाना होगा उसके बाद अंतिम में एक ईएनडी बटन लगा हुआ होगा उसे दबाना होगा इससे मत देने की प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी। मास्टर ट्रेनर के द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि नगर पालिका के अध्यक्ष पद हेतु अधिकतम व्यय सीमा 8 लाख रुपए और नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए अधिकतम व्यय सीमा 6 लाख रुपए निर्धारित की गई है।

## इंदिरा यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में राजपाल यादव ने साझा की अपनी कहानी और युवाओं को किया प्रेरित

# इंदिरा यूथ यात्रा और लीडरशिप अवॉर्ड्स : युवाओं के सशक्तिकरण और नेतृत्व का जश्न

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com




इंदिरा यूनिवर्सिटी के राजधानी रायपुर में आयोजित इंदिरा यूथ यात्रा और लीडरशिप अवॉर्ड्स में युवाओं के सशक्तिकरण और नेतृत्व के क्षेत्र में एक नई दिशा दिखाई। इस प्रेरणादायक शाम के मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और कॉमेडी किंग राजपाल यादव ने शिरकत की और अपने जीवन के संघर्षों और सफलता के अनुभवों को साझा किया। राजपाल यादव ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने बताया कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों और संघर्षों को गले लगाना ही असल सफलता की ओर बढ़ने का रास्ता है। जो व्यक्ति बिना संघर्ष के सफलता की राह पर चलता है, वह केवल चमत्कारी परिणाम की उम्मीद करता है, लेकिन असल में सफलता वह है जो परिश्रम और कठिनाइयों से गुजरने के बाद प्राप्त होती है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कार भी देती है। शिक्षा के जरिए हम सिर्फ पढ़ाई नहीं करते, बल्कि अपने भीतर अनुशासन और ईमानदारी जैसी महत्वपूर्ण बातें भी सीखते हैं, जो हमें जीवन में सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए सक्षम बनाती हैं। राजपाल यादव ने अपनी सफलता के सफर का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कई संघर्षों का सामना किया, लेकिन कभी हार नहीं मानी। उन्होंने बताया कि मेरे पास शुरुआत में कोई बड़ा नाम नहीं था, लेकिन मैंने कभी यह नहीं सोचा कि मैं हार मानूंगा। मैंने छोटी-छोटी भूमिकाओं से शुरुआत की और जब मेहनत एवं लगन से काम किया और आज इस मुकाम पर हूं। राजपाल यादव ने युवाओं से यह भी कहा कि वे सिर्फ अपने करियर के बारे में नहीं सोचें, बल्कि समाज और देश के लिए कुछ बड़ा करने का सपना देखें। उन्होंने समाज में योगदान और नेतृत्व के महत्व पर जोर दिया और कहा कि हमारे पास जो कुछ भी है, उसे साझा करना ही असली सफलता है। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में डॉ. पंडित माली, सीईओ, इंदिरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, पुणे और रजी थॉमस, चीफ कॉर्पोरेट रिलेशन्स एंड आउटरीच ऑफिसर, इंदिरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, पुणे ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता दिखाने वाले व्यक्तियों को लीडरशिप अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। इंदिरा यूथ यात्रा और लीडरशिप अवॉर्ड्स में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें छात्र, प्रोफेशनल्स और शिक्षक शामिल थे। सम्मानित होने वाले में इंदिरा के पुणे इंस्टिट्यूट के एमबीए के सैकंड बैच का स्टूडेंट और वर्तमान में कांकेर कलेक्टर निलेश क्षीरसागर प्रमुख थे। इस आयोजन ने इंदिरा यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता को फिर से उजागर किया कि वह भविष्य के नेताओं को तैयार करने के लिए विश्वस्तरीय शिक्षा और पहल प्रदान करने में समर्पित है।

# बाबा भगवान राम ट्रस्ट स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ≺ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




बाबा भगवान राम ट्रस्ट जशपुर का 65 वॉ स्थापना दिवस 30 जनवरी को ट्रस्ट के मुख्यालय ब्रहनिष्ठालय सोगड़ा आश्रम में सोल्लास मनाया गया। इस पुनीत अवसर ट्रस्ट के उद्देश्यों के अनुरूप एक निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया एवं जरूरतमंद वृद्ध जनों के बीच कबल, साड़ी एवं बालिकाओं के बीच वस्त्र वितरण भी किया गया। निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खरसोता, विकासखण्ड-मनोरा जिला जशपुर के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस शिविर में कुल 701 मरीजों की चिकित्सा की गयी जिसमें नेत्र संबंधी 471 मरीजों को नेत्र परीक्षण कर 442 मरीजों को ट्रस्ट द्वारा पावर वाले चश्में वितरित किये गये वहीं अन्य रोगो के 230 मरीजों का जांच उपरांत उन्हें दवाएं प्रदान की गयी। शिविर में 25 मोतियाबिन्द के भी मरीज पाये गये वहीं लगभग 28 मरीजों का रक्त परीक्षण भी किया गया। शिविर काशुभारम प्रातः 10.30 बजे ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम एवं ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष पूज्यपाद गुरूपद संभव राम के चित्र पर विधिवत पूजन आरती पश्चात नारियल फोड़कर किया गया। मरीजों का नेत्र परिक्षण टीपी कुशवाहा एवं सविता नन्दे के द्वारा किया गया वहीं अन्य रोगो के लिए जशपुर के वरिष्ठ सर्जन डॉ. आर.के.सिंह ने अपनी सेवाए प्रदान की। शिविर में जरूरतमंद लोगों एवं बालिकाओं के बीच कंबल,साड़ी एवं वस्त्र वितरण भी किया गया। शिविर को सफल बनाने में प्रवीण कुमार सिन्हा, कमल दूबे, तरुण कुमार पटेल एवं सर्वेश्वरी समूह शाखा गुमला के कृष्ण कुमार गुप्ता मुन्ना गौरी षाडंगी, उदय गुप्ता, मोहन गोप, के साथ गम्हरिया आश्रम के प्रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सत्येन्द्र सिंह वेद प्रकाश तिवारी शंकर यादव एवं सोगड़ा आश्रम के अनुरांग सिंह, शम्भू अग्रवाल व संधर्ष साय का विशेष योगदान रहा। सायकाल में ट्रस्ट 'के मुख्य कार्यालय 'का दीपो से श्रंगार कर पूजा-अर्चना,आरती कर राष्ट्र एवं जनकल्याण के लिए कामना की गयी।

# जनता भाजपा के पक्ष में तैयार खड़ी है और अब हमें उन तक पहुंचना है : साय

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मेलन में भाजपा कार्यकर्ताओं में भरा जोश और कहा : अब रायपुर में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाना है ताकि विकास के कार्य भी तेज गति से हों**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर शहर के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी नगर निगम चुनाव में महापौर पद और सभी 70 पार्षद प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा है कि जनता भाजपा के पक्ष तैयार खड़ी है और अब हमें उन तक पहुँचना है। साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बने 13 महीने हुए हैं और 13 महीने में ही भाजपा सरकार ने जो काम किए हैं, वह आप सभी को मालूम है। साय शुक्रवार को राजधानी के स्व. बलबीरसिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम में भाजपा के सभी 70 पार्षद प्रत्याशी व महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे की उपस्थिति में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन मैं आए हजारों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 2023 से पहले कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ की जो दुर्दशा हुई, वह सभी को मालूम है। कोई ऐसा क्षेत्र नहीं बचा, जहाँ कांग्रेस की सरकार ने भ्रष्टाचार नहीं किया, घोटाला नहीं किया। उन घोटालेबाजों का आज क्या हाल हुआ है, यह प्रदेश देख रहा है। हमारे छत्तीसगढ़ के भविष्य, हमारे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली कांग्रेस की सरकार में पीएससी तक में भी भ्रष्टाचार हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश को आश्वस्त किया था कि भाजपा की सरकार बनेगी तो पीएससी घोटाले की जाँच सीबीआई से कराई जाएगी और आज पीएससी घोटाले की जाँच सीबीआई कर रही है और उसके जो दोषी हैं, वह सभी जेल के अंदर हैं और जो अन्य दोषी हैं, उन्हें जेल जाना होगा। साय ने कहा कि आज कांग्रेस सरकार की सरपरस्ती में हुए तमाम घोटालों के सभी घोटालाबाज जेल के अंदर हैं। उनकी जमानत याचिकाएँ भी बार-बार खारिज हो रही है। कांग्रेस के राज में पूरा छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया था। प्रदेश की जनता का विश्वास प्रदेश की कांग्रेस सरकार से उठ गया था। इन 13 महीनों में जब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी तो हमने प्रदेश के 3 करोड़ छत्तीसगढ़िया के विश्वास को जीतने का काम किया है। आज 3 करोड़ छत्तीसगढ़ियों का विश्वास भाजपा की सरकार के प्रति है। मोदी की गारंटी में जो वादे हमने किए थे, उन वादों को पूरा किया है। चाहे प्रधानमंत्री आवास हो, चाहे किसानों से 3100 प्रति क्विंटल की दर पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी, 2 वर्षों के बकाया बोनस का भुगतान हो, 70 लाख से अधिक माताओं एवं बहनों को महतारी वंदन योजना के तहत ?1000 प्रतिमाह दिया जा रहा है। यह सभी कार्य हो रहा है। आज आदिवासी क्षेत्र में तेंदूपत्ता खरीदी 4000 से बढ़कर 5500 रु. प्रति मानक बोरा कर दिया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज एक भी घर ऐसा नहीं होगा, जो भारत सरकार की योजना या प्रदेश सरकार की योजना से कोई-न-कोई लाभ न ले रहा हो। जनता को हमें यह याद दिलाना है। हमारे नगरीय प्रशासन विभाग मंत्री ने पूरे प्रदेश के सभी जिलों में दौरा किया है। हर जिले में 200 करोड रुपए से लेकर 500 करोड रुपए का भूमिपूजन और लोकार्पण का कार्यक्रम हुआ है।



### भाजपा ने ठाना है, पार्षद से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम फहराना है : किरण देव

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि रायपुर नगर निगम चुनाव का शंखनाद हो चुका है। आज सभी नगर निगम निकायों के भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मेलन होने जा रहा है। जिस तरीके से सभी कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा कर लगातार विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव और रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में जीत दिलाई, भाजपा के सभी संगठनात्मक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाई और जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से सिर्फ 5 वर्ष में ही छत्तीसगढ़ को कांग्रेस के कुशासन से मुक्त किया है। देव ने कहा कि भाजपा ने ठाना है, पार्षद से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम फहराना है।

### अटलजी के सपने को साकार करने और रायपुर को सँवारने के लिए 71 कमल चाहिए : अरूण साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रायपुर के कार्यकर्ताओं ने अपने दम से, अपनी मेहनत से सांसद बनाया है, इस बार चारों विधानसभा से विधायक बनाए है, लेकिन 15 साल हो गए हैं, रायपुर में भाजपा का महापौर नहीं बना है। साव ने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता को कार्यकर्ता सम्मेलन से संकल्प लेकर जाना है कि जब तक रायपुर में भाजपा का महापौर नहीं बनाएंगे, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। आप सब इस बार 15 तारीख को रायपुर में कमल खिलाएंगे, हम सभी रायपुर के कार्यकर्ता सम्मेलन में आज यह संकल्प लेते हैं। 15 फरवरी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को रायपुर में कमल जिताकर यह संकल्प लेने का यह अवसर है।

### कांग्रेस को नगर निगम से उखाड़ फेंकने का समय, अब शहर की प्रथम महिला भाजपा की होगी : मीनल चौबे

भाजपा की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने कहा कि रायपुर नगर निगम से कांग्रेस को जड़ से उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। 11 फरवरी को आप सभी निकाय चुनाव में कमल फूल छाप पर बटन दबाकर भाजपा को जिताएंगे। यह गौरव और हर्ष की बात है अब रायपुर शहर की प्रथम महिला भाजपा की होगी। यह चुनाव मीनल चौबे नहीं, भाजपा की हर महिला कार्यकर्ता लड़ेगी और जीतकर हर महिला महापौर होगी। चौबे ने कहा कि भाजपा कैडर बेस पार्टी है, कार्यकर्ताओं की पार्टी है। पार्टी ने मुझ जैसी एक सामान्य कार्यकर्ता को महापौर प्रत्याशी के लिए अवसर प्रदान किया। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी कौन है? उन्हें अपने पति के दम पर टिकट दिया गया है। कांग्रेस में एक भी योग्य महिला नहीं मिली जिसे प्रत्याशी बनाया जा सके।

### यह कार्यकर्ताओं का नहीं बीजेपी की एकता का सम्मेलन है : राजेश मूणत

भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगरीय निकाय रायपुर नगर निगम चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को स्व. बलबीरसिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता के साथ जनता भी पहुँची। कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए महापौर चुनाव सहसंयोजक व विधायक राजेश मूणत ने कहा यह कार्यकर्ताओं का नहीं बीजेपी की एकता का सम्मेलन है ।कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ी भीड़ ने यह बता दिया कि जनता भाजपा की सरकार और मोदी की गारंटी पर भरोसा करती है। भाजपा शासनकाल के 1 साल के भीतर ही मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरा होने से प्रदेश सहित रायपुर नगर निगम की जनता में भी उत्साह का माहौल है और भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में पूरी लहर है।

# श्री बालाजी डेंटल हॉस्पिटल में डेंटल लेजर पर कार्यशाला





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी ग्रुप ऑफ मेडिकल साइंसेस के तहत संचालित बालाजी डेंटल हॉस्पिटल में लेजर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। नई दिल्ली से डेंटल लेजर की विशेषज्ञ डॉ. शिखा त्रिपाठी ने अपना व्याख्यान दिया तथा सभी डॉक्टरों को लाइव सर्जिकल डेमो प्रदान किया। श्री बालाजी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक ने अपने वक्तव्य में बताया कि बालाजी हॉस्पिटल अपने पेशेंट्स को अत्याधुनिक पद्धतियों से इलाज की सुविधा प्रदान करता आया है तथा डेंटल सर्जरी में लेजर के उपयोग से सर्जरी दर्द रहित तथा बिना खून निकले कम समय में की जाएगी जो की परंपरागत चिकित्सा पद्धति से ज्यादा सफल है। डॉ. अनिल घोम ने बताया श्री बालाजी डेंटल हॉस्पिटल अपने मरीजों को उच्चस्तरीय इलाज प्रदान कर रहा है। डेंटल लेजर भी आधुनिक सर्जरी करने में काफी सफल साबित होता है। तथा मसूड़ों की सर्जरी, ओरल कैंसर, जबड़ों में दर्द डेंटल ब्लीचिंग इत्यादि में काफी कारगर साबित होता है। उपरोक्त कार्यशाला में 25 डॉक्टरों ने डॉ. शिखा त्रिपाठी से ट्रेनिंग प्राप्त की तथा लाइव सर्जरी में भाग लिया । कार्यशाला के उद्घाटन तथा समापन समारोह में समूह के चेयरमैन डॉ. देवेंद नायक, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नीता नायक श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मैनेजमेंट के सभी सदस्य डॉ. बिरेन्द्र पटेल डायरेक्टर श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, सीए नितिन पटेल डायरेक्टर श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, डॉ. दीपक जायसवाल मेडिकल सुप्रीटेंडेंट श्री बालाजी हॉस्पिटल, हिमांशु साहू सीईओ श्री बालाजी हॉस्पिटल तथा डेंटल डॉक्टरों की टीम मौजूद रही । मंच संचालन डॉ नूपुर देशपांडे ने किया तथा डॉ. ऋतुराज केसरी द्वारा मैनेजमेंट, व्याख्यात तथा सभी डॉक्टरों को आभार व्यक्त किया एवं व्याख्यान की तैयारियां डॉ. नेहा रानी जयसवाल तथा डॉ. स्मृती गुप्ता द्वारा की गई थी।

## टिकट वितरण को लेकर नाराजगी, कांग्रेस मुख्यालय में विरोध-प्रदर्शन

**रायपुर।** नगरीय निकाय चुनाव में टिकट वितरण को लेकर कांग्रेस में जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष तक विरोध दिख रहा है। वहीं अब राजधानी रायपुर में भी कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी के खिलाफ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने विरोध जताया है। वार्ड नंबर 9 मोतीलाल नेहरू कचना के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कांग्रेस पार्टी से टिकट की पुनर्विचार करने की मांग की है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पार्टी ने इस वार्ड से गावेश साहू को पार्षद प्रत्याशी घोषित किया है।



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में छत्तीसगढ़ की पूर्व राज्यपाल एवं वर्तमान में उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सौजन्य भेंट की।

## नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश की घोषणा, जारी हुई अधिसूचना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर राज्य सरकार ने मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। नगर पालिका चुनाव के लिए 11 फरवरी और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 17, 20 और 23 फरवरी को मतदान होगा। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि 11 फरवरी के साथ 17 और 20 फरवरी को निर्वाचन क्षेत्रों में सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश रहेगा। वहीं 23 फरवरी को रविवार होने वाले की वजह से अलग से सार्वजनिक / सामान्य अवकाश घोषित नहीं किया गया है।

## आयकर विभाग की दबिश में राइस मिलर्स के ठिकानों से 7-8 करोड़ कैश बरामद




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आयकर अन्वेषण की टीम ने राइस मिलर्स, कमीशन एजेंट्स-ब्रोकर्स के ठिकानों पर मिले कैश में से करीब 7 से 8 करोड़ रुपए कैश सीज कर लिया है. राजधानी सहित राजिम, धमतरी, राजनांदगांव, दुर्ग और तिल्दा के सभी ठिकानों पर आयकर जांच दूसरे दिन भी जारी रही.गोंदिया (महाराष्ट्र) और काकीनाड़ा (आंध्रप्रदेश) में भी आयकर अफसर जांच में जुटे रहे। आयकर अन्वेषण छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के दो राइस मिलर्स, राइस एक्सपोर्टर्स कारोबारी समूह के साथ ही अनाज व्यवसाय से जुड़े कमीशन एजेंट्स, राइस ब्रोकर्स के 25 ठिकानों पर की जा रही जांच दूसरे दिन भी जारी रही। सभी ठिकानों से मिले अहम दस्तावेज से कच्चे में कारोबार और कैश में व्यवसाय किए जाने के ढेरों दस्तावेज मिले हैं। राइस मिल परिसर, आवासीय ठिकानों और कार्यालयों में मिले कैश में से 7 से 8 करोड़ रुपए कैश सीज कर लिए गए हैं। राइस मिलर्स और राइस ब्रोकर्स से संबंधित राज्य के बाहर गोंदिया (महाराष्ट्र) और काकीनाड़ा में की जा रही जांच जारी रही। गोंदिया में कमीशन एजेंट-ब्रोकर्स के एंगल और काकीनाड़ा में राइस एक्सपोर्ट किए जाने संबंधी दस्तावेज की छानबीन की जा रही है. मिले दस्तावेज के आधार पर वहां मौजूद संचालक अथवा कंपनी के स्टाफ का बयान लिया जा रहा है।


## 2500 गरीब मजदूरों को थाने में बैठाना अत्याचार : कांग्रेस



**रायपुर।** भाजपा सरकार के इशारे पर 2500 गरीब मजदूरों को उनके कमरों से उठा कर थाने में लाकर बैठाया जाना गरीबों पर अत्याचार है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों को परेशान कर रही है। देश के एक राज्य से दूसरे राज्य में रोजी-रोटी कमाने जाना गुनाह नहीं है। हमारे छत्तीसगढ़ के भी हजारों लोग अन्य प्रांतों में रोजगार के लिये जाते है। भारत का संविधान अपने हर नागरिक को देश के किसी भी हिस्से में बसने और रोजगार करने आने जाने की छूट देता है। भाजपा सरकार अपनी राजनीति करने के लिए गरीबों को निशाना बना रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जिन 2500 लोगों को उठा करके थाने लाई थी उनमें से 95 प्रतिशत लोग हिन्दू है। उनके अपने गृह जिलों, गृह राज्यों के आधार कार्ड, मतदाता कार्ड है, सभी भारत के नागरिक है। उनका कसूर केवल इतना है कि वे गरीब है तथा रोजी-रोटी के लिए छत्तीसगढ़ आयें है, उनके साथ सरकार ने अपराधियों जैसे बर्ताव किया। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का नारा देने वाली भाजपा एक राष्ट्र, एक नागरिकता के संवैधानिक प्रावधान का भी सम्मान नहीं कर पा रही है। सरकार अपनी अमानवीय कृत्य के लिए इन गरीबों से सार्वजनिक माफी मांगे।

## भोरमदेव अभ्यारण्य बनेगा टाइगर रिजर्व बृजमोहन की मांग पर केंद्रीय वन मंत्री ने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के वन्यजीव संरक्षण को एक नई दिशा देते हुए भोरमदेव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। यह महत्वपूर्ण निर्णय रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल की पहल पर लिया गया है। उनकी मांग पर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार को निर्देश जारी किए हैं। सांसद बृजमोहन ने केंद्रीय वन मंत्री को लिखे पत्र में कहा था कि भोरमदेव अभ्यारण्य, जो कान्हा टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, वन्यजीव संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। एनटीसीए ने 28 जुलाई 2014 को इस क्षेत्र को टाइगर रिजर्व बनाने की अनुशंसा की थी। इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड ने भी इसकी मंजूरी दी थी। केंद्रीय वन मंत्री के माध्यम से एनटीसीए ने राज्य सरकार को निर्देश जारी कर दिए गए हैं, जिससे इस प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भोरमदेव टाइगर रिजर्व के रूप में यह क्षेत्र कान्हा-अचानकमार कारीडोर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनेगा, जिससे बाघों के सुरक्षित आवागमन को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, बारासिंगा सहित अन्य दुर्लभ वन्यजीवों के संरक्षण में भी यह क्षेत्र अहम भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर सांसद अग्रवाल ने कहा, भोरमदेव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व का दर्जा मिलने से वन्यजीव संरक्षण को मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही, इस क्षेत्र में पर्यटन और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे स्थानीय लोगों को आर्थिक लाभ मिलेगा और राज्य के राजस्व में भी वृद्धि होगी। यह निर्णय छत्तीसगढ़ के वन्यजीव संरक्षण, पारिस्थितिक संतुलन और सतत विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा।






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403